सुप्रभात
रांची, शनिवार
19.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 126

06 सामाजिक समरसता बढ़ायेगा सवर्ण आरक्षण



सुप्रभात
रांची, शनिवार
19.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 126



12 अनन्या पांडे के नये लुक ने फैंस को किया इंप्रेस

## न्यूज डायरी

### जमानत अर्जी पर चीफ जस्टिस का बड़ा फैसला

**नयी दिल्ली।** जमानत का मामला लोगों की पर्सनल लिबर्टी से जुड़ा हुआ है और ऐसे में जमानत की अर्जी पर सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर की जायेगी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि फुल कोर्ट की मीटिंग में यह फैसला किया गया है कि हर बेंच रोजाना 10 जमानत की अर्जी और 10 ट्रांसफर पिटिशन पर सुनवाई करेगा। इस तरह देखा जाए तो रोजाना सुप्रीम कोर्ट में 13 बेंच बैठती है और हर बेंच रोज 10-10 बेल और ट्रांसफर पिटिशन को सुनेगी। (पेज 12 भी देखें)

### परिवार कल्याण में भारत को उत्कृष्टता पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** भारत को अंतरराष्ट्रीय परिवार नियोजन सम्मेलन में परिवार नियोजन की राष्ट्र श्रेणी उत्कृष्टता पुरस्कार 2022 से नवाजा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि थाईलैंड के पटाया में आयोजित एक समारोह में भारत को आधुनिक परिवार नियोजन विधियों तक पहुंच में सुधार लाने के लिए परिवार नियोजन में नेतृत्व पुरस्कार -2022 प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सही जानकारी और विश्वसनीय सेवाओं के आधार पर गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन विकल्पों तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रयासों की पहचान है।

### विदेश मंत्रालय का चालक पाक को जासूसी में धराया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों की मदद से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ को भारत की खुफिया जानकारी मुहैया कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विदेश मंत्रालय में एक ड्राइवर है। आरोपित को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने हनीट्रैप में फंसा लिया था। वह भारत की गोपनीय और संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था। उसे गिरफ्तार कर उससे अन्य जानकारी जुटा रही है। साथ ही सुरक्षा एजेंसियां भी पता लगाने में जुटी हुई हैं कि उसने अब कौन कौन सी जानकारी पाकिस्तान को दी है।

### फारूक अब्दुल्ला का अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूख ने कहा कि उनका स्वास्थ्य उन्हें अब पार्टी का नेतृत्व करने की अनुमति नहीं देता है। अब नये पार्टी अध्यक्ष का चुनाव 5 दिसंबर को होगा। सूत्रों के मुताबिक उमर अब्दुल्ला को नए पार्टी प्रमुख के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने की उम्मीद है।

### आफताब का पांच दिन में करायें नार्को टेस्ट : कोर्ट

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड में साकेत कोर्ट ने रोहिणी फॉरेंसिक साइंस लैब को पांच दिनों के भीतर आरोपी आफताब का नार्को टेस्ट कराने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर बल प्रयोग यानी थर्ड डिग्री के इस्तेमाल से परहेज करने को भी कहा है। दरअसल, आफताब मामले की छानबीन में पुलिस को लगातार गुमराह कर रहा है। यही कारण है कि पुलिस उसके हर बयान की तस्दीक कर लेना चाहती है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 49,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 64,000 रु./प्रति किलो |

## सीएम ने इडी और भाजपा को चेताया, कहा- पुराने पापों का ठीकरा हम पर न फोड़ें

# एकतरफा कार्रवाई हुई तो जोरदार विरोध होगा

### सब मिल कर भाजपा का षड्यंत्र विफल करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी व प्रमुख विपक्षी दल भाजपा को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि एकतरफा कार्रवाई हुई तो जोरदार विरोध होगा। उन्होंने कहा कि षडयंत्रकारी, राज्य में सरकार को गिराने की कोशिश लगातार हो रही है। हम सब को मिल कर षडयंत्र को विफल करना होगा। उन्होंने इडी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या दो साल पहले अवैध खनन नहीं हुआ है। इडी को पहले हुए अवैध खनन मामले की भी जांच करनी चाहिए। पुराने पापों का ठीकरा हमारी सरकार पर नहीं फोड़ा जाना चाहिए। श्री सोरेन शुक्रवार को कांके रोड स्थित सीएम आवास के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा, उन्होंने गुरुवार को इडी को बताया कि प्रेम प्रकाश को वह नहीं जानते। पंकज मिश्रा के अवैध माइनिंग में शामिल होने की उनको जानकारी नहीं थी। अवैध खनन रोकने का जिम्मा संबंधित विभाग के अधिकारियों को है।



### सिर्फ हम पर ही कार्रवाई क्यों

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आपको संवैधनिक पद पर बिठाया गया है तो संवैधिनक पद का निर्वहन करें, हमे कोई गुरेज नहीं है। आप ईमानदारी से काम करोगे तो सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। कोई भी एकतरफा कार्रवाई होगी, तो विरोध करने की ताकत झारखंड की जनता और उनकी सरकार के लोग रखते हैं। हमें जांच एंजेसी से परहेज नहीं है, हम मदद भी कर रहे हैं। पर जांच एजेंसियों को यह जवाब देना चाहिए कि भाजपा शासित राज्य को छोड़कर ही कार्रवाई क्यों की जाती है। क्या वो दुध के धुले हैं।

**आपके सहयोग से षडयंत्र विफल करेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सफलता से चिढ़ कर भाजपा षड़यंत्र कर रही है। झारखंडियों ने यह राज्य लिया है और इसे यहां का मूलवासी ही सजायेगा-संवारेगा भी। यह राजनीतिक लड़ाई है। (शेष पेज 11 पर)

### यूपीए विधायकों की बैठक का फैसला

## भाजपा के षड्यंत्र का देंगे जवाब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर शुक्रवार को यूपीए विधायकों की बैठक में भाजपा के हर षडयंत्र का जवाब देने का फैसला किया गया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा के साथ भावी राजनीति की रणनीति भी बनायी गयी। बैठक में सीएम ने सभी विधायकों से अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जनहित के कार्य पूरा कराने की अपील की। बैठक के बाद सीएम आवास से बाहर निकले नेताओं ने कहा कि भाजपा के हर षड्यंत्र का माकूल जवाब देंगे। महुआ माझी ने इडी जांच के संबंध में कहा कि एकतरफा कार्रवाई का पूरजोर विरोध होगा। यूपीए में एकजुटता बनाये रखने पर बल



दिया गया। इडी जांच के बाद ही आगे की रणनीति तय की जायेगी। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इडी ने जो सीएम को समन किया था, वह सीएम की छवि खराब करने की कार्रवाई है। सीएम हेमंत सोरेन के काम को लेकर बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षियों की नींद उड़ गयी है। बैठक में चंपई सोरेन, जोबा माझी, सबिता महतो, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, अनुप सिंह, इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाडी, महुआ माझी, दीपक बिरूआ, सुदिव्य सोनू, भूषण बाड़ा आदि उपस्थित थे।

### रिम्स की बदहाली पर हाइकोर्ट की सख्त टिप्पणी

# ट्रॉली के बदले मोबाइल गिरवी रखना शर्म की बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिम्स की बदहाली और इससे जुड़े अन्य मामलों में शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने विभिन्न मामलों की एक साथ सुनवाई की। सुनवाई के दौरान रिम्स की बदहाली पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा- शर्म आनी चाहिए कि एक ट्रॉली लेने के लिए मोबाइल गिरवी रखना पड़ता है। कोर्ट ने रिम्स की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगता है रिम्स को कोर्ट ही चला रहा।






**विज्ञापन में हुई गलतियों की जांच होगी :** वहीं चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ में थर्ड-फोर्थ ग्रेड पर होने वाली नियुक्ति से संबंधित मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने विज्ञापन में की गयी गलतियों की जांच कराने की बात कही। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि विज्ञापन में झारखंड का नागरिक होने की शर्त लगाये जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच कमेटी बनायी जायेगी। रिम्स ने भी माना कि विज्ञापन में गलती हुई है। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई 23 नवंबर को निर्धारित की है। पूर्व में अदालत में उक्त पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने पर रोक लगा दी थी। अदालत ने कहा था कि हाईकोर्ट के अंतिम फैसले से नियुक्ति प्रक्रिया भी प्रभावित होगी।

### सात फीसदी आर्थिक वृद्धि पाने की उम्मीद : आरबीआइ

**नयी दिल्ली।** आरबीआइ के अनुसार मुद्रास्फीति में कमी के संकेत मिलने के साथ ही घरेलू स्तर पर अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिल रहा है। चालू वित्त वर्ष के दौरान सात प्रतिशत की वृद्धि हासिल की जा सकती है। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में गिरावट का जोखिम बना हुआ है, वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होती जा रही हैं और बाजार की नकदी में कमी वित्तीय कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ा रही है।

### बैंक की आज प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

**मुंबई।** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डीएन त्रिवेदी ने कहा कि 19 को प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गयी है। शुक्रवार देर शाम केंद्रीय श्रमायुक्त और संबद्ध पक्षों में वार्ता के बाद 19 नवंबर की हड़ताल स्थगित कर दी गयी है।

# अगर-मगर नहीं, सख्ती से ही खत्म होगा आतंकवाद : मोदी

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में किया एकजुटता का आह्वान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा करार देते हुए इसे जड़ से मिटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से टालमटोल का रवैया छोड़कर इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का आह्वान किया। आतंकवाद से अगर-मगर या टालमटोल की नीति से नहीं निपटा जा सकता। इसके खात्मे के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनान बहुत जरूरी है। श्री मोदी शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आयोजित तीसरे आतंकवाद के लिए कोई धन नहीं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे



थे। पीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत दशकों से इस समस्या का सामना कर रहा है। अब भारत ने दृढ़ प्रतिज्ञा ली है कि जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं हो जायेगा वह चैन से नहीं बैठेगा। उन्होंने आतंकवाद की रीढ़ को तोड़ने के लिए संगठित अपराध और कट्टरपंथ विचारधारा को समाप्त करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी विचारों को समर्थन देने वाले देशों को भी अलग-थलग किया जाना चाहिए।

**आतंकवाद समर्थक देशों पर भी अंकुश जरूरी :** पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने पीएम मोदी ने कहा कि कुछ देश विदेश नीति के तहत आतंकवाद का समर्थन करते हैं । आतंकी संगठनों को वैचारिक तथा राजनीतिक समर्थन देते हैं। इतना ही नहीं उसे पालते और पोसते भी हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सभी तरह के आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट होना होगा। साथ ही आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों तथा संगठनों को भी अलग-थलग करना होगा। (शेष पेज 11 पर)

# हिमस्खलन से सेना के तीन जवान शहीद

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को हुए हिमस्खलन में सेना के तीन जवान शहीद हो गये। पुलिस ने कहा कि कुपवाड़ा में माछिल सेक्टर की अल्मोराह पोस्ट पर हिमस्खलन की चपेट में आने से 56 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के तीन जवानों की मौत हो गयी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, शवों को मिलिट्री अस्पताल द्रुगमुल्ला लाया गया है। पुलिस के मुताबिक, सेना के तीन जवानों माछिल इलाके में ड्यूटी पर थे और हिमस्खलन की चपेट में आ गए. शुक्रवार लगभग 1200 बजे अल्मोड़ा चौकी के पास हिमस्खलन की घटना हुई. शहीद सैनिकों की पहचान



सौविक हाजरा, मुकेश कुमार और गायकवाड़ मनोज लक्ष्मण राव के रूप में की गयी है। वहीं, शवों को 168 एमएच द्रुगमुल्ला में शिफ्ट किया गया है।

# धनबाद में भू-धंसान, दो सौ मीटर तक पड़ी लंबी दरार

### अवैध खनन के दौरान हादसा, कोई हताहत नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**निरसा।** इसीएल मुगमा क्षेत्र की कापासारा आउटसोर्सिंग कोलियरी में अवैध खनन के दौरान शुक्रवार को हुए हादसे में 25 से 30 लोगों के दबे होने की आशंका थी, लेकिन पुलिस टीम की जांच में कोई नहीं मिला। अवैध खनन की वजह से 200 मीटर के दायरे में धंसान हुआ। जमीन करीब पांच फीट धंस गयी। हादसे से सड़कों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गयीं। हादसा शुक्रवार सुबह लगभग पौने छह



बजे की बतायी जा रही है।

**धमाके के साथ जमीन धंस गयी :** जानकारी के अनुसार सुबह तेज आवाज के साथ 200 मीटर के दायरे में जमीन करीब 5 फीट धंस गयी। हादसे से अवैध कोयला काटने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। किस्मत अच्छी थी कि भू धसान से मात्र 50-100 फीट की दूरी पर झोपड़ीनुमा घर बना कर रह रहे लोगों में से कोई हताहत नही हुआ। रोजाना दर्जनों लोग कोयला निकालने अवैध खनन करने जाते हैं। गुरुवार की रात भी दर्जनों लोग अवैध खनन करने पहुंचे थे। पहले उनके दब जाने की आशंका थी। लोगों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग प्रबंधक एवं ईसीएल की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। (शेष पेज 11 पर)

### कमलेश सिंह को थाईलैंड जाने की नहीं मिली अनुमति

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी विधायक कमलेश सिंह अपने पोते के जन्मदिन में शामिल नहीं हो सकेंगे। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को पासपोर्ट जारी करने की उनकी अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी। कमलेश सिंह ने इडी कोर्ट से थाइलैंड जाने के नाम पर पासपोर्ट जारी करने की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की थी। अर्जी में कहा गया था कि पोते के जन्मदिन में शामिल होने के लिए थाइलैंड जाना है, इसके लिए पासपोर्ट की जरूरत पड़ेगी। अदालत से पासपोर्ट जारी का अनुरोध किया था। इसका विरोध ईडी की ओर से किया गया था। मालूम हो कि 5.83 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लाउंड्रिंग मामले में ट्रायल फेस कर रहे हैं। वर्तमान में मामले में ईडी की ओर से गवाहों को प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले में वह जमानत पर चल रहे हैं। हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है। इसमें एक शर्त यह है कि ट्रायल पूरी होने तक पासपोर्ट ईडी कोर्ट में जमा रहेगा। आदेश के तहत उनका पासपोर्ट कोर्ट में जमा है।

# इसरो ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में रचा स्वर्णिम इतिहास

### 'प्रारंभ' नाम से देश के पहले निजी रॉकेट 'विक्रम-एस' का किया सफल प्रक्षेपण

### हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी ने तैयार किया

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा, (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को स्वर्णिम इतिहास रच दिया। इसरो ने 'प्रारंभ' नाम के देश के पहले निजी रॉकेट 'विक्रम-एस' का श्रीहरिकोटा स्थित स्पेसपोट से दिन में 11:30 बजे सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इस रॉकेट को हैदराबाद स्थित



स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी ने तैयार किया है। इसका वजन 545 किलोग्राम है। सफल प्रक्षेपण के बाद 'स्काईरूट एयरोस्पेस' ने ट्वीट किया था, दिल की धड़कनें तेज हो गयी हैं। सभी की निगाहें आसमान की ओर हैं। पृथ्वी सुन रही है। इधर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसरो और इनस्पेस इंडस्ट्रीज को बधाई देते हुए ट्वीट किया, भारत का पहला निजी रॉकेट विक्रम-एस, जिसका नाम प्रख्यात वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया, उसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लांच करने पर बधाई। ठोस ईंधन से संचालित और छह मीटर लंबे सबऑर्बिटल लांच व्हीकल को साउंड रॉकेट लांच से छोड़ा गया।

तीन पेलोड वाले इस रॉकेट के सफल प्रक्षेपण से भारत ने अंतरिक्ष में एक और लंबी छलांग लगायी है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई को श्रद्धांजलि देते हुए इस रॉकेट का नाम 'विक्रम-एस' रखा गया है। इस मिशन का नाम 'प्रारंभ' नाम दिया गया है, जो एक नयी शुरुआत को दर्शाता है। यह देश के अंतरिक्ष उद्योग में निजी क्षेत्र के प्रवेश को दर्शाता है, जिस पर दशकों से सरकारी स्वामित्व वाले इसरो का प्रभुत्व रहा है। 'विक्रम-एस' के सफल प्रक्षेपण के साथ स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के निजी क्षेत्र की पहली ऐसी कंपनी बन गयी, जो 2020 में केंद्र सरकार द्वारा अंतरिक्ष उद्योग को निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में कदम रख रही है। इस मिशन में दो घरेलू और एक विदेशी ग्राहक के तीन पेलोड को ले जाया गया है।

### झारखंड के विवि में भी 5 दिनी कार्य दिवस संभव

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के विश्वविद्यालयों में भी अन्य विश्वविद्यालयों की तरह पांच दिन की कार्य संस्कृति लागू होने वाली है। इसे लेकर कालेजों से राय ली जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों से सहमति पत्र लेकर विभाग को भेजने का निर्देश दिया है।

झारखंड के सभी विश्वविद्यालय के कालेजों में अब छह दिन की जगह पांच दिन की पढ़ाई हो सकती है। इस संबंध में यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार सभी कालेज में बैठक कर शिक्षकों से राय ली जा रही है। कोल्हान विश्वविद्यालय ने इस संबंध में सभी कालेजों से बैठक कर सहमति प्रतिवेदन देने को कहा है। अगर शनिवार व रविवार कालेज बंद रहते हैं तो प्राध्यापकों को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 तक छात्रों को पढ़ाना होगा। यह नियम केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित अन्य प्रमुख विश्वविद्यालय में पहले से ही लागू है। इसे लेकर कोल्हान के विभिन्न कालेजों में बैठक विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में चल रही है। (शेष पेज 11 पर)

## स्पीड न्यूज

### गौतम ने सदर थाना में ग्रहण किया पदभार



**मेदिनीनगर।** गौतम कुमार ने शुक्रवार को सदर के 38वें थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। थाना के पुलिसकर्मियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। श्री कुमार ने कहा कि क्षेत्र को शांति व अपराधमुक्त बनाना प्राथमिकता होगी। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश का पालन करते हुए जनहित में बेहतर कार्य होगा। मौके पर एसआइ रामतबक्या,एएसआई सुबोध कुमार, आरक्षी शहंसा सिदि्दकी, चालक दिनेश तिवारी, चालक अर्जुन राम समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### क्षेत्र को शांतिपूर्ण बनाना प्राथमिकता : गुलशन



**पाटन पलामू।** पाटन थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में गुलशन गौरव ने योगदान दिया। वे इसके पहले पांकी थाना में पदस्थापित थे। श्री गौरव ने निवर्तमान पाटन थाना प्रभारी प्रकाश कुमार से पदभार ग्रहण किया। कहा कि पाटन थाना क्षेत्र को शांतिपूर्ण व अपराधमुक्त बनाना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पाटन थाना के पुलिसकर्मियों के सहयोग से बेहतर कार्य करते हुए बेहतर पुलिसिंग स्थापित किया जायेगा।

### रामगढ़ पुलिस ने दो चोरों को भेजा जेल



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के पलामू नदी पार गांव स्थित एक किराना दुकान में चोरी के मामले में रामगढ़ पुलिस ने दो आरोपियों हेमंत भुइयां (22) पिता सुनील भुइयां, रवि भुइयां (19) पिता उदय भुइयां (दोनों ग्राम रामगढ़ पंचायत टोला नदी पार) जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रभात रंजन ने बताया कि बागी का कोयला साह नदी पार एक घर में किराये में रहकर किराना दुकान चलाता है। जिसकी दीवार तोड़ चोरी कर ली थी।

### उवि कटैया में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता हुई। विभागीय आदेश के आलोक में आयोजित इस प्रतियोगिता में बाधा दौड़, जलेबी रेस, कुर्सी रेस, 100 तथा 200 मीटर दौड़, बैडमिंटन, कब्बड्डी, खो-खो सहित कई खेल प्रतिस्पर्धाएं हुई। प्राचार्या अभिलाषा कुमारी ने बताया कि खेल प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। सफल छात्र-छात्राएं पुरस्कृत की जायेंगी।

### छात्राओं को मिला मशरूम खेती का प्रशिक्षण



**पाटन पलामू।** तेजस्विनी परियोजना के तहत उद्योगनी के माध्यम से वैसी छात्राएं जो पढ़ाई लिखाई छोड़ दी है (जिनकी उम्र 14 से 24 वर्ष के बीच है) उन्हें मशरूम की खेती कर स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। महिला विकास समिति पूरे झारखंड में यह योजना चला रही है जिसके तहत पाटन प्रखंड के गंगतुआ में इसका लाभ बच्चियों को दिया गया। प्रशिक्षक अनिल कुमार ने मशरूम की खेती की विधि व टिप्स बताये। इसके बाद उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया। मौके पर डीपीम पुनीत ओझा, साकेत कुमार, सुनीता देवी, रंभा कुमारी, शिवानंद गुप्ता, सौरभ दुबे, अमरेंद्र चंद्रा, अमित कुमार भी थे।

### यूनिफॉर्म से बच्चों में आती है समानता : अनुज



**मेदिनीनगर।** मध्य विद्यालय बड़कागांव में रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज त्रिपाठी ने वर्ग एक व दो के छात्रों के बीच नि :शुल्क पोशाक बांटे। कहा कि यूनिफार्म से स्कूली बच्चों में समानता की भावना पनपती है। जरूरी है कि विद्यालय के सभी बच्चे यूनिफार्म में विद्यालय आयें। मौके पर एसएमसी अध्यक्ष कलावती देवी, संयोजिका सिंधुबाला तिवारी, शिवध्यान तिवारी, प्रतिभा शांडिल्या, अरूण तिवारी, पंकज चौबे भी थे।

### प्रखंड मुख्यालय में खुला 20 सूत्री कार्यालय



**पाटन पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में 20 सूत्री कार्यालय खुला। जिसका उद्घाटन कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने किया। कहा कि बीस सूत्री कार्यालय खुलने से ग्रामीणों की समस्याएं दूर होगी। बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि कार्यालय खुलने से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडे ने कहा कि कार्यालय खुलने से विकास योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने में ग्रामीणों को बीस सूत्री के सभी सदस्य मिलकर काम करेंगे। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, कामेश पांडेय, शिव प्रसाद मेहता, कामेश मेहता, मनोज सिंह चेरो, शेखार अंसारी भी थे।

### रक्त का विकल्प केवल रक्तदान : डिंपल



**मेदिनीनगर।** ब्लड बैंक सदर अस्पताल डालटनगंज के डॉक्टर इंचार्ज एवं पदाधिकारियों के विशेष अनुरोध पर शुक्रवार को लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज के वरीय सदस्य एवं पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने अपने जीवन का 54वां रक्तदान किया। थैलेसीमिया पीड़ित उत्कर्ष (7) को तत्काल हेल्थी ब्लड की जरूरत थी। इंद्रजीत ने कहा कि निश्चित तौर पर यह उस पारब्रह्म परमेश्वर एवं वाहेगुरु का शुक्र है कि वह आज भी एक्टिव ब्लड डोनर ग्रुप में शामिल है और नियमित रक्तदान कर रहे हैं। उन्हें इस छोटे से बच्चे की मदद करने के लिए बहुत संतुष्टि मिल रही है और उन्होंने उस बच्चे की लंबी आयु के लिए वाहेगुरु से अरदास की। रक्त दान के बाद बच्चे की मां कुंती देवी, पिता राजेंद्र यादव, दादा खेलावन यादव सहित हरिहरगंज के उनके कई रिश्तेदरों ने इंद्रजीत सिंह डिंपल को बधाई दी।

### पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ धरना



**मेदिनीनगर।** आगामी नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन जिला समाहरणालय परिसर में की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी एवं संचालन जिला प्रवक्ता बसंत विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पलामू जिला प्रभारी एवं हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता एवं पंकज तिवारी थे। पूर्व विधायक ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी से पूरा वर्ग सरकार के प्रति आक्रोशित है।

# काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती त्रिपाठी जी : महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** मैं इस योजना के लिए अपने कर्मठ पार्षद विवेका त्रिपाठी जी को भी धन्यवाद देती हूं जिनके अथक प्रयास से यह कार्य संभव हो पाया और यह शुभ कार्य मेरे हाथों से करवाया। मैं आज उस जर्जर मार्ग में रहने वाले लोगों का सपना पूरा कर गौरवान्वित हूं। महापौर ने कहा कि मंत्री जी जनता ने आप को मौका दिया था लेकिन आपका मोहल्ला तक नहीं सुव्यवस्थित हो सका खैर काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। शिलान्यास के अवसर पर विवेक त्रिपाठी सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने दो नंबर टाउन आम बागान से कुम्हार टोली, बड़का बांध, होते काशीनगर जो पूर्व मंत्री सह विधायक के एन त्रिपाठी जी का आवास है के होते हवाई अड्डा तक 98 लाख की कालीकरण रोड का शिलान्यास किया। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है जो व्यक्ति विधायक सह मंत्री रहने के बावजूद अपने गांव का रोड नहीं बनवा सके, अपने मोहल्ले का रोड नहीं बनवा सके, अपने आवास के सामने का रोड नहीं बनवा सके वह आज निगम चुनाव के लिए निगम के हर मोहल्ले का रोड और नाली बनवाने का झूठा वादा करते चल रहे जो हास्यप्रद है।

# कई ट्रेनों के ठहराव सहित पलामू-गढ़वा की समस्याएं गिनायी

➲ धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक में सांसद बीडी राम ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने शुक्रवार को मंडल संसदीय समिति, धनबाद मंडल की बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता धनबाद संसदीय क्षेत्र के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने की। बैठक में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रामसकल उपस्थित थे। साथ ही अन्य सांसदों में जयंत सिन्हा, दीपक प्रकाश, पकौड़ी लाल, धीरज साहू, संजय सेठ के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

सांसद श्री राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र की रेलवे से संबंधित मांगों की ओर महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे एवं मंडल रेल प्रबंधक धनबाद तथा संबंधित पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। मांगों में पलामू एक्सप्रेस का राजहरा स्टेशन पर ठहराव, रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस का हैदरनगर में ठहराव के साथ लालगढ़ पंजारी कला डाली, राजहरा रेलवे क्रॉसिंग के पास एलएचएस निर्माण की बात जोरदार उठायी। इसके अतिरिक्त पलामू एक्सप्रेस ट्रेन में कोच की संख्या बढ़ाने तथा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का मेराल में ठहराव का भी मसला उठाया। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का हमेशा विलंब से चलने का मुद्दा भी महाप्रबंधक रेल मंडल प्रबंधक एवं अन्य रेलवे संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष उठाया। इसके अतिरिक्त गरीब रथ का अलीगढ़ में ठहराव की भी मांग रखी। रांची से गोरखपुर के लिए करोना काल के दौरान चलाई जा रही ट्रेन का परिचालन कराने, नगर उंटारी स्टेशन का नाम बदलकर बंशीधर नगर एवं डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम मेदनीनगर स्टेशन करने का आग्रह किया।

■ सांसद ने कहा कि बंशीधर नगर मंदिर में राधा कृष्ण की अदिति मूर्ति है जो जो सोने की है जिसका वजन 11 32 किग्रा है और दुनिया में कहीं नहीं है और इस स्थान की महत्ता को बढ़ाने की दिशा में रेलवे को भी पूर्ण रूप से योगदान देना चाहिए। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर के स्टेशन का नाम वंशीधर नगर करने का पत्र पूर्व में ही निर्गत कर दिया है परंतु रेलवे बोर्ड द्वारा अभी तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। सांसद ने कहा कि डालटनगंज एवं राजहरा स्टेशन के बीच चेड़वार सिंगरा पुल के पास आर ओ बी बनाने हेतु रेलवे द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी। राज्य सरकार और रेलवे के बीच जीएडी अप्रूवल की स्वीकृति की कार्रवाई चल रही है। पलामू संसदीय क्षेत्र के डाली, पंजारी कला, लालगढ़, सोनपुरवा अहिर पुरवा कजरात नावाडीह, सुआ में लो हाइट सबवे बनाने की आवश्यकता की महाप्रबंक एवम रेलवे के पदाधिकारियों को ध्यान आकृष्ट कराया।

## दो देसी बंदूक के साथ चार अपराधी गिरफ्तार, एसपी बोले

# आर्म्स खरीद-बिक्री करने वालों पर भी होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी चेक पोस्ट के पास चेकिंग के दौरान स्कॉर्पियो से दो देशी बंदूक और आठ जिंदा गोली बरामद किया है। इसमें संलिप्त चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें सुभाष कुमार, फिरोज अंसारी, आनंद कुमार, तौहीद अंसारी को गिरफ्तार शामिल है। पुलिस सभी आरोपियों से पुलिस पूछताछ की, तो बताया गढ़वा से बंदूक और गोली लेकर देवरी नाव घाट के रास्ते बिहार जा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि देवरी पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान लगाया गया था। इस दौरान स्कॉर्पियो में सवार लोग सोन नदी पार कर बिहार जाना चाह रहे थे कि पुलिस द्वारा उस गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें बंदूक गोली बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्य पिछले कई महीनों से किया जा रहा था। और आर्म्स की बिक्री की जाती थी और आर्म्स एक्ट के तहत सभी को जेल भेजा जा रहा है। प्रेस वार्ता में एसआई सौरभ कुमार, देवरी ओपी प्रभारी एवं अन्य शामिल थे।

# राज्य के सभी जिलों में दस लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य : कमलेश

➲ हुसैनाबाद में प्रदेश अध्यक्ष ने एनसीपी के सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाएगा। राज्य में दस लाख सदस्य बनाने का लक्ष रखा गया है। यह बाते शुक्रवार को पार्टी के हुसैनाबाद कार्यालय में सदस्यता अभियान के शुभारंभ करने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी जिलों में सदस्यता अभियान के दरम्यान कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा।



सदस्यता अभियान का उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**खास बातें :** मौके पर पार्टी का एक स्लोगन भी प्रसारित किया। जात पात छोड़िए, विकास से नाता जोड़िए। कहा कि पार्टी शुरू से इसी दृष्टि के तहत कार्य कर रही है। इसे अब पूरे राज्य में आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पलामू, गुमला, रांची, बोकारो, हजारीबाग, जमशेदपुर ,गोड्डा और देवघर जिला में प्रथम चरण में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जायेगा। इसके लिए संबंधित जिले के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक दिसंबर के प्रथम सप्ताह में रांची में होगी। मौके पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके श्रवण बैठा ने एनसीपी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उन्हे सदस्यता पर्ची व बुके देकर उनका स्वागत किया। सदस्यता अभियान की शुरूआत में सैकड़ों लोगों ने एनसीपी की सदस्यता ग्रहण की। सभी का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, एनसीपी के प्रदेश महासचिव अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डु सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम, गोरख पासवान,श्रीकांत पासवान, युगा राजवंशी, अभिषेक सिंह उर्फ हरी सिंह, चंदन सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, अंजली शर्मा, पूनम देवी थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से बढ़ती है आपसी समरसता और भाईचारा : रामदास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** मनातू देवी मंड़प परिसर में शिव शिष्य परिवार के द्वारा भोजपुरी दोगोला कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि समाज सेवी रामदास साहू ने किया। इसके पूर्व शिव शिष्य परिवार के पदाधिकारियों ने साहू को अंग वस्त्र एवं फुल माला देकर कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर रामदास साहू ने कहा कि गीत संगीत से आपसी एकता और भाईचारगी बढ़ता है। साथ ही लोगों को मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर राजनीतिक विरोधियों ने कई बार मुकदमे में फंसाने की साजिश किए हैं लेकिन नाकाम होते गए उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में अब तक जो भी जनप्रतिनिधि हुए को लूटने का काम किए हैं ।अगर जनता का आशीर्वाद मुझे मिला तो पांकी विधानसभा क्षेत्र एक मॉडल विधानसभा होगा।कार्यक्रम में सुदर्शन यादव बिहार और शिव शंकर यादव के द्वारा रात भर एक से बढ़कर एक भोजपुरी गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। जिसका श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया। दुगोला कार्यक्रम में रात भर दर्शकों की भीड़ जमी रही।

# चैनपुर : बेतला किसान निर्माता कंपनी ने किसानों को बांटा बीज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** बेतला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड के द्वारा चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम महुगावा में अपने कार्यालय में 90% अनुदान पर एक सौ किसानों के बीच गेहूं और एन एफ एस एम के माध्यम से 75 किसानों के बीच 100 प्रतिशत अनुदान पर सरसो का बीज उपलब्ध कराया गया। इसके साथ साथ 40 किसान को शेयर प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। संचालन एफपीओ के सचिव ब्रजेश कुमार पांडे ने की। मौके पर डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया मौजूद थे। मौके पर विधायक ने कहा कि संस्था के अध्यक्ष अशोक चौरसिया और सचिव ब्रजेश कुमार पांडे किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य किसानों को अनुदान पर ज्यादा से ज्यादा मात्रा में खाद बीज उपलब्ध कराना है। संस्था के सचिव ब्रजेश कुमार पांडे ने कहा कि इस संस्था में किसान भाई सदस्य बनकर अनुदान पर खाद और बीज ले सकते हैं।

### डीटीओ के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश पर परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने गुरुवार देर रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसमें 4 वाहनों पर कार्रवाई हुई जिसे जब्त कर चैनपुर व टीओपी 2 थाना परिसर में रखा गया है। वहीं कुछ वाहनों से जुर्माना स्वरूप 49 हजार की वसूली भी हुई। डीटीओ ने कहा कि यह अभियान आगे भी इसी तरह चलाया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों व संचालकों से वाहन के परमिट व फिटनेस से संबंधित सारे कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही वाहन का परिचालन करने की अपील की।

### सांसद ने मनातू प्रखंड में लगवायी सोलर स्ट्रीट लाइट



**मनातू पलामू।** डुमरी पंचायत जलगांव जहां अभी तक बिजली की कोई सुविधा नहीं है, वहां चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से सोलर स्ट्रीट लाइट लगायी गयी। मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि सांसद के सौजन्य से मनातू प्रखंड के सभी 35 बूथों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगायी जायेगी। साथ ही सार्वजनिक स्थल, चौक-चौराहों पर एवं ऐसे गांव जहां पर अभी तक बिजली की सुविधा नहीं है वहां सोलर स्ट्रीट लाइट से उस गांव को उजाला किया जायेगा। मौके पर मनातू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू, विद्या शर्मा, हरेंद्र पासवान, अंतु, यादव, श्रवण शर्मा, महेंद्र तुरी, पिंटू यादव, अरविंद यादव थे।

# सभी जनसमस्याओं का किया जायेगा त्वरित निष्पादन : रूद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय परिसदन भवन में खाद आपूर्ति विभाग की बैठक आहूत की गई। जिसमें झारखंड सरकार के वित्त सह खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के जिला प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी, पांकी विस क्षेत्र के प्रतिनिधि रूद्र शुक्ला उपस्थित थे। मौके पर पलामू जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर आलम, एवं पलामू जिला के सभी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी शामिल थे। मंत्री प्रतिनिधियों ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य है कि पलामू जिला में खाद्य आपूर्ति संबंधित सभी जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो जिससे आम जनता को खाद्य आपूर्ति संबंधित जन समस्याओं से जल्द निदान मिले सके। बैठक के बाद मंत्री प्रतिनधि प्रखंड और ग्राम स्तर तक जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर जनता के खाद्य आपूर्ति समस्याओं को जानकर निदान करायें।



### घाघरा थाना पुलिस ने अभियुक्त रविंद्र के घर चिपकाया इश्तेहार

**रामगढ़ पलामू।** अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी गुमला के न्यायालय द्वारा अभियुक्त रविंद्र यादव उर्फ रविंद्र गोप पिता चंद्रदेव यादव ग्राम नावा के घर पर घाघरा थाना के एसआई मुकेश कुमार द्वारा इश्तहार ग्रामीणों के समक्ष चिपकाया गया। इसका सहयोग रामगढ़ के थाना प्रभारी के द्वारा किया गया। जिसका घाघरा थाना कांड संख्या 36/2019 दिनांक 7 ,4, 2019 धारा आर्म्स एक्ट तथा 17 सीएल एक्ट के आरोपी है तथा उनके परिजनों से अभियुक्त को 30 दिनों के अंदर न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा गया, नहीं तो न्यायालय के आदेश अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# प्रफुल्ल मंजरी विद्यालय में 21 को जनकल्याण ट्रस्ट का पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे के आवास पर बैठक की गई। जिसमें परियोजना राजमाता प्रफुल्ल मंजरी विद्यालय चैनपुर में 21 नवंबर दिन सोमवार वृक्षारोपण का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 11 दिसंबर को ग्राम + पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। बैठक में जन कल्याण ट्रस्ट के संरक्षक उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, ट्रस्ट के सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान, महिला प्रकोष्ठ के सदस्य रीना देवी, कुंती देवी शामिल थे। जन कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ने होने वाले कार्यक्रम का निरीक्षण भी किया। बैठक में जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि जन कल्याण ट्रस्ट गरीबों के लिए समर्पित है।

### चुनाव लड़ूं या न लड़ूं, सेवा कार्य करता रहूंगा : राजीव



**हरिहरगंज पलामू।** नई सब्जी बाजार स्थित नयन होटल सह रेस्टोरेंट में शुक्रवार को युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग से जो गजट आया है। उसके अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला के लिए रिजर्व कर दिया गया है। इस कारण वे चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। परंतु इससे कार्यकर्ताओं को निराश एवं हताश होने की जरूरत नहीं है। वे निरंतर समाजसेवा करते रहेंगे। वर्षों से समाज सेवा में तत्पर हैं, हमेशा रहेंगे। क्षेत्र की समस्या व गरीबों की आवाज बन लड़ाई आगे भी जारी रखेंगे। बैठक में दिनेश मेहता, मुकेश मेहता, गोपाल प्रसाद, मृत्युंजय सिंह, मनोज मेहता, अरुण सिंह, टंटू मिश्रा, विकास पासवान थे।

# श्राद्ध में पौधरोपण से पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल किशोर

■ पर्यावरणविद ने छतरपुर अनुमंडल के दो लोगों के श्राद्ध में शामिल होकर मृतक के नाम पर किया पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पौधा लगाते व शपथ दिलाते पर्यावरणविद कौशल किशोर।

**छतरपुर पलामू।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के अलग -अलग गांवों के दो श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। छतरपुर के बगया पंचायत के बंधु डीह निवासी बीरबल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी स्वर्गीय राजकुमारी देवी और चराई पंचायत के रानीपहरी निवासी करीमन भुइयां के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। वहीं परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया।

उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि लोगों को माता-पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनिया के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के चलाए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक कीआत्मा को शांति मिलती है। हमारी हिंदू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। वृक्षारोपण के बारे में प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है।

मौके पर करीमन की पत्नी कुंती देवी, पुत्र जितन भुइयां, उप मुखिया अफजल अंसारी, पंकज सिंह, स्व राजकुमारी के पति बीरबल विश्वकर्मा, पुत्र रामविलास, सुरेश, उमेश, अखिलेश, डॉ मिथिलेश विश्वकर्मा, बगया मुखिया पति मुन्ना चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, सुखदेव सिंह पटेल, जयराम भुइयां, मुन्ना भुइयां आदि उपस्थित थे।

# मेदिनीनगर निगम का सर्वांगीण विकास राजनीतिक जीवन का लक्ष्य : मनोज सिंह

➲ गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में महिला सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरू तेग बहादुर मेमोरियल हॉल के महिला सम्मेलन में मेदिनीनगर नगर निगम के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने भाग लिया। सम्मेलन में जुटी महिलाओं ने निगम चुनाव में पूरी सक्रियता के साथ मनोज सिंह के पक्ष में काम करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में भावी मेयर प्रत्याशी श्री सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम का सर्वांगीण विकास उनके राजनीतिक जीवन का लक्ष्य है। शहर की जरूरत को ध्यान में रखकर योजना तैयार किया जायेगा। पूर्व की तुलना में समाज मे काफी बदलाव आया है, महिलाएं कामकाज में जुटी है।





**खास बातें :** ऐसे में बड़े शहरों के तर्ज पर मेदिनीनगर में नारी सशक्तिकरण के लिए का काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो इसे सुनिश्चित कराया जायेगा। कहा कि महिलाओं से सिर्फ वोट बैंक नही है, बल्कि उनके विकास के लिए भी सोच होना चाहिए। इसलिए ऐसा वातावरण तैयार किया जायेगा जिसमें महिलाओं की भी शहर के विकास में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सीमा देवी व शगुफ्ता अनवर ने कहा कि यह सम्मेलन किसी प्रत्याशी द्वारा नही बल्कि महिलाओं ने आहूत किया है इसके पिछे सोच यही है कि इस बार चुनाव में हम सभी उसे ही चुनेगें जो हमारे लिए सोचे। इसलिए हमलोगों ने मनोज सिंह के पक्ष में काम करने का फैसला लिया है और आज से इसकी शुरूआत कर दी गयी है। इन्हें जीताने के लिए सभी महिलायें काम करेंगी। इस सम्मेलन मे मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सभी 35 वार्ड की महिलाओ की भागीदारी रही। सभी महिलाओ ने मनोज सिंह के पक्ष मे काम करते हुए इन्हे विजयश्री दिलाने का संकल्प लिया। महिलाओं ने कहा कि चुनाव में हम किसी के झांसे में नहीं पड़ेंगे बल्कि ऐसे प्रत्याशी का चयन करेंगे जो सचमुच महिलाओं के विकास के लिए सोचे इसमें मनोज सिंह से बेहतर कोई नहीं है। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन का संचालन रजनीश सिंह ने किया।

# नागालैंड के चर्चित हॉर्नबिल फेस्टिवल और संवाद के बीच एमओयू

**संवाद का चौथा दिन**

- अगले वर्ष से हॉर्नबिल फेस्ट के नामी कलाकारों के प्रदर्शन देख पायेंगे शहरवासी
- दोनों फेस्ट में कलाकारों का होगा एक्सचेंज, एक-दूसरे के मंच करेंगे साझा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आदिवासी महासम्मेलन संवाद के चौथे दिन टास्क फोर्स ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स (टीएएफएमए) और टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू दस्तावेज का आदान -प्रदान गोपाल मैदान में चल रहे संवाद आयोजन स्थल पर बनी मीडिया गैलरी में फाउंडेशन के सीइओ सौरव रॉय और टीएएफएमए के सलाहकार थेजा मेरु ने किया। इस अवसर पर नागालैंड कल्चरल डिपार्टमेंटके चीफ कंसल्टेंट अर्पिता गोप और टाटा स्टील ट्राइबल कल्चल सोसायटी के सचिव जे टोपनो भी मौजूद थे। टाटा स्टील फाउंडेशन एक-दूसरे की पहल का समर्थन करने और आदिवासी संगीत और कला के विकास, प्रचार और संरक्षण में मदद करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माहौल बनाने के लिए उनके साथ साझेदारी कर रहा है। दोनों हॉर्नबिल फेस्टिवल और संवाद 2022 में एक्सचेंज प्रोग्राम और आपसी भागीदारी पर विचार करेंगे, साथ ही कलाकारों के लिए संयुक्त प्रायोगिक सत्र और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तलाशेंगे। वे एक-दूसरे की गतिविधियों, शिल्प और संस्कृति की मदद करने और बढ़ावा देने के लिए ज्ञान और अच्छे अभ्यासों को साझा करने के तरीकों का भी पता लगाएंगे। दोनों साझेदार जनजातीय समुदायों के संगीत और कलाओं के संरक्षण, प्रचार और पोषण के लिए सहयोग करेंगे। टाटा स्टील फाउंडेशन के सीइओ सौरव रॉय ने पत्रकारों से कहा कि टीएएफएमए के साथ यह समझौता ज्ञापन दीर्घकालिक सहयोग के साथ कला और संस्कृति के लिए नए रास्ते बनाने की दिशा में एक नई शुरूआत है।

टास्क फोर्स ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स (टीएएफएमए) के सलाहकार थेजा मेरु ने कहा कि टास्क फोर्स ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स या टीएएफएमए (जिसे पहले म्यूजिक टास्क फोर्स के रूप में जाना जाता था) युवा संसाधन और खेल विभाग की एक महत्वपूर्ण शाखा है। यह 'संगीत और कला को एक उद्योग' के रूप में' बढ़ावा देता है।



एमओयू दस्तावेज का आदान-प्रदान करते सौरव रॉय और थेजा मेरु। साथ में जे टोपनो और अर्पितो गोप।



## स्पीड न्यूज

### झारखंड महिला संघ सम्मेलन कल

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आजसू जिला प्रवक्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आजसू ने दिसंबर तक पूरे इकाई का संगठन निर्माण का संकल्प लिया है। इसलिए अभी तक अखिल झारखंड श्रमिक संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा के साथ अखिल झारखंड महिला संघ और अखिल झारखंड व्यापार उद्योग मंच का संगठन विस्तार का निर्णय लिया है जो अखिल झारखंड व्यापार उद्योग प्रकोष्ठ का गठन 22 को किया जायेगा। इससे पूर्व आजसू पार्टी द्वारा आगामी 20 को कदमा स्थित मंगल सिंह अखाड़ा में अखिल झारखंड महिला संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन होगा जो 11 से संध्या 4 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव राम चंद्र सहिस के आलावे जिला प्रभारी प्रो. रवि शंकर मौर्या, जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह,पश्चिम विधानसभा प्रभारी मुन्ना सिंह ब्रजेश समेत केंद्रीय और जिला के वरीय नेतागण उपस्थित रहेंगे।

### अमल संघ की वार्षिक प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को सुबह 9 बजे से अमल संघ पाठशाला के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई। इसमें कुल 30 बालक और 30 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतिस्पर्धा में 100 मीटर दौड़ (बालक और बालिका), 50 मीटर दौड़ (बालक और बालिका), बलून दौड़, चम्मच गोली दौड़, सुई सुता दौड़ एवं म्यूजिकल चेयर दौड़ मुख्य आकर्षण का केंद्र था। इसे सफल बनाने में अमल संघ विद्यालय उपसमिति के संतोष पात्रा, ज्ञानेंद्र मालाकार, श्यामल शील, प्रधान अध्यापिका श्रीमती अपर्णा, दीपाली डे, तरुण विश्वास, दीपक डे, मनोरंजन, देवराज, श्रीमती मधुमिता, तोमाली, शुक्ला, दीपिका, बिशु, विश्वनाथ गुप्ता, सुब्रत पात्रा, आलोक दत्ता, कुलवीर सिंह तथा उत्पल जुटे रहे।

### रहीम के मॉडल को मिला पहला स्थान



**जमशेदपुर।** कबीर मेमोरियल उर्दू उच्च विद्यालय, मानगो के छात्र मो रहीम ने राज्य स्तरीय 49 जवाहर लाल विज्ञान प्रदर्शनी, रांची में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर तैयार प्रदर्श में प्रथम पुरस्कार सह शिक्षा सचिव झारखंड रांची ने प्राप्त किया। इरफान अहमद मार्गदर्शक के रूप में प्रतिभागी मो रहीम के साथ उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षकों में उक्त सफलता पर हर्ष का माहौल बना हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य रिजवान अहमद ने प्रतिभागी मो रहीम, मार्गदर्शक इरफान अहमद सहित सभी विज्ञान शिक्षकों को उक्त उपलब्धि पर बधाई दी है। प्रबंध समिति के सचिव मतीनूल हक ने छात्र मो रहीम एवं मार्गदर्शक इरफान अहमद को बधाई दी है।

### दिव्यांग छात्रा से दुर्व्यवहार का आरोप



**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के छात्र संघ उपसचिव बीरेंद्र कुमार ने करीम सिटी कॉलेज प्रशासन ने कॉपरेटिव कॉलेज की दिव्यांग छात्रा के साथ दुर्व्यवहार एवं जमशेदपुर को-ऑपरेटिव महाविद्यालय पर अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ कुलपति गंगाधर पांडे से शिकायत की। परीक्षार्थी साथ विभिन्न प्रकार के दुर्व्यवहार, अभद्र टिप्पणी एवं मानसिक रूप से शोषण करने का आरोप लगाए। शिकायत में कहा गया है कि पहले परीक्षा के दिन उचित पार्किंग स्पेस होने के बावजूद कॉलेज के कैंपस में पार्किंग नही करने दिया गया। दिव्यांग छात्रा के साथ दुर्व्यवहार किया गया उसका पेपर छीनते हुए उससे खरी-खोटी सुनाई गई जो कि गलत है।

# बिना कैश काउंटर वाला श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल हुआ चालू

- राज्यपाल रमेश बैस ने किया मदर-चाइल्ड केयर सेंटर ओपीडी का उद्घाटन
- आने वाले दिनों में बच्चों के हार्ट का ऑपरेशन शुरु करने की योजना : श्रीनिवास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड का अनूठा अस्पताल आज यहां राज्यपाल रमेश बैस ने उद्घाटित किया। इस अस्पताल का नाम है श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल जिसमें कैश काउंटर है ही नहीं यानी इस अस्पताल में सुदूर गांव के गरीबों का निशुल्क इलाज होगा। बिष्टुपुर के कांतिलाल गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल और टाटा स्टील लिमिटेड के सहयोग से श्री सत्य साईं मेडिकल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से इस अस्पताल का संचालन किया जाएगा। अस्पताल में पहले ही आई केयर ओपीडी शुरू किया जा चुका है और आज से मदर एंड चाइल्ड केयर सेंटर का ओपीडी शुरू हो गया। इस अस्पताल में न सिर्फ चिकित्सकीय परामर्श और जांच निशुल्क किए जाएंगे बल्कि रोगियों को दवाएं भी निशुल्क दी जाएंगी। अस्पताल को 100 बेड वाले संपूर्ण अस्पताल के रुप में विकसित करने की योजना है। अस्पताल का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि श्री सत्य साईं मेडिकल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की सेवा की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है। झारखंड एक गरीब राज्य है जहां आज भी सुधीर ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा की सेवाएं नहीं पहुंच पाई हैं ऐसे में यह अस्पताल पूरे झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राजपाल ने कहा कि सत्य तो सत्य है और साईं का मतलब ईश्वर है। साईं बाबा मानवता की सेवा को ही ईश्वर की सेवा और ईश्वर की भक्ति मानते आए हैं।




सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल, रायपुर में ऑपरेशन कराने वाली एक बच्ची को उपहार देते राज्यपाल रमेश वैस। साथ में सांसद विद्युत, ट्रस्ट के चेयरमैन श्रीनिवास और टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

# नागालैंड में रजिस्टर्ड वाहनों की धर-पकड़ गैरकानूनी है



### एसोसिएशन ने डीसी से की शिकायत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने परिवहन विभाग द्वारा नागालैंड में पंजीकृत भारी वाहनों की धरपकड़ पर विरोध दर्ज कराया है। एसो. कहा कहना है कि कानून के अनुसार किसी भी प्रदेश में वाहनों का रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है और ऑल इंडिया परमिट लेकर उनका संचालन किया जा सकता है किंतु एसोसिएशन के पास शिकायत की है परिवहन विभाग द्वारा नागालैंड में उनके वाहन के पंजीकरण और तमाम कागज सही होने के बावजूद वाहन जब्त किये जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश वाहन बहु राज्य परिवहन कारोबार में जुटी प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टरों की है जिनके कार्यालय भारत के कई शहरों और कई राज्यों में हैं।

# लोक गाथा और लोकगीतों के अवदान पर संगोष्ठी 20-21 को

### मैथिली साहित्य के विकास पर जोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं मिथिला सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में 20 और 21 नवंबर 2022 को मैथिली साहित्य में लोक गाथा और लोकगीत के महत्व पर विचार विमर्श होगा। एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए डा अशोक अविचल ने बताया कि लोक गाथा के दृष्टि से मैथिली भाषा काफी समृद्ध है और 134 लोकगाथा का प्रचलन मित्र मैथिली साहित्य में मिथिला के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत पाया जाता है। साहित्य कोई भी हो लोकगीत ही शिष्ट साहित्य के निर्माण का आधार बनते हैं। शिष्ट साहित्य के निर्माण में लोक साहित्य की भूमिका मूलतः लोकगीत से प्रारंभ होती है और आज भी वह लोकप्रिय विधा बना हुआ है। मैथिली साहित्य में इसके अवधान से संबंधित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में साहित्य अकादमी के उपसचिव डॉ सुरेश बाबू साहित्य अकादमी के पूर्वी क्षेत्र परिषद एवं मैथिली परामर्श दात्री समिति के संयोजक डॉ अशोक अविचल समेत पटना से डॉक्टर अमित ठाकुर मौजूद रहे।



# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी शुरू करेगी वीर बिरसा मुंडा व्याख्यान माला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं के लिए विभिन्न विषयों में बिरसा मुंडा व्याख्यानमाला के तहत व्यख्यानों की श्रृंखला आरंभ होने जा रही है। कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता के अनुसार इस तरह के व्याख्यानों की श्रृंखला की योजना सभी यूनिवर्सिटीज द्वारा अलग अलग व्यख्यान कराने के प्रयास से थोड़ा हटकर है। कुलपति ने बताया कि झारखंड में उच्च शिक्षा में इस तरह के अनूठे प्रयास के पीछे छात्राओं के साथ यूनिवर्सिटी के शिक्षकों का हित भी शामिल है।

आज जब एनईपी 2020 ने उच्च शिक्षा में इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने जैसे नए नए मानदंड सामने रखें हैं तो ऐसे कदम उठाने पड़ेंगे। यह छात्राओं में शैक्षिक उत्कृष्टता, पारस्परिक संवाद क्षमता, अपने डिसिप्लिन या इंटरडिसिप्लिनरी नॉलेज एवं रिसर्च एक्सपोजर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अंतर्गत आनेवाले दिनों में देश-विदेश के जाने माने शिक्षाविद और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ यहाँ आकर या विडीयो कॉफ्रेंसिंग से भी व्याख्यान देंगे।



कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता।

> आज जब एनईपी 2020 ने उच्च शिक्षा में इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने जैसे नए नए मानदंड सामने रखें हैं तो छात्राओं में शैक्षिक उत्कृष्टता, पारस्परिक संवाद क्षमता, अपने डिसिप्लिन या इंटरडिसिप्लिनरी नॉलेज एवं रिसर्च एक्सपोजर के लिए ऐसे कदम उठाने होंगे। उच्च शिक्षा में व्याख्यान माला जैसे अनूठे प्रयास से छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी देश विदेश के विशेषज्ञों का यहां आकर या वीडियोकांफ्रेंसिंग से व्याख्यान सुनने का अवसर मिलेगा
> **- प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता, माननीय कुलपति, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी**

कुलपति ने इस व्यख्यान माला का नामकरण वीर बिरसा मुंडा के नाम पर किया है। देश वीर बिरसा मुंडा के योगदान को भुला नहीं सकता कि कैसे पच्चीस वर्ष की छोटी सी आयु में उन्होंने अंग्रेजो को वर्षो तक न भूलनेवाली गहरे जख्म दे दिए थे।

# नारायणी को हुआ अवतार, बधाई सारे भक्तों को... जैसे भजनों पर झूम उठीं सभी महिलाएं

- जुगसलाई में दो दिवसीय मंगसीर नवमी महोत्सव धूमधाम से आयोजित, मंगल पाठ में शामिल हुईं 601 महिलाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई में दो दिवसीय श्री राणी सती दादी का मंगसीर नवमी महोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ शुक्रवार को संपन्न हुआ। श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के दूसरे दिन जुगसलाई डी कोस्टा रोड़ स्थित रंगलाल मैरिज हाऊस में राणी सती दादी जी के सामूहिक मंगल पाठ में 601 महिलाएं चुदड़ी ओढ़े राजस्थानी परिधान में शामिल हुई। सभी महिलाओं के बीच सुहाग सामग्री का वितरण किया गया। दादी जी को 56 प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया गया। देर रात महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। सुधा-अनिल कुमार अग्रवाल (समिति अध्यक्ष) ने पूजा की और समिति के कलाकारों ने श्री गणेश वंदना से मंगलपाठ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





**नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति** : आमंत्रित कलाकार कोलकाता से आईं मनीषा भार्गव द्वारा सामूहिक मंगल पाठ वाचक किया गया। मंगल पाठ के दौरान बीच-बीच में भजनों की भी शानदार प्रस्तुति की गयी। मंगल पाठ के बीच में कोलकाता से आये सोनू एण्ड पार्टी द्वारा श्री राणी सती दादी जी के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका सहित राधा-कृष्ण की शानदार झांकी प्रस्तुत किया गया। मंगल पाठ के दौरान जय दादी की जयकारों की गूंज गूंजती रही।

**इनका रहा योगदान :** महोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सचिव अजय अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मनीष केडिया, बैजनाथ शर्मा, दिलीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, राजेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दीपक गोयल, उमेश कुमार, सीताराम खंडेलवाल, अंशुल रिंगसिया, दिलीप रिंगसिया, संजय कसेरा, सुरेश अग्रवाल, गोविंद भारद्वाज, पारस अग्रवाल, राजीव केडिया, अवतार सिंह, संजय अग्रवाल, अरूण कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, सरोज खंडेलवाल, मेघा रिंगसिया, सुनीता कसेरा, दीपा रिंगसिया, प्रियंका अग्रवाल, सुनीता भारद्वाज, सिंपल अग्रवाल, सूलेखा अग्रवाल, नैना मित्तल, सविता खंडेलवाल, काजल केडिया, कविता गोयल माया अग्रवाल, रचना केडिया, रेणु गर्ग, अदिति भारद्वाज समेत समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा।


## झारखण्ड सरकार
## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

### प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया–हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– चंदाघासी, थाना–नामकुम, थाना संख्या क्रमशः –300, अंचल–नामकुम एवं अरगोडा जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा– बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया–हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–चंदाघासी, थाना–नामकुम, थाना संख्या क्रमशः– 300, अंचल– नामकुम, जिला–राँच में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**30.181** ,एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा– चंदाघासी(B)**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | भूमि का प्रकार | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | 128 | 718 | 0.109 | दोन एक 17 | श्रीमती इन्दु तिर्की , पति–श्री मोसो तिर्की, जाति– | 714 | 720 | Boundary | 909 |
| 52 | 128 | 719 | 0.125 | दोन एक 3 | श्रीमती इन्दु तिर्की , पति–श्री मोसो तिर्की, जाति– —— | 718 | 721 | 720 | 606 |
| 53 | 23 | 721 | 0.142 | दोन एक 6 | चौतन लोहार , वल्द–अन्दु लोहार, जाति– —— एवं करमा लोहार , दासो लोहार , पेशरान–मादी लोहार, जाति– —— एवं करमा लोहार , गुरकल लोहार , लोदो लोहार , पेशरान–गन्दुर लोहार, जाति– —— | 720 | 723 | 722 | 605 |
| 54 | 75 | 723 | 0.158 | दोन एक 44 | मथुरा साहु , वल्द–गोविन्द साहु, जाति–साह एवं भोला साहु , लोकनाथ साहु , प्रसाद साहु , पेशरान–भगत साहु, जाति–साह | 721 | 736 | 726 | 601 |
| 55 | 187 | 608 | 0.439 | दोन तीन 8 | वकास्त भुइहरी, | 609 | 607 | 712 | 623 |
| 56 | 185 | 606 | 0.204 | दोन तीन 2 | वकास्त भुइहरी, | 608 | 605 | 718 | 607 |
| 57 | 186 | 605 | 0.153 | दोन तीन 1 | सुनुवा उराँव , पिता–लंगड़ा उराँव, जाति– —— | 606 | 604 | 721 | 607 |
| 58 | 4 | 601 | 0.453 | दोन दो 0 | वकास्त, भुखल लोहार , पिता–गन्दुरा लोहार, जाति– —— | 723 | 595 | 723 | 600 |
| 59 | 127 | 602 | 0.018 | खलीहान 1 | बुधुवा उराँव वगैरह , पिता–एम्बो उराँव, जाति– —— | 603 | 600 | 601 | 598 |
| 60 | 23 | 603 | 0.017 | खलीहान 1 | चौतन लोहार , वल्द–अन्दु लोहार, जाति– —— एवं करमा लोहार , दासो लोहार , पेशरान–मादी लोहार, जाति– —— एवं करमा लोहार , गुरकल लोहार , लोदो लोहार , पेशरान–गन्दुर लोहार, जाति– —— | 605 | 602 | 601 | 598 |
| 61 | 143 | 604 | 0.018 | परती कदमी 0 | गेरमजरुआ मालीक | 605 | 603 | 601 | 598 |
| 62 | 188 | 595 | 0.158 | दोन तीन 1 | वकास्त भुइहरी जगतु , राम उराँव वगैरह | 601 | 594 | 723 | 596 |
| 63 | 127 | 596 | 0.384 | दोन तीन 2 | बुधुवा उराँव वगैरह , पिता–एम्बो उराँव | 599 | 593 | 595 | 597 |
| 64 | 103 | 599 | 0.024 | खलीहान 1 | लेदु उराँव वगैरह , जाति– —— | 600 | 596 | 601 | 598 |
| 65 | 22 | 597 | 0.03 | टाड़ दो 1 | सुकरा डोम , पिता–गनसु डोम, जाति– | 598 | 592 | 596 | 623 |
| 66 | 185 | 593 | 0.487 | दोन तीन 2 | वकास्त भुइहरी, | 596 | 589 | 594 | 592 |
| 67 | 1 | 594 | 0.228 | दोन तीन 3 | मझीहस, —— , जाति—— , निवासी– | 595 | 588 | 736 | 593 |
| 68 | 23 | 589 | 0.442 | दोन दो 2 | चौतन लोहार , वल्द–अन्दु लोहार, जाति– —— एवं करमा लोहार , दासो लोहार , पेशरान–मादी लोहार, जाति– —— एवं करमा लोहार , गुरकल लोहार , लोदो लोहार , पेशरान–गन्दुर लोहार, जाति– —— | 593 | 587 | 588 | 590 |
| 69 | 107 | 587 | 0.601 | दोन दो 4 | बुधु मिर्धा , पिता–बलवा मिर्धा, जाति | 589 | 586 | 588 | 590 |
| 70 | 23 | 588 | 0.305 | दोन दो 2 | चौतन लोहार , वल्द–अन्दु लोहार, जाति– —— एवं करमा लोहार , दासो लोहार , पेशरान–मादी लोहार, जाति– एवं करमा लोहार , गुरकल लोहार , लोदो लोहार , पेशरान–गन्दुर लोहार, जाति– | 594 | 586 | 740 | 587 |
| 71 | 58 | 586 | 0.239 | दोन तीन 3 | बुधु मिर्धा , वल्द–बलवा मिर्धा, जाति– – एवं फागुवा मिर्धा , भुली , सीटु , पेशरान–भान्दु मिर्धा, जाति– —— | 587 | 584 | 740 | 590 |
| 72 | 158 | 585 | 0.102 | दोन तीन 1 | वकास्त भुइहरी, —— , जाति | 586 | 741 | 740 | 586 |
| 73 | 93 | 743 | 0.12 | दोन एक 1 | रामदाश पाहन, वल्द–कीनु पाहन , जाति–मुण्डा, निवासी–साकिनदेह व रामदाश पाहन, वल्द–कीनु पाहन , जाति–मुण्डा, निवासी | 741 | 748 | 742 | 744 |
| 74 | 182 | 744 | 0.07 | दोन दो 1 | बंधना उराँव , पिता–बुधु उराँव, जाति– —— | 741 | 748 | 743 | 745 |
| 75 | 92 | 745 | 0.013 | दोन तीन 2 | ाेड़या पाहन , पिता–रामदास पाहन, जाति | 575 | 746 | 744 | 819 |
| 76 | 143 | 746 | 0.013 | परती कदीम 0 | गेरमजरुआ मालीक | 745 | 747 | 748 | 819 |
| 77 | 158 | 740 | 0.053 | दोन दो2 | वकास्त भुइहरी, —— , – | 736 | 741 | 739 | 588 |
| 78 | 1 | 1102 | 0.86 | | कीनु उराव,जेठो उराव,टुनु उराव, कान्हु उराव | 1099 | 1113 | 1116 | 1107 |
| 79 | 119 | 1105 | 0.368 | टाड़ दो 1 | भुटांग सोमरा उराँव वगैरह | 1104 | 1107 | 1102 | 1106 |
| 80 | 91 | 1104 | 0.312 | टाड़ दो 2 | महादेव उराँव , क्रीस्टो उराँव , पौलुस उराँव , पेशरान–मुण्डा उराँव, जाति– —— | 1097 | 1106 | 1102 | 946 |
| 81 | 143 | 1096 | 0.435 | परती पत्थर 0 | गेरमजरुआ मालीक | 1095 | 1097 | 1097 | 969 |
| 82 | 82 | 1098 | 0.332 | टाड़ दो 1 | जगरनाथ उराँव , लिटिया उराँव , पेशरान–लोदो उराँव, जाति– —— | 1094 | 1099 | 1093 | 1097 |
| 83 | 123 | 1094 | 0.747 | टाड़ दो 2 | मंगल उराँव वगैरह , पिता–सोमा उराँव, जाति– | 1089 | 1098 | 1093 | 1095 |
| 84 | 77 | 1089 | 0.055 | टाड़ दो 3 | मनीया उराँव , पिता–टेमे मादी, जाति–साह | 1087 | 1094 | 1090 | 1069 |
| 85 | 53 | 1069 | 0.381 | टाड़ दो 0 | फागुवा उराँव , वल्द–मखेया उराँव, जाति– —— एवं मो. मंगरी उराईन , जोजे–सोमरा उराँव, जाति– —— एवं डीम्बु , पिता–मखेया उराँव, जाति– —— | 1070 | 1095 | 1089 | 1068 |
| 86 | 52 | 1070 | 0.453 | वाग आम टाड़ दो 1 | फागुवा उराँव , वल्द–मखेया उराँव, जाति– —— एवं मो. मंगरी उराईन , जोजे–सोमरा उराँव, जाति– —— एवं डीम्बु , पिता–मखेया उराँव, जाति– | 1071 | 1069 | 1089 | 1068 |
| 87 | 197 | 1071 | 0.075 | टाड़ दो 2 | वकास्त भुइहरी, | 1074 | 1070 | 1078 | 1072 |
| 88 | 143 | 1088 | 0.021 | परती पत्थर 0 | गेरमजरुआ मालीक | 1087 | 1089 | 1087 | 1070 |
| 89 | 53 | 1087 | 0.197 | टाड़ तीन 1 | फागुवा उराँव , वल्द–मखेया उराँव, जाति– —— एवं मो. मंगरी उराईन , जोजे–सोमरा उराँव, जाति– —— एवं डीम्बु , पिता–मखेया उराँव, जाति– | 1078 | 1088 | 1086 | 1071 |
| 90 | 143 | 1078 | 0.039 | परती पत्थर 0 | गेरमजरुआ मालीक | 1077 | 1087 | 1079 | 1071 |
| 91 | 77 | 1077 | 1.013 | टाड़ दो 4 | मनीया उराँव , पिता–टेमे मादी, जाति–साह | 1046 | 1078 | 1079 | 1074 |
| 92 | 199 | 1050 | 0.005 | दोन तीन 3 | वकास्त भुइहरी, | 1023 | 1051 | 1049 | 1052 |
| 93 | 36 | 1048 | 0.671 | दोन एक 5 | चुन्दा उराँव , | 1026 | 1049 | 1043 | 1023 |
| 94 | 36 | 1043 | 0.06 | दोन एक 6 | चुन्दा उराँव , | 1031 | 1044 | 1042 | 1048 |
| 95 | 36 | 1046 | 0.048 | परती कदीम 1 | चुन्दा उराँव , | 1047 | 1077 | 1045 | 1050 |
| 96 | 36 | 1047 | 0.161 | दोन तीन 1 | चुन्दा उराँव , | 1049 | 1046 | 1045 | 1049 |
| 97 | 5 | 1026 | 0.017 | दोन एक 12 | महादेव तेली , वल्द–अन्तु तेली, जाति– —— एवं ललित तेली , वल्द–धनियाँ, जाति– —— एवं ललित तेली , अन्तु तेली , पेशरान–धनियाँ, जाति– —— एवं गोन्दा , वल्द–अहलाद तेली, जाति– —— | 758 | 1048 | 1028 | 1025 |
| 98 | 100 | 1027 | 0.515 | दोन एक 7 | लीटंगु उराँव , ——.........., जाति– —— | 1028 | 1048 | 1031 | 1026 |
| 99 | 25 | 1031 | 0.394 | दोन एक 9 | गन्दोरीआ उराँव , | 1029 | 1043 | 1032 | 1027 |
| 100 | 100 | 1028 | 0.2 | दोन एक 7 | लीटंगु उराँव | 758 | 1027 | 1029 | 1026 |
| 101 | 25 | 1029 | 0.561 | दोन एक 8 | गन्दोरीआ उराँव | 757 | 1031 | 1030 | 1028 |
| 102 | 168 | 1030 | 0.159 | दोन एक 8 | मादी उराँव , पिता–दुर्गा उराँव, जाति– —— | 757 | 1031 | 1033 | 1029 |
| 103 | 154 | 757 | 0.209 | दोन एक 2 | वकास्त भुइहरी, | 756 | 1029 | | 758 |
| 104 | 91 | 756 | 1.154 | दोन एक 11 | महादेव उराँव , क्रीस्टो उराँव , पौलुस उराँव , पेशरान–मुण्डा उराँव, जाति– —— | 754 | 757 | Boundary | 764 |
| 105 | 7 | 754 | 0.197 | दोन एक 3 | असमान कुम्हार , पिता–ढोटव कुम्हार, जाति– —— | 752 | 756 | 753 | 755 |
| 106 | 7 | 755 | 0.039 | दोन एक 1 | असमान कुम्हार , पिता–ढोटव कुम्हार, जाति– —— | 752 | 756 | 754 | 765 |
| 107 | 4 | 752 | 0.604 | दोन एक 23 | दीनानाथ महतो , पिता–मनी महतो, जाति– —— | 750 | 754 | Boundary | 766 |
| 108 | 192 | 766 | 0.486 | दोन एक 5 | | 747 | 765 | 752 | 767 |
| 109 | 168 | 767 | 0.417 | दोन दो 8 | मादी उराँव , पिता–दुर्गा उराँव, जाति– —— | | 784 | 766 | 774 |
| 110 | 182 | 748 | 0.68 | दोन दो 14 | बंधना उराँव , पिता–बुधु उराँव, जाति– —— | 743 | 752 | 749 | 747 |
| 111 | 75 | 600 | 0.040 | | नाम रू ठाकुर साहु,गोवीन्द साहु, परसाह साहु,गोवीन्द साहु,भोला साहु,भगत साहु, मथुरा साहु,गोवीन्द साहु,लोकनाथ साहु,भगत साहु | 600 | 599 | 601 | 598 |
| 112 | | 23 | 0.005 | | | | | | |
| | | कुल– | 30.181 | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– अमीन, जि0 भू0 अ0 का0,राँची।
ह0/– कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची।
ह0/– जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची।
ह0/– अपर समाहर्त्ता, राँची।
ह0/– उपायुक्त, राँची।

PR282678 (Land Reforms)22-23*D

# भारत का नॉन-पेपर

संयुक्त राष्ट्र की जलवायु संस्था ने इस मसौदे को फिल्हाल नॉन-पेपर का नाम दिया है, जो इस बात का संकेत है कि यह अंतिम संस्करण नहीं है। इसमें पिछले साल की ग्लासगो जलवायु संधि के लक्ष्य को दोहराया गया है। यह लक्ष्य अनियंत्रित कोयला आधारित बिजली के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के कदमों को तेज करने और जीवाश्म ईंधनों से जुड़ी बेअसर सब्सिडियों को कम करने और धीरे धीरे खत्म करने के विषय में है। इस दस्तावेज में सभी जीवाश्म ईंधनों के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की मांग नहीं की गई है. भारत और यूरोपीय संघ ने ऐसा ना करने का अनुरोध किया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है। मसौदे में घाटे और नुकसान के लिए एक कोष की स्थापना करने के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं है। यह द्वीप देशों जैसे अधिकांश जलवायु परिवर्तन के प्रति ज्यादा संवेदनशील देशों की एक प्रमुख मांग थी। मसौदे में बस इस बात का स्वागत किया गया है कि पहली बार सभी पक्षों ने माना कि शिखर सम्मलेन के एजेंडा पर घाटे और नुकसान के प्रति फंडिंग से संबंधित मामलों को शामिल किया जाए।

इसमें यह तय करने की किसी समय-सीमा का जिक्र नहीं है कि अलग से एक कोष बनाया जाना चाहिए या नहीं या उसका प्रारूप कैसा हो। ऐसा करने से वातार्कारों को इस विवादास्पद विषय पर काम करते रहने के लिए और समय मिल गया। मसौदे में पेरिस समझौते के तापमान लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर स्तर पर हर कोशिश की अहमियत पर जोर दिया गया है। यह लक्ष्य है वैश्विक औसत तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे रखना और पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तकसीमित करने की कोशिश करना।

# पृथ्वी पर संकट

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की उस चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि इंसानी जीवन को बचाने के लिये अब बहुत ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मिस्र के शर्म-अल-शेख में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन कॉप-27 में गुतारेस की उक्त टिप्पणी को गंभीर चेतावनी मानते हुए दुनिया के अमीर व गरीब मुल्कों को गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। लेकिन विडंबना यही है कि दुनिया में सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़कर गरीब व विकासशील मुल्कों को जीवाश्म ईंधन का उपयोग बंद करने की दलीलें दे रहे हैं। पर्यावरण संकट का असर विश्वव्यापी है और सभी विकासशील व विकसित देश इसका ताप महसूस कर रहे हैं। चक्रवात से लेकर अतिवृष्टि व अनावृष्टि का कहर पूरी दुनिया पर दिखायी दे रहा है। तमाम देशों में बारिश के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव आया है। कुल मिलाकर यह संकट किसी देश विशेष का न होकर सारी मानवता का है। दुनिया के सबसे अमीर मुल्क ही कार्बन उत्सर्जन के लिये सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। जब विकसित देशों ने तमाम उद्योगों के जरिये मोटी कमाई करके प्रदूषण को खराब कर दिया है तो अब विकासशील देशों पर जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को बंद करने के लिये दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उनके विकास का पहिया रुक जायेगा। अमेरिका, ब्रिटेन व चीन जैसे देश खूब जीवाश्म ईंधन का प्रयोग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पर्यावरण बचाने में जिम्मेदारी निभाने से कतराते हैं। जहां तक भारत में पर्यावरण संकट का प्रश्न है तो एक चेतावनी वाली स्थिति बन रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग की वह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। चैन्नई का नवंबर में डूबना और दिल्ली की धुंध गंभीर संकेत दे रहें हैं।

# सामाजिक समरसता बढ़ायेगा सवर्ण आरक्षण

**कहते** हैं गरीबी से बड़ा अभिशाप नहीं। गरीबी न जाति देखती है न धर्म। पिछड़ेपन के मूल में भी गरीबी ही है। केंद्र की प्रगतिशील और संवेदनशील सरकार ने समाज के इस सच को पहचाना और 2019 में संविधान संशोधन विधेयक लाकर देश में निर्धन सवर्ण आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया जो गरीबी के कारण पिछड़े सवर्णों को सामाजिक न्याय का सम्बल प्रदान करेगा। यह फैसला आर्थिक समानता के साथ ही जातीय वैमनस्य दूर करने की दिशा में ठोस कदम है, इसका स्वागत इसलिए होना चाहिए क्योंकि यह उन सवर्णों के लिए एक बड़ा सहारा है जो आर्थिक रूप से विपन्न होने के बावजूद आरक्षित वर्ग सरीखी सुविधा पाने से वंचित रहे हैं। दरअसल आर्थिक आधार पर आरक्षण का फैसला प्रधानमंत्री मोदी जी की ह्रसबका साथ, सबका विकासह्व की अवधारणा के अनुकूल है। इससे न केवल सवर्ण गरीबों का जीवन स्तर सुधरेगा बल्कि जातिगत आधार पर होने वाले आरक्षण के विरोध की तीव्रता भी काम होगी और देश में आपसी सद्भाव का वातावरण बनेगा। इसी चर्चित और उपयोगी विधेयक पर विगत सोमवार को माननीय उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय खंड पीठ ने भी अपनी मुहर लगा दी। उन्होंने मोदी सरकार के 2019 के संविधान संशोधन की वैधता को बरकरार रख सवर्ण आरक्षण पर अपनी संस्तुति प्रदान कर दी और इस तरह से सवर्ण गरीबों को जातिगत आरक्षण के परे एक संजीवनी देने का कार्य किया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय की दिशा में उठाया गया यह अत्यंत महत्वपूर्ण कदम था जिसको अब सर्वोच्च न्यायालय की संस्तुति भी मिल गयी। गरीबी उन्मूलन की दिशा में इसके अत्यंत सार्थक परिणाम होंगे। इसका व्यापक रूप से स्वागत होना चाहिए।

गरीब सवर्णों को आर्थिक आरक्षण देने के लिए संविधान में किए गए 103वें संशोधन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बेंच में चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस रविंद्र एस भट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला शामिल थे। याचिकाकताओं ने 103वें संशोधन की खामियां और संविधान की मूल संरचना को लेकर दलीलें दी थीं।





- श्याम जाजू

> गरीब सवर्णों को आर्थिक आरक्षण देने के लिए संविधान में किए गए 103वें संशोधन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बेंच में चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस रविंद्र एस भट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला शामिल थे। याचिकाकताओं ने 103वें संशोधन की खामियां और संविधान की मूल संरचना को लेकर दलीलें दी थीं।

पर अब दस फीसदी एहर आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लग गई है। संविधान पीठ ने 3: 2 के बहुमत से संवैधानिक और वैध करार दिया है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला ने बहुमत का फैसला दिया और 2019 का संविधान में 103 वां संशोधन संवैधानिक और वैध करार दिया गया है। अदालत ने कहा झ्र एहर कोटे से संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं हुआ। इसी के साथ आरक्षण के खिलाफ याचिकाएं खारिज की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटा सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 50% कोटा को बाधित नहीं करता है। ईडब्ल्यूएस कोटे से सामान्य वर्ग के गरीबों को फायदा होगा। ईडब्ल्यूएस कोटा कानून के समक्ष समानता और धर्म, जाति, वर्ग, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर और सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है। खंड पीठ के सदस्य जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने एहर आरक्षण को संवैधानिक करार दिया और कहा कि ये संविधान के किसी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करता।

ये आरक्षण संविधान को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। ये समानता संहिता का उल्लंघन नहीं है। जस्टिस बेला त्रिवेदी ने भी आरक्षण को सही करार दिया। इस पर जस्टिस माहेश्वरी से सहमति जताई है। जस्टिस त्रिवेदी ने कहा कि अगर राज्य इसे सही ठहरा सकता है तो उसे भेदभावपूर्ण नहीं माना जा सकता। ईडब्ल्यूएस नागरिकों की उन्नति के लिए सकारात्मक कार्रवाई के रूप में संशोधन की आवश्यकता है। असमानों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जा सकता। रएइउ अलग श्रेणियां बनाता है। अनारक्षित श्रेणी के बराबर नहीं माना जा सकता। ईडब्ल्यूएस के तहत लाभ को भेदभावपूर्ण नहीं कहा जा सकता।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 103 वें संविधान संशोधन का बचाव करते हुए कहा कि सामान्य वर्ग के ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत कोटा एससी, एसटी और ओबीसी के लिए उपलब्ध 50 प्रतिशत आरक्षण को छेड़े बिना प्रदान किया गया है। किसी संवैधानिक संशोधन को यह स्थापित किए बिना रद्द नहीं किया जा सकता है कि यह संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है। दूसरा पक्ष इस बात से इंकार नहीं कर रहा है कि उस अनारक्षित वर्ग में संघर्ष कर रहे या गरीबी से जूझ रहे लोगों को किसी सहारे की जरूरत है। इस बारे में कोई संदेह नहीं है।

अब चूंकि देश की न्यायपालिका ने इस विधेयक पर अपनी मोहर लगा दी है, सारे विवादों का अब समापन हो जाना चाहिए। हमें याद करना चाहिए स्वर्गीय अरुण जेटली जी के शब्द जो उन्होंने इस विधेयक पर बहस करते हुए कहे थे। उन्होंने कहा था कि, ह्वयह विधेयक सभी वर्गों के लोगों को समान लाभ देने का सरकार की ओर से प्रयास है। सरकार बिल के जरिए समाज में बराबरी लाने की कोशिश कर रही है।ह्व जेटली जी ने कहा था ये सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ स्पष्ट किया है कि 50 फीसदी आरक्षण की लिमिट केवल जातिगत आरक्षण के लिए है।

बिल संसद से पास होने के बाद आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा हो सकता है। 8 जनवरी 2019 को गरीब सवर्ण आरक्षण के मसौदे पर संसद में बहस प्रारम्भ करते हुए भाजपा नेता थावरचंद गहलोत जी ने कहा था कि यह आरक्षण ही सबका साथ सबका विकास है। इस प्रावधान का लाभ बहुत लोगों को मिलेगा, यही सच है और इसे सभी को स्वीकार करना चाहिए।

(लेखक, भाजपा के निर्वतमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)

## खास बात

### निर्दलीय कोड़ा ने बनाया कीर्तिमान

**उदय चौहान**

मधु कोड़ा 709 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे कीर्तिमान बनाया। निर्दलीय विधायकों की ओर से समर्थन वापस लेने के कारण मधु कोड़ा की सरकार गिरी। इन्हीं राजनीतिक कारणों में उलझ कर यहां की समृद्धि को ग्रहण लग गया। पिछड़ेपन का दंश झेलने के लिये यहां के आदिवासी-मूलवासी मजबूर हैं। आठवीं सरकार झामुमो-भाजपा की तीसरी बार अर्जुन मुंडा सीएम बने। नौवीं सरकार कांग्रेस व राजद के सपोर्ट से पहली बार सीएम हेमंत सोरेन बने। इसके बाद हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की शर्त पर झामुमो व कांग्रेस का गंठबंधन हुआ। 10वीं सरकार रू रघुवर के नेतृत्व में बनी सरकार ने पहली बार पूरा किया कार्यकाल। वर्ष 2014 के चुनाव में राज्य की जनता ने एनडीए को पूर्ण बहुमत दिया।

फिलहाल, झारखंड में मचे राजनीतिक घमासान के बीच नेताओं का धैर्य टूट रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में सत्ता पक्ष गोलबंद हो रहा है। रोज शक्ति प्रदर्शन हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी लगातार जिलों का दौरा कर राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साध रहे हैं। अब यह राजनीतिक खींचतान एक- दूसरे को देख लेने से लेकर टांग तोड़ने और पटककर मारने की धमकी तक पहुंच गई है। हेमंत सरकार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर और हाल ही में आय से अधिक संपत्ति के मामले में विधायकी गंवाने वाले कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के धमकी भरी चेतावनी से भाजपा भड़क गई है। भाजपा के प्रमुख नेताओं ने भी पलटवार करते हुए पटककर मारने का स्थान और समय बताने को कहा है।

बाबूलाल मरांडी 15 नवंबर 2000 से 17 मार्च 2003 तक पहली सरकार।

रघुवर दास 28 दिसंबर 2014 से 28 दिसंबर 2019 कार्यकाल पूरा करने वाली पहली सरकार।हेमंत सोरेन 29 दिसंबर 2019 से अब तक। अब तक जुगाड़ से ही पूर्ण बहुमत मिला सरकारें बनी। **(लेखक खबर मन्त्र के ब्यूरो चीफ हैं।)**

# श्रीराम का पराक्रम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शिवजी** का धनुष टूटा था उसका नाम पिनाक था। जनक के चौदह पीढ़ी पहले राजा देवरात को यह धनुष दिया गया था। तब से राजा जनक के परिवार में उस धनुष की पूजा हो रही थी।दोनों एक तरह के धनुष थे। परशुरामजी ने रामजी से शारंगधर धनुष का प्रत्यन्चा चढ़ाने को बोला। श्री राम ने शारंगधर धनुष अपने हाथ में लिया और अपने तरकस से वाण निकालकर उसके उपर चढ़ा दिया। परशुराम के मन में काफी आश्चर्य हुआ। वे सोचे आह ये तो साक्षात ही भगवान हैं। मैं इन्हें नहीं पहचान सका। जिस गुरु भक्ति से मैं गिरा हुआ हूं उस गुरु भक्ति को ये प्राप्त किये हुए हैं। वे हाथ जोड़ दिये। श्री राम ने कहा कि मेरी समस्या यह है कि यह रामबाण है। अगर तरकस से निकल गया तो पुनः लक्ष्य भेदन करने के बाद ही तरकस में आता है। अतः मैं इस बाण का कहां संधान करूं आप बताइये। क्योंकि मैं इसे आपके उपर छोड़ नहीं सकता। परशुराम ने कहा श्री राम मैंने आपको पहचाना नहीं। अतः मेरे पुण्य नष्ट हो गये हैं। मेरे तप के फलस्वरूप मेरे भोग के लिये जो पुण्य लोक बने हैं, आप उन सारे लोकों पर बाण मार दिजिये, ये कटकर गिर जायेंगे। देखते-देखते श्री राम ने बाण मारा और विभिन्न जो पुण्य लोक परशुरामजी के बने हुये थे वे कटकर गिर गये। पुनः परशुराम जी श्री राम की स्तुति करते हुये सभा से चले गये।

परशुराम जी के सभा से चले जाने के बाद सबके अंदर प्रसन्नता व्याप्त हुई और राज जनक जी ने विश्वामित्र जी से कहा मुनिवर मेरी एक और लड़की है। सीता की बहन उर्मिला से लक्ष्मण जी का विवाह करा दिया जाए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**कुछ** परिवार आज भी मानते हैं उनके अलावा कोई और कैसे देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, हम ही श्रेष्ठ हैं...चाणक्य का सूत्र है 'जो ज्येष्ठ है वो श्रेष्ठ नहीं होता, जो श्रेष्ठ होता है वही ज्येष्ठ है'।

**-अमित शाह गृह मंत्री**

## आपके ट्वीट

जल जीवन का अनन्य स्त्रोत है और प्रकृति पर्यावरण सन्तुलन में भी जल नाभिकीय तत्त्व है ! भविष्य में जल ही बड़ी सम्पदा और शक्ति होगी, जल है तो कल है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**





झारखंड के युवाओं,यहां की महिलाओं में असंभव को हासिल करने की क्षमता है। खेल और पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर रहें।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

# इमरान पर हमला पाकिस्तान अराजकता की ओर

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

**इमरान खान** पर जानलेवा हमले के बाद पाकिस्तान में अराजकता और अव्यवस्था व्यापक स्तर पर फैलने की आशंका है। इमरान पर हमले से पहले ही जनता सड़कों पर आ गई थी। अवाम का अपने मौजूदा कर्णधारों पर कोई यकीन नहीं हो पा रहा है। यह सबको पता है कि इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार को सेना के जनरलों द्वारा जोड़-तोड़ करके हटवाया गया था। इसके बावजूद इमरान खान की तहरीके इंसाफ पार्टी (पीटीआई) की पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रदेश में सरकारें हैं। यानी इमरान खान की हैसियत कोई छोटी नहीं है। उनकी राजनीति ईमानदारी पर भी कोई शक नहीं कर सकता। इस मोर्चे पर उनका अभी तक का जीवन बेदाग सा ही रहा है। पाकिस्तान में इमरान खान के सामने नवाज शरीफ, उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ तथा आसिफ अली जरदारी हैं। इन सब पर अरबों रुपये के घोटाले के आरोप हैं। ये सब हजारों करोड़ की चल और अचल संपत्ति के मालिक भी हैं। शरीफ बंधु जनता को झूठे सब्जबाग दिखा कर ही अबतक चुनाव जीतते रहे हैं। ये घनघोर रूप से पतित और भ्रष्ट राजनीतिक हैं। नवाज ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कभी भी कोई सघन प्रयास नहीं किए। उनके समय में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति से अवाम का बुरा हाल था और देश में कहीं से कोई विदेशी निवेश नहीं आ रहा था। अब उनके अनुज शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं। वे करप्शन के आरोपों से में आकंठ डूबे हुए हैं। जरदारी साहब तो उससे भी महान हैं। उनके करप्शन के मामलों की गिनती करना तक एक कठिन काम है। यह वास्तव में पाकिस्तान की जनता के साथ अन्याय ही हो रहा है। शहबाज शरीफ की इमेज मुहाजिर विरोधी भी रही है। वे मुहाजिरों यानी भारत से जाकर पाकिस्तान में जा बसे मुसलमानों के खिलाफ हैं। उन्होंने एक बार मुहाजिरों पर एक सभा में तंज करते हुए कहा था कि वे (जो उत्तर प्रदेश-बिहार से 1947 में पाकिस्तान चले गए थे) पान खाने वाले कराची की तरह लाहौर को भी खूबसूरत बना देंगे। पान खाने वालों से उनका इशारा मुहाजिरों से ही था। शहबाज शरीफ पर यह भी आरोप हैं कि उन्होंने हाल ही में बाढ़ से बर्बाद पाकिस्तानियों के लिये कुछ नहीं किया। पाकिस्तान में बाढ़ से 1000 से अधिक लोग मारे गये थे और लाखों बेघर हो गये थे। बाढ़ के चलते भारी संख्या में घर उजड़ गए, खेत तबाह हो गए और पेट्रोल पंप डूब गए। बाढ़ ने सबसे ज्यादा तबाही पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मचाई। देश का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ में डूबा । बाढ़ ने पाकिस्तान में अनाज से लेकर पीने का पानी तक छीन लिया। सिंध और पंजाब में कपास की खेती बर्बाद हो गई। कपास की करीब 10 लाख एकड़ की फसल तबाह हुई। इसके अलावा, 6 लाख एकड़ में लगा हुआ धान, एक लाख एकड़ में लगा खजूर और करीब 7 लाख एकड़ में लगा गन्ना भी तबाह हुआ। दरअसल पाकिस्तान में सरकारों का जनता के दुख-दर्द से कोई सरोकार नहीं रहा। उनका सारा फोकस रक्षा बजट में बढ़ोतरी करना रहता है। उन्हें देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की रत्तीभर भी चिंता नहीं है। वहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर नाम की तो कोई चीज ही नहीं है। शिक्षा और सेहत पर भी खर्च को लेकर किसी तरह की गंभीरता नजर नहीं आती। उन्हें तो अपना रक्षा बजट ही बढ़ाना और उसमें कमीशन खाना होता है। इसका एक उदाहरण ले लीजिए। पाकिस्तान ने चालू वित्त वर्ष का रक्षा बजट पिछले वर्ष के मुकाबले 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 1523 अरब रुपये कर दिया है। सीधी सी बात है कि पाकिस्तान सुधरने वाला मुल्क नहीं है। उसकी बुनियाद में ही नफरत है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आक्रामकता नहीं हल

**आक्रामक** राहुल गांधी बदल पाएंगे कांग्रेस की किस्मत लेख पार्टी की नब्ज पर हाथ रखने वाला था। जरूरत इस बात की है कि पार्टी संगठन को मजबूत किया जाए। ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह सरकार के दौरान प्रस्तावित विधेयक की प्रतियां फाड़ कर दिखायी थी। उसके बाद मोदी सरकार सत्ता में आई थी।

**– मधुसूदन शर्मा, जमशेदपुर**

### महापुरुषों की राह

**राजनीतिक** क्षेत्र में बढ़ते स्वार्थ का खुलासा करने वाला रहा। चुनावी उम्मीदवार महापुरुषों का अनुसरण मात्र वोट बैंक भुनाने के लिए करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे, जनता का विश्वास धराशायी हो जाता है। उनकी करनी और कथनी में काफी अंतर दिखाई पड़ता है। जनहित राजनेताओं की आंखों से ओझल हो जाता है। यह समस्या आज सबसे खतरनाक है।

**–अनिल कौशिक,रांची**

# खेलों में बढ़े बेटियों की हिस्सेदारी और सहभागिता



**अजय कुमार सिंह**

## खेल

चाहे वो खेलो इंडिया हो, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम हो या फिट इंडिया मूवमेंट हो, ने खेलों में गंभीरतापूर्वक अपना करियर बनाने के लिए युवा मानस को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। अब इस दिशा में बढ़ने वालों की संख्या में दिनों-दिन निरंतर वृद्ध हो रही है। खासतौर से बालिका एथलीटों के लिए समानुभूति और समावेश परिवर्तनकारी एवं महत्वहपूर्ण साबित हुआ है। पिछले कई वर्षों से भारतीय खेल मंच पर हमारी महिला एथलीटों ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने विश्वभर को दिखा दिया है कि भारत की महिला चुनौतियों का सामना करने और विश्वभर में ख्याति प्राप्ति करने के लिए तैयार है। महिला खिलाड़ियों के इन शानदार प्रदर्शनों और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा हाल में किए गए सुधारों के फलस्वरूप खेलों में महिलाओं की समावेशिता और उनकी शिरकत के प्रति जागरूकता पैदा हुई है।

इससे युवतियों की एक पूरी पीढ़ी को खेलों में सक्रिय तौर पर भाग लेने की प्रेरणा मिली है। गर्व से कहा जा सकता है कि आने वाले टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए योग्य घोषित कुल भारतीय एथलीट्स में से 43 प्रतिशत महिला एथलीट हैं। भारत को खेलों के मामले में महाशक्ति का दर्जा दिलाने के लिए महत्वपूर्ण है कि बिल्कुल शुरूआती स्तर से ही बच्चों की खेलों में प्रतिभागिता बढ़ाई जाए। एक विस्तृत प्रतिभागिता आधार बनाकर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि बड़ी संख्या में बच्चे खेल को अपने करियर के तौर पर अपनाएं। यह महत्वपूर्ण है कि इस प्रतिभागिता आधार का 50 प्रतिशत हिस्सा युवतियों के नाम हो और किसी भी कीमत पर उन्हें पीछे नहीं छोड़ा जाए।

खेलो इंडिया योजना के तहत उन बाधाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो खेल-कूद में भाग लेने वाली बच्चियों और महिलाओं के सामने पेश आती हैं और इन बाधाओं को दूर करने का तंत्र बनाने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। खेलो इंडिया योजना के तहत 2018 में जहां 657 महिला एथलीटों की पहचान कर उन्हें समर्थन उपलब्ध कराया गया वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1471 (223 प्रतिशत की वृद्धि) हो गई है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत हम उच्च प्रतिस्पर्धा वाले खेलों में अपने उन एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण, विश्व स्तरीय शारीरिक और मानसिक अनुकूलन, वैज्ञानिक शोध, दिन-प्रतिदिन निगरानी और कांउसलिंग तथा पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हैं जो ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने की क्षमता रखते हैं।

सितम्बर 2018 में टीओपीएस योजना के तहत 86 महिला एथलीटों को शामिल किया गया और यह बताने में बहुत प्रसन्नता होती है कि आज यह संख्या बढ़कर 190 (220 प्रतिशत की वृद्धि) हो गई है।

खेलों में महिलाओं को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हमें बड़े पैमाने पर सामाजिक ष्टिकोण में बदलाव लाना जरूरी है। युवतियों को घरों से बाहर लाना, उन्हें सुरक्षित माहौल देना और शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति देना और इसके लिए उच्च स्तररीय कोचिंग और अवसंरचना उपलब्ध कराना- यह सरकार और समाज दोनों के सामूहिक प्रयास से ही संभव हो पाया है। **(लेखक ,खबर मन्त्र के ब्यूरो चीफ हजारीबाग हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन ने की कार्रवाई

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान शुक्रवार को रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 पत्थर चिप्स लदे वाहनों को बिना वैध दस्तावेजों के खनिजों का परिवहन करने का दोषी पाया गया। जिसके उपरांत दोनों वाहनों को जब्त कर रामगढ़ थाना को सुपुर्द किया गया।

## 11 हजार वोल्ट का तार दुर्घटना को दे रहा है आमंत्रण : किसुन यादव



**बरही।** जिला परिषद उपाध्यक्ष हजारीबाग किशुन यादव ने कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, हजारीबाग को लिखित आवेदन देकर अवगत करवाया है कि उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, विजैया के परिसर से 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार को स्थानांतरित करने का मांग किया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से कहा कि उपर्युक्त विषय प्रभारी प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, विजैया द्वारा सूचित किया गया है कि विद्यालय परिसर से 11 हजार बोल्ट का विद्युत तार गया हुआ है, जिससे विद्यालय में अध्ययनरत 1650 छात्र-छात्राओं पर खतरा बना रहता है। साथ ही विद्युत तार हटाने का अनुरोध किया गया है। इसलिए मेरी अनुशंसा है कि उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय, विजैया परिसर से गुजरे हुए विद्युत तार को स्थानांतरित किया जाए।

## सीपीसी इंटर कॉलेज शासी निकाय की बैठक संपन्न

**गोला।** सीपीसी इंटर कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को महाविद्यालय शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के अध्यक्ष जलेश्वर महतो द्वारा की गई। बैठक में मुख्यतः महाविद्यालय के विकास तथा एथलीटिक्स खेल-कूद आयोजित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। शासी निकाय के सरकारी पदेन सदस्य एसडीईओ खुशबू, विधायक प्रतिनिधि चंदन प्रसाद, शिवनंदन महतो, सुरेश कुमार, लखेश्वर कुमार आदि बैठक में मौजूद थे।

## बड़कागांव पुलिस इंस्पेक्टर श्यामचंद्र सिंह बने थाना प्रभारी

**बड़कागांव।** बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह पुलिस सर्किल के साथ-साथ बड़कागांव थाना का भी कार्य को देखेंगे। उन्होंने आज बड़कागांव थाना का भी प्रभार लिया। तत्कालीन थाना प्रभारी विनोद तिर्की 2 माह के लिए प्रशिक्षण में जाने के कारण इंस्पेक्टर श्री सिंह को बड़कागांव थाना का प्रभार दिया गया।

## सीसीएल सौंदा का रोहित कुमार एक सप्ताह से लापता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सीसीएल सौंदा निवासी ललिन्द्र पासवान का पुत्र 17 वर्षीय रोहित कुमार पिछले एक सप्ताह से लापता है। इस संबंध ललिन्द्र पासवान द्वारा भुरकुंडा ओपी में लिखित सूचना दी गई है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छापेमारी में मिले विस्फोटक

## 148 पीस जिंदा कारतूस, गोली खोखा 22 समेत अन्य सामग्री बरामद

खबर मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया पु.अ.नि. सह थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 16 नवम्बर दिन बुधवार के देर शाम गुप्त सूचना मिली की हजारीबाग से बगोदर जाने वाले रास्ते मे स्थित परवा नदी पुरानी पुल के नीचे पिलर के पास पानी धार के आसपास में बंदूक की गोली जैसा दिखने वाला सामग्री है। सूचना मिलते ही मामले को सत्यापन हेतु सनहा दर्ज कर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने पुष्टि हेतु स.अ. नि. ब्रह्मदेव यादव सशस्त्रबल के साथ स्थल के लिए प्रस्थान किया। मिली सूचना के मुताबित हजारीबाग से बगोदर जाने वाले मार्ग में स्थित परवा नदी पुरानी पुल के नीचे टोर्च आदि से खोजबीन (जांच) करना आरम्भ किया। पुल के नीचे प्रथम पिलर के समीप धार के किनारे 8-10 की संख्या में गोली का खोखा दिखाई दिया। उसके बाद साथ गए छापेमारी दल के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने टोर्च एवं अन्य लाईट के माध्यम से आसपास गहराई में खोजबीन के दौरान सीमेंट का कीचड़ से सना बोरा से तथा पिलर के आसपास से जंग लगा हुआ 16 निष्क्रिय हेंड ग्रेनेट बॉडी, ग्रेनेट बेस प्लग 08, ग्रेनेट का स्प्रिंग 2, ग्रेनेट स्ट्राइकर 09, ग्रेनेट चाभी 02, ग्रेनेट लिवर 08 पीस, राइफल का जंग लगा हुआ जिंदा कारतूस 57 पीस, जंग लगा हुआ 148 पीस जिंदा कारतूस, गोली खोखा 22, समेत अन्य सामग्रियों को बरामद किया गया। हालांकि थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वर्तमान २५(1)अ/26/27/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामले को अज्ञात अपराधियो के खिलाफ दर्ज किया गया। छापामारी के दौरान पु.अ.नि. सह थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, स.अ. नि. ब्रह्मदेव यादव, हवलदार आबिद हुसैन अंसारी, टिंकू कुमार, मो.इमदाद हुसैन, संजय कुमार, प्रमोद केसरी, संदीप कुमार यादव, संग टाटीझरिया थाना के सभी चौकीदार एवं दिग्वार शामिल थे।



प्रेस वार्ता करते थाना प्रभारी व अन्य

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के टालीवान धौड़ा में शुक्रवार को फांसी लगाकर महिला द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार टालीवान धौड़ा भुरकुंडा निवासी करण पासवान की 22 वर्षीय पत्नी निशा कुमारी दोपहर लगभग डेढ बजे घर में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त निशा के पति व ससुर रोड सेल के सभा में गये हुए थे। करण पासवान जब घर वापस लौटा तो देखा कि निशा घर के अंदर पंखे से दुपट्टा के सहारे झूल रही थी। जिसके बाद उसने शोर मचाया। तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा उसे भुरकुंडा अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि निशा का छह माह पूर्व ही विवाह हुआ था।

## भूमि अधिग्रहण अधिनियम को लेकर सीएम से मिलीं अंबा प्रसाद



खबर मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगातार भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू करने की मांग पर विगत दिनों माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने सदन में यह घोषणा की थी कि अब से अधिग्रहण की जाने वाली भूमि उइ अूइ से नहीं बल्कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत अधिग्रहित की जाएगी और उसका लाभ रैयतो को प्राप्त होगा। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू करने के प्रस्ताव को यथाशीघ्र कैबिनेट से पास कराने की मांग को लेकर दिन शुक्रवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की पूरे विधानसभा क्षेत्र में खनन कार्य कर रही कंपनियों के द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर बगैर भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का लाभ प्रदान किए खनन कार्य किए जाने पर माननीय मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अंबा प्रसाद ने इसे यथाशीघ्र कैबिनेट से प्रस्ताव पास कराने की मांग की। इस पर माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि यथाशीघ्र इसे कैबिनेट से पास कराया जाएगा जिसके तहत अब तक मिलने वाले मुआवजा राशि के विपरीत रैयतों जिन्होंने कंपनियों के द्वारा अभी तक जमीन के एवज में मुआवजा नहीं लिया है को लगभग 4 गुना अधिक मुआवजा प्राप्त होगा।

# पतरातू में बनेगा 100 बेड का प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल

साढ़े सात करोड़ की लागत से बनेगा हॉस्पिटल, अस्पताल में जांच से जुड़ी हाईटेक मशीनें लगेंगी

खबर मंत्र संवाददाता

**पतरातू।** केंद्र सरकार के विशेष योजना के तहत साढ़े सात करोड़ की लागत से पतरातू प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल का निर्माण होगा। अस्पताल निर्माण को लेकर शुक्रवार को रांची से आई टीम ने स्थल चयन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भूमि की जांच की। बताया गया कि अस्पताल का निर्माण 20 हजार वर्ग फीट जमीन पर होगा। यह अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही बनना है। बताते चलें कि इस तरह के अस्पताल का निर्माण रामगढ़ जिला में पहली बार होगा। कोविड-19 में मरीजों के इलाज में उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए प्री- फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है। अस्पताल की खासियत होगी कि यह अस्पताल बहुत कम समय में तैयार होगा। साथ ही अस्पताल को एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित भी किया जा सकेगा। भवन निर्माण कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर माह में अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। अस्पताल में कोरोना सहित अन्य संक्रमण बीमारियों के इलाज का समुचित व्यवस्था के तहत मरीजों का बेड लगाया जाएगा।



जमीन की जांच करती टीम।

### क्या होता है प्री-फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल

प्री- फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल बनाने में ईट, बालू, पत्थरों का उपयोग नहीं होता है। यह अस्पताल उन सामग्रियों से बने होते हैं, जिसे दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। इसके अलावा मॉड्यूलर प्रीफैब इकाइयों को अलग करना पुनर्निर्माण करना बहुत ही आसान होता है।

## एक नजर में

### अवैध रूप से जमीन हड़पने का लगाया आरोप

**दारू।** अंचल क्षेत्र के मेडुकरी खुर्द पंचायत के मेड़कुरी कला के भू रैयतों ने कुछ लोगों पर अवैध ढंग से रजिस्ट्री करवाकर उनकी जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष शशिमोहन सिंह के नेतृत्व में भू रैयत अंचलाधिकारी नीतू कुमारी से मिलकर लिखित आवेदन सौपा और उन्हें इस मामले की जानकारी दी। इस संबंध में बीस सूत्री अध्यक्ष ने भी अंचलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उचित करवाई करने का आग्रह किया। रैयतों ने दिए गए आवेदन में बताया कि मेड़कुरी कला के मोकतामा में खाता संख्या आठ प्लाट संख्या 1505,1506,1507, 1508, व 1509 को मिठू कुम्हार, सोमर कुम्हार दोनो पिता गोविंद कुम्हार के नाम से गलत ढंग से रजिस्ट्री की गई है जिसकी जांच की मांग उन्होंने की है। अंचलाधिकारी ने जांच के बाद विधिसम्मत करवाई की बात कही है।

### एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में निदेशक और खान के नामित मालिक का हुआ दौरा



**बड़कागांव।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह एवं चट्टी बरियातू में निदेशक (वाणिज्यक) सह खान के नामित मालिक एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने दौरा किया तथा पकरी बरवाडीह के खनन कार्यों की समीक्षा की। इसी दिन चट्टी बरियातू ने ट्रक के माध्य)म से अपना पहला कोयला एनटीपीसी के नॉर्थ करणपुरा थर्मल पावर प्लांट को भेजा। इस उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए, चंदन कुमार मंडल, निदेशक (वाणिज्यक) सह खान के नामित मालिक एवं पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने नॉर्थ करणपुरा संयंत्र के लिए कोयले से लदे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर के. चन्द्रशेखर, महाप्रबंधक (बादम), बी. एम. सिंह, परियोजना प्रमुख चट्टी बरियातू सीएमपी, तजिंदर गुप्ता, परियोजना प्रमुख नॉर्थ करणपुरा, फैज तैयब, परियोजना प्रमुख केरंडारी सीएमपी, टी. के. कोनार, महाप्रबंधक, कोयला खनन मुख्यानलय के साथ-साथ चट्टी बरियातू खान के खदान विकासकर्ता-सहझसंचालक मैसर्स रित्विक-एएमआर कंसोर्टियम के प्रतिनिधि शामिल थे।

### एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना के लिए बना ऐतिहासिक दिन



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने कोलकाता में आयोजित 16वीं वार्षिक पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) 2022 कॉन्क्लेव में कुल चार पुरस्कार प्राप्त किए हैं। पुरस्कार वितरण समारोह 12 नवंबर को पीआरसीआई के तत्वावधान में कोलकाता में आयोजित किया गया। 16वें पीआरसीआई कॉन्क्लेव में, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को 4 पुरस्कार जिसमे कला, संस्कृति और खेल अभियान के लिए कांस्य, शैक्षिक अभियान के लिए कांस्य, गृह पत्रिका प्रिंट (क्षेत्रीय भाषा) के लिए कांस्य, नैगम सामाजिक दायित्व अभियान के लिए प्रमाण पत्र।

### भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति ने बलकुदरा में किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को बलकुदरा खुली खदान के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन का का आयोजन किया गया। इस दौरान आमसभा भी हुई। आमसभा की अध्यक्षता गिरधारी गोप व संचालन संजय मिश्रा ने किया। प्रदर्शन में सेल समिति सहित लोकल सेल से जुड़े सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन को हर हाल में हमारी सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करना होगा। अन्यथा समिति उग्र व आक्रोशपूर्ण आंदोलन करेगी। सभा के बाद प्रबंधन को समिति द्वारा सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया। इसमें भुरकुंडा कोलियरी से उत्पादित कोयला का 75 प्रतिशत कोयला रोड सेल में देने, पेलोडर की जगह मैनुवल लोडिंग कराने, पीएलआर में ग्रामीण रैयत को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने, शिक्षा, स्वास्थ्य पानी, बिजली, सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने, भुरकुंडा कोलियरी में ही पुनः केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को स्थापित करने की मांग शामिल है। सभा को गिरधारी गोप, चंदर, जुगल पासवान, तुला खान, रविन्द्र आदि ने भी संबोधित किया।

### हमारा लक्ष्य महिलाओं की उन्नति, विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है : मनोज



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 31 के कांकेबार में शुक्रवार को महिला समूह की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर मनोज कुमार महतो ने महिला समूह के सदस्यों से समूह के बारे में जानकारी के ली। उन्होंने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला समूह गठन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की प्रगति और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना हैं। महिला सशक्तिकरण देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं का सशक्तिकरण सबसे महत्वपूर्ण चीज है क्योंकि वे रचनाकार होती हैं। अगर आप उन्हें सशक्त करें, उन्हें शक्तिशाली बनाएं, प्रोत्साहित करें, यह हमारे समाज के लिए अच्छा है। हमारा लक्ष्य महिलाओं की उन्नति, विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। उनके उद्देश्यों में महिलाओं के विकास के लिए सकारात्मक आर्थिक एवं सामाजिक नीतियों के माध्यम से ऐसा अनुकूल माहौल तैयार करना है।

## डीलर की मनमानी से कार्डधारी परेशान



परेशान कार्डधारी।

खबर मंत्र संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के अलौंजा खुर्द पंचायत में जन वितरण डीलरों की मनमानी इन दिनों चरम पर है। जिस कारण पंचायत के कार्ड धारी परेशान हैं। कार्ड धारियों को पोस मशीन में अंगूठा लगाने के लिए डीलर और मशीन के इर्द-गर्द घंटों खड़ा रहना पड़ता है। जिस कारण कार्ड धारी रोजी रोजगार नहीं कर पाते हैं। कार्ड धारी सौरव कुमार रवि और नरेश मेहता ने बताया कि पंचायत में 4 जन वितरण डीलर हैं जिसमें अनियमितता के आरोप में अनीता लकड़ा को निलंबित कर दिया गया है बावजूद इसके अनीता लाकड़ा के साथ अन्य तीन डीलर पोस मशीन लेकर पंचायत भवन के पास एकत्रित हो जाते हैं। कार्ड धारियों ने बताया कि पॉस मशीन में अंगूठा लग जाने के बाद अनाज का उठाव हो जाता है किंतु डीलरों द्वारा अनाज नहीं दिया जाता है। अंगूठा लगाने के बाद पूर्व से बोरी में पैक अनाज को एक कार्ड धारी के सामने तौलकर, फिर दूसरे कार्ड धारी के अंगूठा लगाने पर उसको मिलने वाला अनाज की मात्रा को उसी बोरी से निकल कर तौल दिया जाता है। डीलारों द्वारा कार्ड धारियों को कहा जाता है कि अनाज का उठाव हो चुका है एक-दो दिन बाद घर स्थित गोदाम में पहुंचकर राशन ले लीजिएगा। जबकि विभागीय नियम है कि जिस कार्ड धारी का अंगूठा पोस मशीन में लग गया उसको उसी वक्त अनाज तोल कर सही मात्रा में दे देना है लेकिन अलौंजा पंचायत के डीलर आठ दिनों से कार्ड धारियों का अंगूठा लगवा रहे हैं किंतु किसी भी कार्ड धारी को अनाज नहीं मिला है जिसके कारण कार्ड धारी डीलरों के घर आते जाते थक चुके है।

## रोजगार मेला के तहत चयन परीक्षा आयोजित



परीक्षा में शामिल विद्यार्थी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में शुक्रवार को रोजगार मेला के तत्वावधान में हायर मी कंपनी द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। बताया गया कि हायर मी एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने का अवसर मिलेगा। जिसमें गणित योग्यता, तर्कशक्ति, अंग्रेजी आदि कई विषयों के वस्तुनिष्ट प्रश्न शामिल थे। बताया गया कि परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए पुनः द्वितीय स्तर की परीक्षा आयोजित की जायेगी। साथ ही परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र देकर रोजगार से जोड़ा जायेगा। परीक्षा में जुबिली कॉलेज के 38 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.एनके तिवारी, प्रो.आलोक कुमार, प्रो.मनोज कुमार, महावीर व कृष्ण कुमार का विशेष योगदान रहा।

## हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से घबराया हुआ है विपक्षी दल : संजीव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रर्वतन निदेशालय द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री से पूछताछ मामले पर रांची में आयोजित आक्रोश रैली में बरका-सयाल कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाकों से सैंकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता रांची रवाना हुए। इनका नेतृत्व झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया कर रहे थे। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता व जनहित कार्य से घबराकर विपक्षी दलों द्वारा राज्य सरकार को अस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भलीभांति जानती है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लगातार विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं। श्री बेदिया ने कहा कि संघर्ष से उपजी हुई पार्टी झामुमो किसी से डरने वाली नहीं है। झामुमो ईडी व सीबीआई से घबराने वाली नहीं है। जनता आने वाले समय में इसका माकुल जवाब देगी।

## जल्द ही सरकार चलायेगी टीकाकरण अभियान : पशु चिकित्सक

खबर मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड में हंपी नामक जानवरों में फैलने वाली बीमारी गौ वंशीयों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। बिष्णुगढ़ प्रखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जानवर हंपी बीमारी से इफेक्टेड है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैल गाय के अलावे बकरियों में भी बीमारी होने की खबर मिल रही है। गौ पालक निजी पशु चिकित्सक से इलाज कराने में मोटे रकम की खर्च कर रहे हैं। इन्हें सरकारी चिकित्सकों का कोई लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। गांव गांव में जाकर बाहरी पशु चिकित्सकों द्वारा मोटे रकम एठ लिया जा रहा है। मामले पर प्रखंड पशु चिकित्सक चंदेश्वर प्रसाद से भेंटवार्ता कर जानकारी मांगने पर बताया कि विगत 2 वर्ष पूर्व जिस तरीके से मानव जीवन के लिए कोरोनावायरस खतरा बना था उसी प्रकार का हम्पी भी जानवरों के लिए एक खतरा है। बाकी जानवरों को इनफेक्टेड जानवरों से दूर रखें। सरकारी अस्तर से गोवंशीयों को मिलने वाले लाभ के मामले पर कहा की प्रखंड स्तर पर अभी कोई सुविधा की बात नहीं है। कहा कि क्षेत्र में बचाव कार्य के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लेकिन जल्द ही सरकार ग्रामीण क्षेत्र में टीकाकरण अभियान चला सकती है। हंपी वैक्सीन के मामले पर पूछे जाने पर प्रखंड प्रभारी पशु चिकित्सक चंद्रेश्वर प्रसाद द्वारा बताया जाता है कि जिला तक टीका पहुंच चुका है लेकिन अभी प्रखंड स्तर पर वैक्सीन नहीं आने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में टीका उपलब्ध नहीं हो पाया।

# खेल से बच्चों में शारीरिक के साथ बौद्धिक विकास भी होता है : नरेश सिंह



खेलो झारखंड कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

खबर मंत्र संवाददाता

**बरही।** राज्य सरकार की प्रायोजित कार्यक्रम के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना के दिशा निर्देश पर राज्य स्तरीय खेलों झारखंड के अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में आज खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड परिसर स्थित मैदान में किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह ने कहा की खेल एक अनुशासन पद्धति है, जिसके तहत बच्चों में बौद्धिक विकास के अलावे शारीरिक विकास मिलता है। प्रतियोगिता में विद्यालय के बालक बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बालकों का एक 100 मीटर दौड़ में प्रथम कुश कुमार राणा, द्वितीय सुधांशु कुमार सिंह, तृतीय विपिन कुमार एक सौ मीटर बालिका वर्ग में प्रथम निशा टोप्पो, द्वितीय मनीषा कुमारी, तृतीय पिंकी कुमारी, बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ प्रथम विपिन कुमार, द्वितीय कुंदन कुमार यादव, तृतीय सुरज कुमार, बालिका वर्ग 200 मीटर प्रथम रवीना कुमारी, द्वितीय मनीषा कुमारी, तृतीय खुशबू कुमारी बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रथम अतुल कुमार यादव, द्वितीय रोशन सिंह, तृतीय मिथिलेश कुमार, बालिका वर्ग 400 मीटर प्रथम रवीना कुमारी, द्वितीय पिंकी कुमारी, तृतीय माधवी कुमारी, बालक वर्ग 800 मीटर प्रथम सूरज कुमार, द्वितीय सौदागर कुमार, तृतीय मिथिलेश कुमार, बालिका वर्ग 800 मीटर प्रथम माधवी कुमारी, द्वितीय मंदिरा कुमारी, तृतीय सलेहा खातून बालक वर्ग 15 सौ मीटर प्रथम सुधांशु कुमार सिंह, द्वितीय दीपेश कुमार, तृतीय सूरज कुमार बालिका वर्ग 400.100 रिले रेस प्रथम निशा टोप्पो, दिपासा इक्का रजनी, कच्छप अनामिका करकेटा, द्वितीय लक्ष्मी कुमारी, तृतीय शबाना आजमी, म्यूजिकल चेयर बालक वर्ग प्रथम विवेक कुमार सिंह, दितीय रौनक कुमार केसरी, तृतीय तौफीक अंसारी, खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन खेल प्रशिक्षक अश्विनी श्रीवास्तव ने किया।

# मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के सभी काम दिसंबर तक करें पूरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा
▸▸ पुल के निकट अवैध बालू उठाव पर नजर रखें अधिकारी



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रूप से कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022 -23 में प्रगतिशील सभी 6 योजनाओं के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी पुल निर्माण के कार्यों को दिसंबर के अंतिम तक पूर्ण करते हुए शिलान्यास कराने का निर्देश दिया। साथ ही पुल के निकट अवैध बालू उठाव पर नजर रखते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कही, ताकि उस पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। बीडीओ, सीओ, तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण कार्य की प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी बीडीओ व सीओ के आवास को दिसंबर के अंत तक पूर्ण करते हुए 15 जनवरी तक कार्यालय स्थानांतरण का कार्य हो जाए एवं 26 जनवरी को नए कार्यालय से झंडोत्तोलन किया जाए। इस अंतर्गत गुमला, घाघरा, बिशुनपुर, डुमरी प्रखंड के कार्य किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने एससीए अंतर्गत संचालित सभी 65 योजनाओं का 2022-23 का अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी चल रहे कार्यों की रनिंग बिल की मांग की साथ ही उन्होंने खराब गुणवत्ता वाले कार्यों के भुगतान राशि में कटौती करने की बात कही। उपायुक्त ने पूर्ण हुए निर्माण कार्यों का शिलान्यास करते हुए तिथि निर्धारित कर ग्रामीणों से उद्घाटन कराने का निर्देश दिया।

इस योजना अंतर्गत अधिकार बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य चल रहे हैं उपायुक्त ने निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण कर लेने की बात कही। जाईका मद अंतर्गत चल रहे सभी 15 योजनाओं की प्रगतिशील कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी लाइब्रेरी के बचे हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों के दीवारों में चाइल्ड फ्रेंडली वॉल पेंटिंग कराने का निर्देश दिया, साथ ही अंदर के दीवारों में पहाड़ा, फल सब्जी की पेंटिंग, तथा अल्फाबेट्स लिखे जाने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने जिला अनाबद्ध निधि योजना मद अंतर्गत संचालित योजना, डीएमएफटी मद अंतर्गत चल रहे योजना, आईटीडीए अंतर्गत संचालित योजना, 13 वे वित्त आयोग योजना मद अंतर्गत संचालित योजना आदि अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी बिल्डिंग के निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सिसई में बन रहे अस्पताल के बाउंड्री वॉल को ऊंचा करने का निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

## मंगसीर नवमी पर श्री राणी सती दादी मंदिर में दादी जी का श्रृंगार



**लोहरदगा।** निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में मंगसीर नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया।इस मौके पर श्री राणी सती दादी जी का भव्य दरबार सजाने के साथ-साथ दादी जी का अलौकिक श्रृंगार की गई संध्या को ज्योत प्रज्वलित कर सवामणी प्रसाद का भोग लगाया गया,एवं बाहर से आए भागवती जागरण मंडली के द्वारा भजन जागरण की गई प्रसिद्ध गायक श्याम अग्रवाल एवं गायिका रीना रोहिणी के द्वारा मधुर गाएं भजने,मेरी दादी मेरे घर आई मैं तो झूम झूम बांटू बधाई...,देना हो तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,हर हर शंभु शंभु शिव महादेव शंभु....,जय जय मां अंबे मां....,एवं दादी के जन्मदिन के भजन यह दिन बार-बार आए....,आदि कई भजने गाकर सारा वातावरण भक्ति मय से गूंज उठा, सभी लोग भजनों पर काफी झूमे,सभी बाहर से आए कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित की गई।रात्रि में आरती कर प्रसाद वितरण करते हुए समापन की गई। महोत्सव पर दीपक सर्राफ,शिवप्रसाद राजगढ़िया,पवन पोद्दार,जय प्रकाश शर्मा,किशोर बंका,शिव प्रसाद पोद्दार,राम प्रकाश मोदी,अनुराग पोद्दार,अशोक पोद्दार,मोनू पोद्दार,विकास सर्राफ,चंदन राजगढ़िया,सुरेश पोद्दार,अवधेश मित्तल,अंजन राजगढ़िया,अमर पोद्दार,मनीष राजगढ़िया,शुभम शर्मा,निशांत सराफ,शशांक बर्मन,ओमप्रकाश सिंह,मयंक मोदी,अतुल सराफ,प्रमोद पोद्दार,आशीष पोद्दार,सूरज पोद्दार,चांदमल पोद्दार,मनोज टिबरेवाल,दीपक मुखर्जी,कन्हैया राजगढ़िया,गौतम नलिन,सुमित घोष सुभाष राजगढ़िया,रितेश तमेड़ा,शैलेश पोद्दार,मनीष राजगढ़िया,कौशल सराफ,चंदू शर्मा,दीपक पोद्दार,अमित बंका,रुपेश चौधरी,प्रतिक पोद्दार, आशीष अग्रवाल,मुनचुन कुमार,प्रवीण कुमार,ममता बंका,अनीता पोद्दार,अंजली सर्राफ,उषा पोद्दार,सदभामा राजगढ़िया,सीमा पोद्दार के अलावा महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## 90 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं का बीज वितरित करें : सुनील कुंवर



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनील कुंवर की अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ आवश्यक बैठक किया गया। जिसमें सुनील कुँवर ने सभी कृषक मित्रों को प्रत्यक्षण हेतु गितिलगढ़, हुदु, खरता, व गुड़ी पंचायत में चना बीज का वितरण व चरिमा, उतका, नगजुआ महुवरी, चाल्हो, उल्टी, कैरो, नरौली पचागाई, अम्बवा में सरसों बीज का वितरण समय पर ब्लोकचेन में पंजीकृत किसानों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही 90 प्रतिशत अनुदान में गेहूँ बीज का वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड उद्यान मित्र मृत्युंजय कुमार तिवारी ने कहा कि जिला उद्यान कार्यालय से केला, तरबूज, भिंडी, ओल, अदरक इत्यादि का वितरण किया जाता है जिसके लिए किसानों का पंजीयन करवाने में कृषक मित्र सहयोग करें ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। मौके पर प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी एपी वर्मा, कृषक मित्र समीयुल अंसारी, शमीम अंसारी, कुंवर साहु, प्रतिमा देवी इत्यादि मौजूद थे।

## विद्युत विपत्र जमा शिविर 21 से

**गुमला।** विद्युत अवर प्रमंडल गुमला के द्वारा विद्युत विपत्र जमा करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें 21 नवंबर को रायडीह में, 22 नवंबर को चैनपुर में, 23 नवंबर को मुरगु में, 24 नवंबर को पालकोट में, 25 नवंबर को टोटो में, 26 नवंबर को डुमरी में, 28 नवंबर को सोगरा में एवं 29 नवंबर को भरनो में शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता विद्युत प्रमंडल गुमला ने दी है।

# आरसी प्राथमिक स्कूल दीना में शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ डीसी से बहाली निरस्त करने की मांग, अभ्यर्थी ने स्कूल के सचिव पर मनमानी का लगाया आरोप



अभ्यर्थी देवसाय मुंडा ।

**गुमला।** डुमरी प्रखंड के दीना गांव निवासी देवसाय मुंडा ने शुक्रवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अल्पसंख्यक स्कूल आरसी प्राथमिक विद्यालय दीना में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी करने का आरोप रजावल के विद्यालय सचिव पर लगाया है। देवसाय मुंडा ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति को लेकर राजवाल के विद्यालय सचिव के द्वारा 8 सितंबर 2022 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिसका लिखित परीक्षा 26 सितंबर को हुआ। परीक्षा के बाद बिना परीक्षाफल के प्रकाशन के बाद शिक्षकों की नियुक्ति अपने मनहाचे लोगों की कर दी। वहीं परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को न तो परीक्षाफल की जानकारी मिली और न ही मनमाने ढंग से किये गये शिक्षकों की नियुक्ति की ही जानकारी मिल पायी। शिक्षकों को गुप्त रूप से 13 अक्टूबर को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया गया। देवसाय ने बताया कि विद्यालय की अध्यापिका के द्वारा नियुक्ति पत्र को लेकर गांव के चार लोगों को बिना किसी तरह की जानकारी दिये हस्ताक्षर के लिए गुमला लाया गया था। अध्यापिका के इस कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश भी है। देवसाय ने उपायुक्त से आरसी प्राथमिक विद्यालय दीना में हुए शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की। उसने यह भी कहा कि वह टेट पास है इसलिए आरसी बालक मध्य विद्यालय रजावल में प्राईवेट सेवा के लिए बुलाया गया था और स्थायीकरण का भी अश्वासन दिया था लेकिन जब नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ हुई तो मेरे साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जिल२ में आरसी प्राथमिक विद्यालयों में चल रहे शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। जहां भी शिक्षक नियुक्ति हुई है वहां अभ्यर्थियों के साथ अन्याय का मामला सामने आया है। ऐसे मामलों में शिक्षा विभाग को आगे आकर कार्रवाई कर अभ्यर्थियों को न्याय दिलाना चाहिए।

## कवि व लोक गायक के सम्मान में काव्य गोष्ठी

**गुमला।** रांची के कवि एवं लोक गायक सदानंद सिंह यादव के सम्मान में शहर के राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगण में प्रेम हरि के संयोजन में काव्य गोष्ठी हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में बादल अग्रवाल ने मां पर केंद्रित अपनी रचना पढ़ते हुए कहा कि वाह क्या जुगलबंदी बिठाई है, दुकानें कई है ऊंची यहां पकवान की,पर मीठी वहां की ना एक मिठाई है, मां के हाथों से बनी लड्डू ही सबसे मीठी मिठाई है। गीतकार शंभू लाल गुप्ता ने कहा किस पर करता है रे बन्दे अभिमान धूमिल भी हो जाएगी झूठी तेरी शान। एक रचना राजनेताओं पर व्यंग्य करते हुए शंभू लाल गुप्ता ने पढ़ी इस बार इलेक्सन में हमको जीता दे भईया, लग जाए कोई तिकड़म चाहे लगे रुपैया। लोकगायक सदानंद सिंह यादव ने किसान पर केंद्रीय लोकगीत ना हम बनवै मुंशी दरोगा, ना हम बनवै कप्तान, पढ़ी–लिखी बनवै हम किसान। कार्यक्रम संयोजक प्रेम हरि ने अपनी रचना पढ़ते हुए कहा कि हाथ मेहंदी से रचाये बैठे हैं इंतजार में, मीत मेरे कर रहे क्यूं देर तुम इकरार में। सभी रचनाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रेम हरि ने किया।

# फरार अपराधियों को करें गिरफ्तार

▸▸ महिला उत्पीड़न व एससी/एसएसटी मामले में जल्द चार्जशीट दाखिल करें : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** एसपी आर रामकुमार को अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई क्राइम मीटिंग। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निदेशानुसार कार्रवाई करने सहित कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विगत माह जिले में घटित सभी संवेदनशील,महिला उत्पीड़न , हत्या, आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गई। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में कई थानों में लंबित कांडो की निष्पादन में शिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त किया और अगले माह और तेजी लाने का आदेश दिये। एसपी ने महिला उत्पीड़न, एससी/एसएसटी के कांडो में शीघ्र कार्रवाई पूर्ण कर समय पर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने आदेश दिये।

यातायात अधिनियम के अंतर्गत यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का भी आदेश दिए। साथ ही थाना क्षेत्र में सद्भावना दूत के साथ बैठक कर बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। अवैध खनन, जुआ,शराबअड्डा को चिन्हित करते विशेष अभियान चला कर अधिक से अधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीएनसिंह, इंस्पेक्टर सीसीआर बनारसी प्रसाद, इंस्पेक्टर मंटू कुमार किस्को अंचल, इंसपेक्टर लोहरदगा अंचल चंद्रमोहन हांसदा, सार्जेट मेजर सुरेश ओझा, पुनि सह थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उरांव सहित जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने गरीबों को दिया कंबल



**लोहरदगा।** वार्ड नंबर 8 में शुक्रवार को जरूरतमंदों को वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने दिया कंबल। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना पुण्य का कार्य है और बढ़ती ठंड को देखते हुए आज दर्जनों कंबल दिया।10 दिनों पहले कंबल वितरण किए गए थे। पार्षद ने कहा कि अपने दो बार के कार्यकाल में नगर परिषद की ओर से लगभग 400 कंबल एवं अपनी ओर से लगभग 200 कंबल अभी तक उनके द्वारा जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया गया है और भविष्य में भी वार्ड वासियों को हर सुख सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम लोग कृत संकल्प है।इस मौके पर सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ,उषा देवी, नवीना दास, रितु सिन्हा, शाहिना परवीन लीलावती देवी, संतोष पासवान, रोहनी देवी, तूजवन्ती सिन्हा ,अनीता सिन्हा, सुमित विश्वकर्मा आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# अवैध ईंट भट्ठा के खिलाफ चला था प्रशासन का डंडा

कुछ भट्ठों पर कार्रवाई के बाद अचानक बंद हो गया अभियान
डुमरी के हुटाप में संचालित भट्ठा का पर्यावरण प्रदूषण सर्टिफिकेट व इसीओ नहीं, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई



**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन के द्वारा कुछ माह पूर्व जिले में अवैध ईंट भट्ठा संचालन के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया गया था। जिसमें पूर्व एसडीओ रवि आनंद ने जिले में 62 अवैध ईंट भट्ठा संचालन होने की जानकारी दी गई थी और उपायुक्त के निर्देश पर उन ईंट भट्ठों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया भी आरंभ की गई थी। शहरी क्षेत्र व आस-पास के कुछ प्रखंडों में अवैध संचालित ईंट भट्ठों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया भी आरंभ हुई लेकिन अचानक कुछ भट्ठों में प्रशासन का डंडा चलने के बाद यह कार्य बंद हो गया। डुमरी प्रखंड के हुटाप गांव में भी संचालित भट्ठे का पर्यावरण प्रदूषण सर्टिफिकेट व ईसीओ नहीं है फिर भी उक्त भट्ठे पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होना प्रश्न चिह्न खड़ा करता है। आखिर डुमरी प्रखंड के अधिकारी भट्ठे की जांच क्यों नहीं की यह चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त भट्ठे में ही ईंट की दीवार गिरने से उसमें दबकर तीन मजदूरों की मौत हो गई। जिसे मामला और सुर्खियों में आ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पूर्व में भट्ठा संचालक के खिलाफ कार्रवाई होती तो शायद घटना नहीं घटती है। इधर घटना के जिला प्रशासन मृतकों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है। मृतकों व घायलों का प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मृतक के परिजनों को देने की तैयारी प्रशासन कर रही है।

# रेजांगला के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

▸▸ अहीर यादव समाज ने चार पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित
अहीर रेजिमेंट की स्थापना की मांग



**गुमला।** 1962 में भारत चीन के बीच हुए युद्ध में लद्दाख के चुसुल घाटी के रेजांगला में 13 कुमाऊ रेजिमेंट के चार्ली बटालियन के 114 वीर शहीदों के बलिदान को याद करते शहीद जवानों के सम्मान में अहीर यादव समाज ने शौर्य दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। शहीद जवानों में अधिकांश अहीर जाति के थे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय यादव महासभा ने भारत के सभी जिलों में लेजांगला की पवित्र भूमि से मिट्टी भेजी। पवित्र मिट्टी के साथ शहीदों के सम्मान में शुक्रवार को अहीर यादव समाज ने परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम के सामने से बाईक रैली निकाली। रैली शहर के जशपुर रोड, महावीर चौक, थाना रोड, सिसई रोड, घाटो बगीचा, पालकोट रोड से मेर रोड होते हुए स्टेडियम परिसर में आकर समाप्त हुई। जहां परमवीर अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर अहीर यादव समाज के सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद शहीदों के सम्मान में सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें पूर्व सैनिक रामेश्वर यादव, चंद्रमोहन महतो, राम लखन यादव सहित चार लोगों को समाज के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के माध्यम से अहीर यादव समाज ने देश में अहीर रेजिमेंट की स्थापना की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त गुमला को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष भूषण महतो, प्रदेश संरक्षक शिवदयाल गोप, जिला युवाध्यक्ष अशोक यादव, नगर अध्यक्ष संतोष यादव अहिराना, नगर सचिव चंदन कुमार गोप, आशीष गोप, भूतपूर्व सैनिक चंद्रमोहन महतो, रामेश्वर यादव, लखन यादव, मिशन बदलाव संयोजक भूषण भगत, लोहरमन गोप, दीप ज्योति गोप, अनिल यादव, अवधेश गोप, वीरेंद्र वल्लभ, संजय टाइगर, नितेश राय, सतु गोप, अशोक गोप अंशु, रामू गोप , सुदर्शन गोप, भीमेश्वर यादव, दिलीप गोप, भुनेश्वर गोप, राम यादव, राज यदुवंशी, संतोष गोप, करण यादव, अरुण राय, कुणाल यादव आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## कैरो पुलिस ने की वाहन चेकिंग



**कैरो।** एसपी के निर्देशानुसार शुक्रवार को कैरो थाना क्षेत्र के कैरो कुडू रास्ते में कुम्हार बांध के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें थाना के एएसआई धर्मेंद्र सिंह अपने दल बल के साथ दो पहिया व चार पहिया वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस, इन्सुरेंस, हेलमेट के साथ साथ डिकी खुलवाकर सुरक्षा दृष्टिकोण से जांच कर सभी वाहन चालकों को हेलमेट पहन कर व सभी कागजात को साथ लेकर चलने का निर्देश दिया गया।

## एक नजर में

## रसोइया व संयोजिका को मानदेय मिलते ही लगने लगा गलत आरोप : देवकी देवी



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका संघ के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को दूसरे दिन भी जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन अनशन व हड़ताल पर बैठे रहे। संघ के द्वारा जिले भर से हटाये गये रसोईया-संयोजिका को वापस काम पर रखने, मर्ज किये विद्यालयों के रसोईया-संयोजिका को उसी विद्यालय में रखने, बकाये मानदेय का भुगतान करने व नियमावली बनने तक 60 साल के उम्र वाले रसोईया-संयोजिका को नहीं हटाने की मांग की गई है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह गुमला जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि रांची में 66 दिन के धरना प्रदर्शन के बाद राज्य के शिक्षा मंत्री से वार्ता हुआ था। जिसमें उन्होंने अश्वासन दिया था कि जब तक नियमावली नहीं बन जाती है तब तक किसी भी रसोईया-संयोजिका को हटाया नहीं जाएगा। लेकिन जिले के बीईईओ सरकार व मंत्री के निर्देशों की अवहेलना करते हुए रसोईया-संयोजिका को हटा रहे हैं। जब पैसे नहीं मिलते थे तो वे अच्छा कार्य कर रहे थे लेकिन मानदेय के रूप में कुछ पैसा मिलते ही उनपर आरोप गढ़ने शुरू कर दिये गये और अकारण ही रसोईया-संयोजिका को हटाया जा रहा है। जिनको हटाया गया है वे जल्द ही भूख हड़ताल पर बैठेंगे। प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि रसोईया-संयोजिका के खिलाफ शिक्षा विभाग के अधिकारी अन्याय कर रहे हैं। बिना मानदेय पर काम कर आज मध्याह्न भोजन को बेहतर तरीके से संचालित कर दिखाने वाली रसोईया-संयोजिका को गलत आरोप लगाकर हटाया जा रहा है। जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संघ अपनी मांग पूरी होने तक अनशन पर डटा रहेगा। अनशन में प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, शोभा देवी, हीरा देवी, रूकसाना बेगम, संध्या देवी, जसिंता बारला, विनायकी देवी, मंजू देवी, संगीता उरांव, माधुरी देवी, पुष्पा देवी, सरस्वती देवी सहित कई लोग उपस्थित थी।

## वार्ड आठ के लोगों ने की रास्ता देने की मांग



**गुमला।** गुमला बाजार टांड में चल रही घेराबंदी को देखते हुए वार्ड नंबर 8 के लोगों ने जिला प्रशासन से आने-जाने के लिए रास्ते की मांग की है। पंजाबी गली के सामने बाजार जाने वाले रास्ता को छोड़ दिये जाने की गुहार स्थानीय लोगों ने की है। घेराबंदी से स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई छोटे-छोटे दुकानदारों की दुकान भी बंद होने के कगार पर आ गई है। जिससे रास्ते में फुटपाथ में लगाए जाने वाले दुकानदारों को अपना जीवन यापन में परेशानी आ रही है। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शकुंतला उरांव, सरजू प्रसाद सहु, चेंबर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, संजय गुप्ता, ज्योति कुमारी, सीमा कुमारी, अनवर शाहरुख, छोटू, विनोद विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, गुड़िया देवी, राधा देवी, सुनीता देवी, शीला कुमारी, कृष्णा विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, राहुल मोहित, श्याम आदि उपस्थित थे।

## अधूरे कार्यों को जल्द करें पूरा : बीडीओ



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड सभागार में बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने शुक्रवार को प्रखंड कर्मी और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई। बीडीओ ने पशुपालन पदाधिकारी से कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन के लाभुकों का चयन कर फॉर्म भर कर जमा करें ताकि जल्द से जल्द उनकी सूची को भेजा जा सके। इसके साथ ही आंगनबाड़ी आवास के कार्य को पूर्ण करने का भी निर्देश संबंधित कर्मियों को दी । मनरेगा के कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए पेंडिंग पड़े कामों को जल्द से जल्द पूरा कराने की बात कही। साथ ही बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ कर्मी विशेष कैंप को लेकर प्रपत्र 6,7 व 8 भरे इसके लिए बीएलओ गांव में व्यापक प्रचार प्रसार करें। इसके साथ ही तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु आवेदन देने की बात कही ताकि भूमि संरक्षण से जीर्णोद्धार कराया जा सके। वहीं अग्निवीर में जाने वाले आवेदकों की सूची कृषि योजना से संबंधित सूची उपलब्ध कराने के बाद कहीं ताकि कार्यों में तेजी लाया जा सके। साथ ही 15वें वित्त आयोग योजनाओं का चयन जरूरत के आधार पर करने की बात कही। इस मौके पर सीडीपीओ, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, पंचायत सचिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहित कई मुखिया पंचायत समिति सदस्य जनप्रतिनिदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन का दिया गया प्रशिक्षण



**गुमला।** जिला गव्य विकास कार्यालय गुमला में शुक्रवार को गुमला प्रखंड के मुखियाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला गव्य विकास पदाधिकारी मोहम्मद कलाम, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अजय कुमार सिन्हा ने की। मौके पर जिला गव्य विकास पदाधिकारी मोहम्मद कलाम ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मुखिया को दी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिससे ग्रामीण इसका लाभ उठा सकें। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विभिन्न योजनाओं से जुड़कर जीविकोपार्जन कर सकते हैं और इस कार्य में विभाग द्वारा सहयोग किया जाएगा। मौके पर मुखिया के बीच विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व प्रचार को लेकर पंपलेट का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से गबय तकनीकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार, प्रधान लिपिक हिरेंद्र महली, आकाश गुप्ता, सिलदेव गोप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जल जीवन मिशन में कार्यशाला आयोजित



**लोहरदगा।** जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, क्षेत्री मुख्य अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता रांची, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवन कर किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा सुशील टुडू ने कहा कि लोहरदगा जिला में कुल 88,963 घरों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 तक जल के लिए नल का कनेक्शन किया जाना है। अब तक 27,644 घरों में जल के लिए नल का कनेक्शन दिया जा चुका है। जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल गांव योजना, एकल गांव क्लस्टर में 6397 और मल्टी विलेज स्कीम से 2441 घरों में जल नल का कनेक्शन दिया जाना है। इनमें प्रत्येक घर में शौचालय का इस्तेमाल की आदत बनाये रखना, ठोस एवं तरल कचरा का प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, सुरक्षित माहवारी का प्रबंधन, मलीय कचरा का प्रबंधन और गोबर धन योजना शामिल है। उक्त योजनाओं के लिए राशि का भी प्रावधान है।

# गढ़वा में बिछेगा सड़कों का जाल, पक्की सड़कों से जुड़ेगा हर गांव का प्रत्येक टोला : मंत्री

## गढ़वा विस क्षेत्र में मिली छह ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति, साढ़े अठारह करोड़ की लागत से बनेंगी सड़कें

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में सड़कों का जाल बिछेगा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में छह नए ग्रामीण सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। करीब साढ़े अठारह करोड़ रुपए की लागत से लगभग 18 किलोमीटर लंबी छह सड़कों का निर्माण होगा। यह जानकारी गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दी। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड के



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

ग्राम सिद्दे खुर्द में हवेली टोला होते हुए नगदरवा पाल टोला तक करीब ढाई किलोमीटर, गढ़वा-अंबिकापुर मुख्य पथ एनएच 343 नारायणपुर से हनुमान मंदिर होते हुए भगलपुर चौबाट तक करीब साढ़े तीन किलोमीटर, रंका प्रखंड में पुटू मोड़ से मस्जिद होते हुए मतौली सिवान तक करीब चार किलोमीटर, मेराल प्रखंड में चामा बड़का आहर से घिवा नदी भाया पीएमजीएसवाई रोड तक करीब तीन किमी, पचफेड़ी आरईओ पथ से बिगु चौधरी के घर होते हुए बागी नदी तक करीब दो किमी तथा आरईओ रोड सुरेश चंद्रवंशी के घर से बरवाही पीएमजीएसवाई रोड पुल तक करीब ढाई किमी सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा। इस क्षेत्र के हर गांव का प्रत्येक टोला पक्की सड़कों से जुड़ेगा। क्षेत्र के लोग अब तक बदतर सड़कों से जूझते आ रहे हैं। परंतु अब उन्हें बहुत जल्द ही बेहतर सड़क का आनंद मिलेगा। मंत्री ने कहा कि उक्त सभी सड़कों की स्थिति काफ़ी जर्जर थीं । काफ़ी दिनों से स्थानीय लोग इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। बरसात के दिनों में सड़कों की स्थिति नरकीय हो जाती थी। मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की व्यथा को उन्होंने काफी करीब से देखा है। अगली बारिश से पहले इन सभी सड़कों का निर्माण पूर्ण करा लिया जाएगा। यहां के लोग पक्की सड़कों का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने जिस आशा और विश्वास से मुझे अपना जन प्रतिनिधि चुना है उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का हर संभव प्रयास कर रहा हूं। गढ़वा वासियों का प्रेम, स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास के साथ-साथ हर अच्छे कार्य का विरोध करने वाले आदरणीय बंधुओ का कटाक्ष मुझे दुगुने उत्साह के साथ समर्पित होकर जनता लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। मंत्री ने कहा कि वह दिन अब दूर नहीं जब गढ़वा के हर गांव में बिजली, अच्छी सड़क और हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। ब्लूप्रिंट तैयार कर गढ़वा के हर क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। सारी योजनाएं बहुत जल्द धरातल पर उतरेंगी।

# कोडरमा के तीन नगर निकायों में अध्यक्ष पद हुआ सामान्य

## अध्यक्ष पद अनारक्षित व सामान्य घोषित दावेदारों की संख्या बढ़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तीन नगर निकाय झुमरीतिलैया नगर परिषद, कोडरमा नगर पंचायत और डोमचांच नगर पंचायत में अध्यक्ष पद को सामान्य घोषित कर दिया गया है। ऐसे में तीनों नगर निकायों में अध्यक्ष पद के दावेदारों की संख्या अचानक बढ़ गई है। गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी घोषणा किए जाने के बाद अध्यक्ष पद के दावेदारों ने सोशल मीडिया के जरिए अपना प्रचार भी शुरू कर दिया है। कोडरमा नगर पंचायत से प्रमुख दावेदारों में साजिद हुसैन लल्लू, राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू भैया, राजकुमार यादव, कांति देवी, कुलबीर सलूजा, मनोज कुमार झुन्नू, केसी दास, धीरेंद्र सिंह, प्रवेज अहमद, सुधीर पांडेय, अंबुज मोहन आदि शामिल हैं। वहीं डोमचांच नगर पंचायत में राजकुमार मेहता, देवेंद्र मेहता, महेंद्र प्रसाद वर्मा, राजेश कुमार सिंह, पप्पू मेहता, सुरेश कुमार, मनोज रजक, प्रमांशु कुमार, सुजीत मेहता आदि के नाम दावेदारों में शामिल हैं। वहीं सबसे ज्यादा दावेदारों की संख्या झुमरीतिलैया में है, जहां पहले अध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित था, परंतु अब यह यहां भी अध्यक्ष पद अनारक्षित सामान्य घोषित किया गया है। ऐसे में अध्यक्ष पद के दावेदारों की संख्या अचानक बढ़ गई है। यहां अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश राम, पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह, रमेश हर्षधर, विक्की यादव, संतोष यादव, नितेश चंद्रवंशी, अनूप जोशी हैं। वहीं प्रो राखी भदानी, पिंकी जैन, सुषमा सुमन और ब्यूटी सिंह भी अध्यक्ष पद के दावेदारों में शामिल हैं और इनका भी चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

# छोटू स्पोर्ट्स नगर पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** छोटू स्पोर्ट्स डोमचांच नगर पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच वार्ड संख्या एक और सात के बीच शुक्रवार को पानी टंकी मैदान में खेला गया। उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक सुखदेव प्रसाद सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमचांच उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार व समाजसेवी मनोज रजक थे। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया।

वहीं टॉस जीतकर वार्ड नंबर एक की टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वार्ड नंबर 7 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 165 रन बनाए। वहीं चंदन पांडेय (50 रन) और नितिन (41 रन) बना जवाबी पारी खेलते हुए वार्ड नंबर एक की टीम ने 154 ओवर में 168 रन बनाकर तीन विकेट से मैच को अपने नाम कर लिया। मैच में मैन ऑफ-द मैच नीरज कुमार को मिला। वहीं अंपायर की भूमिका में संजीव कुमार और पवन कुमार तथा स्कोरर की भूमिका में सोनू कुमार थे।

# मनोहर गंझू दस्ते को राशन पहुंचाने वाला नक्सली रघु गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भाकपा माओवादी नक्सली मनोहर गंझू दस्ते को खाना पहुंचाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के लावालौग थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी गिरफ्तार नक्सली रघु सिंह भोक्ता के पास से नक्सल साहित्य और मोबाइल बरामद किया गया है। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि एसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन के कमांडर गौतम पासवान, इंदल गंझू, मनोहर गंझू, अमर उर्फ धीरू, अजय यादव उर्फ नंदू जी और रंजीत अपने दस्ते के साथ लावालौग थाना क्षेत्र के जंगल में



भ्रमणशील है। सूचना के पुष्टि के लिए कोबरा 203, सी०आर०पी०एफ० 11 बटालियन व लावालौंग थाना व सिमरिया थाना पुलिस बल के द्वारा सयुक्त नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नावाडीह के पास जंगल में एक व्यक्ति झोला लेकर जाते हुए देखा गया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। हालांकि पुलिस घेराबंदी कर दबोच लिया। झोला में 20 व्यक्तियों का खाना था। जो माओवादी संगठन के लोगों को पहुंचाने जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि जब भी इलाके में मनोहर गंझू अपने टीम के साथ इलाके में आता है तो उसको खाना राशन और अन्य समान उपलब्ध करवाता है। साथ ही सुरक्षाबलो के आने जाने की सूचना देता है। आरोपी द्वारा नक्सली को खाना पहुंचाने का काम किया जाता था, पुलिस की टीम आरोपी नक्सली के निशानदेही पर उसके घर से नक्सल साहित्य बरामद किया है। मामले में लावालौग थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस संबंध में लावालौंग थाना कांड संख्या 63/22, दिनांक 18.11.2022 धारा 17 (1) (2) सीएलएएसीटी अंकित किया गया।

# नामांकन को लेकर निर्वाची पदाधिकारियों के नामों पर निर्वाचन आयोग ने दी स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के नगर परिषद झुमरीतिलैया के अलावा नगर पंचायत कोडरमा व डोमचांच नगर निकाय क्षेत्रों में होने वाले आगामी चुनाव को लेकर जिला स्तर से नामित किए गए निर्वाची पदाधिकारियों की सूची को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीकृति दे दी गई है। इसके तहत झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र के चुनाव को लेकर नामांकन के लिए एसडीओ संदीप कुमार मीणा को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं परिषद के वार्ड पार्षद सीट के लिए नामांकन को लेकर वार्ड नंबर 1 से 7 तक के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम वार्ड नंबर 8 से 14 तक के नामांकन के लिए बीडीओ रोशमा डूंगडूंग, वार्ड नंबर 15 से 21 तक के नामांकन के लिए सीओ अनिल कुमार के अलावा वार्ड नंबर 22 से 28 तक के वार्ड पार्षद सीट के नामांकन के लिए बीडीओ चंदवारा संजय कुमार यादव को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा कोडरमा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के नामांकन के लिए एसी अनिल तिर्की को निर्वाची पदाधिकारी के अलावा पंचायत अंतर्गत वार्ड सदस्य चुनाव के लिए वार्ड नंबर 1 से 7 तक के लिए डीएसडब्लूओ आरती कुमारी एवं वार्ड नंबर 8 से 15 तक के लिए दंडाधिकारी जयपाल सोय को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा डोमचांच नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के नामांकन के लिए डीटीओ भगीरथ प्रसाद को अध्यक्ष पद के अलावा वार्ड सदस्य के चुनाव के लिए वार्ड नंबर 1 से 7 के लिए बीडीओ डोमचांच उदय कुमार सिन्हा एवं वार्ड नंबर 8 से 14 तक के नामांकन के लिए सीओ मां देव प्रिया को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है।

**दो से ज्यादा संतान वाले नहीं लड़ सकेंगे चुनाव :** नगर परिषद के सिटी मैनेजर सह नोडल पदाधिकारी रंजीत सिंह ने बताया कि नगर परिषद चुनाव में दो से ज्यादा संतानों वाले वैसे लोग उम्मीदवार नहीं बन पाएंगे, जिनकी तीसरी संतान 9 फरवरी 2013 के बाद पैदा हुए हों। राज्य निर्वाचन आयोग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

**किसी प्रकार के टैक्स बकाएदार भी नहीं लड़ पाएंगे चुनाव :** वहीं सिटी मैनेजरसिटी मैनेजर ने बताया कि नगर परिषद का किसी तरह का बकाया वाले लोग भी नगर परिषद के किसी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। जिनके पास विभाग का होल्डिंग टैक्स बकाया हो या व्यवसाय करता हो और वे ट्रेड लाइसेंस नहीं लिए हों या जल कर बकाया हो, वे नहीं लड़ सकते चुनाव।

# जल जीवन मिशन को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड के सभी 102 जल सहियाओं का बैठक किया गया। बैठक में सभी जल सहिया को बीडीओ पप्पू रजक के द्वारा एफटीके (जल जांच किट) के बारे में विस्तृत जानकारी दिया एवं जल जांच कीट का वितरण किया। इस दौरान बीडीओ ने निदेश दिया कि आप सभी जल सहिया ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेदारी को निरवहन करते हुए गांव के सभी जल स्रोतों का उचित जांच रिपोर्ट पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को सौंपे। बैठक में गीता देवी, अनिता देवी, कंचन देवी, प्रेमलता भारती, पुष्पा देवी, शबनम आरा, संगीता देवी आदि उपस्थित थे।

# पीड़ित ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना प्रभारी अनिल सिंह थाना का प्रभार लेने के बाद से आये दिन चर्चा में रहे हैं। नया मामला चंदवारा थाना क्षेत्र के पथलगढा पंचायत का है, जहां जमीनी विवाद में एक पक्ष के द्वारा थाना में बुलाकर धमकी व गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़ित बिनोद पंडित ने एसपी कुमार गौरव को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है।

## आजसू ने राज्यपाल के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

# निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला और राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आजसू पार्टी ने कहा है कि राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारी अंतिम चरण पर है और दूसरी ओर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है, जिससे पिछड़ा वर्ग में काफी रोष है, पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाते रही है, इसी अभियान के तहत जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य में पंचायत चुनाव भी बिना ओबीसी को आरक्षण दिए



सम्पन्न कराया गया। अब निकाय चुनाव में भी ओबीसी का आरक्षण समाप्त कर चुनाव तैयारी की जा रही है। यह ओबीसी के लिए काफी दुःखद है। इसके लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। वहीं आजसू ने ज्ञापन के माध्यम से निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में अजित वर्णवाल, अम्बुज मोहन, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

# ओबीसी आरक्षण को खत्म करने के विरोध में मशाल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को खत्म करने के विरोध में गुरुवार की शाम को मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस का नेतृत्व भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने किया। मशाल जुलूस डोमचांच टैक्सी स्टैंड से शुरू हुआ जो कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग होते हुए शहीद चौक तक निकाला गया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता हाथों में मशाल लेकर हेमंत सरकार हाय हाय, नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को



आरक्षण देना होगा आदि नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं महेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार का ओबीसी आरक्षण सिर्फ कागज तक ही सीमित रह गया है। सरकार सिर्फ ओबीसी को छलने का कार्य कर रही है। सरकार एक तरफ ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का बात करती है, वहीं दूसरी ओर आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म करती है। सरकार अगर आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नही देगी तो पुरजोर आंदोलन होगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र प्रसाद मेहता, मुकेश राम, त्रिपुरारी सिंह, भरतनारायन मेहता, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज मेहता, सुनिल भारती, सुनील सिन्हा, कुलदीप राम, मुकेश कुमार, महेश वर्मा, मन्नू साव, वीरेंद्र यादव, कार्तिक दास, महादेव साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर लोगों में रोष

# जिप सदस्य ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में बिजली की समस्या को लेकर जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि बेहराडीह को 11000 बोल्ट के तार/पोल जर्जर अवस्था एवं अधिक दूरी पर रहने से आए दिन विद्युत प्रवाहित में समस्या उत्पन्न हो रही है।

जिसे विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, इस समस्या का जल्द निष्पादन किया जाए एवं ग्राम घाघडीह (खगराडीह) से मडरीया होते हुए बेहराडीह तक जगह जगह पर नया पोल व तार लगाया जाए। वहीं प्रखंड के घुरमुण्डा वैष्णोय टोला तक 11000 विद्युत हेतु नया डीपी के लिए पोल व तार तथा नया ट्रांसफार्मर की स्वीकृति की भी मांग की है, ताकि लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके एवं ग्राम पाण्डु से पहाड़ी मंदिर तक विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है।

# उप शिक्षा निदेशक ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, कम उपस्थिति देख नाराजगी व्यक्त की

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** शिक्षा विभाग के उप निदेशक सच्चिदानंद तिग्गा शुक्रवार को कोडरमा पहुंचे और कई विधालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति देख नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार का निर्देश दिया। वहीं निरीक्षण के क्रम में उप निदेशक ने जिला मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, राज्यकीयकृत प्लस टू उच्च विधालय और आदर्श मध्य विद्यालय पहुंचे और स्कूलों में सन्चालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेने के साथ साथ, पाठ्य योजना, छात्र एवं शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति, मध्याह्न भोजन आदि की जानकारी ली।

इस दौरान आदर्श मध्य विद्यालय और प्लस टू उच्च विधालय में बच्चों की कम उपस्थिति देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को



व्यवस्था में सुधार लाने, बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विस्तृत पाठ्य योजना तैयार कर बच्चों को अच्छी शिक्षा देने, टोला विजिट कर अभिभावकों को जागरूक करने तथा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने आदि का निर्देश दिया। वहीं उप निदेशक ने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए सभी छात्र छात्राओं को स्कूल ड्रेस में आने का निर्देश दिया। वहीं आदर्श मध्य विधालय में निरीक्षण के क्रम में उपनिदेशक ने स्कूली बच्चों के साथ मध्याह्न भोजन ग्रहण किया, छात्र छात्राओं से पढाई से सम्बंधित सवाल पूछे और सन्तोष व्यक्त किया, साथ ही प्रोजेक्ट रेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया, इसके अलावे उपायुक्त के नेतृत्व में जिले में संचालित प्रोजेक्ट रेल और इम्पैक्ट का जानकारी ली और प्रशंसा व्यक्त किया। बाद में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के सभी स्कूलों में रंगरोगन सुनिश्चित करने, नियमित रूप से मध्याह्न भोजन संचालित रखने तथा स्कूल ड्रेस में ही बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीएसई नयन कुमार, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी विकेश कुणाल प्रजापति, एडीपीओ शिव कुमार मल्लिक, आदर्श मध्य विधालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी, प्लस टू के प्रधानाध्यापक उदय कुमार, परियोजना बालिका उच्च विधालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सिन्हा, संजीत कुमार, मंटू कुमार आदि मौजूद थे।

# आयुक्त ने डीसी, एसडीओ व जनप्रतिनिधि के साथ की बैठक, दिये निर्देश

## लातेहार जिले की अबतक की अच्छी प्रगति को लेकर उपायुक्त एवं उनकी पूरी टीम को दी बधाई


बैठक करते पदाधिकारीगण।

- सभी के सहयोग से ही स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण : भोर सिंह यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2023 चल रहा है। 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक चलाये जा रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने, पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, फोटो अपडेट करने आदि से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं। मतदाता सूची में योग्य व्यक्तियों का निबंधन सुनिश्चित करायें। सभी पदाधिकारी सख्ती से इसका ध्यान रखें कि एक भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहे। जेंडर रेसियो एवं ईपी रेसियो में व्याप्त गैप को भी दूर करते हुए एक स्वच्छ, त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची का निर्माण करने में सभी अपनी सहभागिता निभायें। यह बातें मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे शुक्रवार को लातेहार जिले के सर्किट हाउस सभागार में सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधियों, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा निर्वाचक निबंधन एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

### 19 एवं 20 नवंबर 2022 को विशेष अभियान : आयुक्त

आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के अंतर्गत 19 एवं 20 नवंबर 2022 को विशेष अभियान के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर कैंप का आयोजन किया जाना है। इस अभियान दिवस के दिन बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर पंजीकरण, सुधार आदि के लिए दावा, आपत्ति संबंधी प्रपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अभियान दिवस के दिन सभी बीएलओ की उपस्थिति मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित कराएं। वहीं बीएलओ के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों पर जागरूकता पोस्टर लगवाना, अक्टूबर-2023 अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिकों का मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु अग्रिम आवेदन पत्र संग्रह कराना सुनिश्चित कराएं। साथ ही इसका मॉनिटरिंग करते हुए जिला स्तर के सभी पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर भ्रमण करें।

### जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग की जताई अपेक्षा

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता आवश्यक है। सहभागिता से ही मतदाता सूची शुद्ध हो पायेगा। आम व्यक्तियों, नागरिकों को जागरूक करने में स्थानीय प्रशासन को मदद करें। आयुक्त ने बैठक के माध्यम से आम नागरिकों से भी अपील किया कि दिनांक 1 जनवरी 2023, 1 अप्रैल 2023, 1 जुलाई 2023 एवं 1 अक्टूबर 2023 की अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र-6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, अशुद्धि को शुद्ध करने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों सुविधाएं निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। ऑफलाइन व्यवस्था के तहत कोई भी व्यक्ति 6, 6 ए, बी और 7, 8 फॉर्म में आवेदन संबंधित बीएलओ/ईआरओ एवं एईआरओ को समर्पित कर सकते हैं। वहीं ऑनलाइन व्यवस्था के तहत एनभीएसपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं। बीएलओ के द्वारा आयोग स्तर से प्रायोजित गरूड़ा एप्प के माध्यम से भी संबंधित व्यक्तियों का ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की कार्रवाई की जाएगी।

#### निर्वाचन संबंधित कार्यों में जिम्मेदारी पूर्वक सक्रियता निभायें : उपायुक्त

लातेहार के जिला के निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त भोर सिंह यादव ने कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्यों में जिम्मेदारी पूर्वक सक्रियता निभायें। उन्होंने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में शिथिलता नहीं बरतें। सभी के सहयोग से जिले का स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण करने में मदद मिलेगी। बैठक में लातेहार के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, मनिका के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन के अलावा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## यादव महासभा ने मनाया रेजांगला शौर्य दिवस



**चंदवा।** यादव महासभा के द्वारा शुक्रवार कोवयोगेंद्र यादव के आवास में प्रखंड अध्यक्ष रामचरित्र यादव की अध्यक्षता में यादव वीर शहीदों की याद में रेजांगला शौर्य दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक सतेंद्र प्रसाद यादव शामिल हुए। सबों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को याद किया। मुख्यातिथि सतेंद्र यादव ने कहा कि यादव समाज का योगदान अतुलनीय है। हमारे समाज के कई युवाओं ने देश की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की आहुति दी है। युवाओं को इन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। यादव महासभा चंदवा प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन हेतु आगामी बैठक भी निर्धारित की गई है जिसके निमित्त पंचायतवार प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम में सुरेश यादव, मनोज यादव, गजेंद्र यादव, राम नरेश यादव, प्रदीप कुमार यादव, संजय कुमार यादव, सुरेंद्र यादव, रामजी यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपभोक्ताओं से अवैध राशि की वसूली नहीं करें ऊर्जा साथी : राजदेव मेहता

**लातेहार।** सहायक विद्युत अभियंता राजदेव मेहता ने किसी भी सूरत में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपभोक्ताओं से अवैध राशि की वसूली नहीं करने का निर्देश ऊर्जा साथियों को दिया। मेहता शुक्रवार को अपने कार्यालय में उर्जा साथियों के साथ एक बैठक कर रहे थे। सहायक अभियंता ने किसी भी सूरत में नाजायज राशि नहीं देने की अपील विद्युत उपभोक्ताओं को दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई ऊर्जा साथी नाजायज राशि मांगते हैं तो उनकी सूचना उन्हें दें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में झारखंड सरकार के द्वारा सभी घरेलू उपभोक्ताओं का 100 यूनिट तक की बिजली फ्री कर दी गई है। इसका लाभ लेने के लिए मीटर का चालू अवस्था में होना आवश्यक है। उन्होंने वैसे उपभोक्ता जिनका मीटर खराब हो गया, उन्हें अपना मीटर कार्यालय से संपर्क कर लगा लेने की अपील की। बैठक में मेहता ने क्षेत्र में आ रही परेशानियों से अवगत कराने की बात ऊर्जा साथियों से कही। उन्होंने ऊर्जा साथियों को बिलिंग कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया।

### युवती के यौन शोषण मामले का आरोपी गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर योन शोषण के मामले में आरोपी जितेंद्र राम पिता लालजी राम मारंगलोइया बालूमाथ को गिरफ्तार कर लिया। अग्रतर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को उसे मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ चंदवा थाना क्षेत्र की एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला दर्ज कराया था। मामले को लेकर चंदवा थाना कांड संख्या 133 /22 के मामले दर्ज है।

### परिसदन भवन में समाजवादी पार्टी की बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**लातेहार।** समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रभारी जौनपुर के पूर्व विधायक मोहम्मद अशरद खान, प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव लातेहार परिसदन भवन में बैठक कर समाजवादी पार्टी की मजबूती पर जोर दिया गया। वहीं झारखंड प्रभारी मो. खान ने बताया कि झारखंड में नगर निकाय का चुनाव हमारे कार्यकर्ता लड़ेंगे। लोकसभा की सीटों पर मजबूती के साथ लड़ी जाएगी और विधानसभा सीटों पर भी चुनाव लड़ेगे। उन्होंने आगे कहा कि अनुसूचित जनजाति ओबीसी गरीबी के कारण लोगों के पास जमीन नहीं ह। सभी को 5 एकड़ जमीन सरकार को देनी चाहिए। जिससे इसकी गरीबी दूर हो सके। वही प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने बताया कि झारखंड में हमारी सरकार बनेगी तो यहां के लोगों को जमीन और विकास मिलेगी। इन्होंने संगठन के विस्तार पर विशेष जोर दिये। मौके पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद रमुज अंसारी, नगर अध्यक्ष मोहम्मद हसन अंसारी, अनुसूची जाति मोर्चा के गिरवर पासवान जिला अध्यक्ष बनाए गए। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रहिस अंसारी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव, सहीत समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शौर्य दिवस के अवसर पर यादव समाज ने निकाला पैदल मार्च




**लातेहार।** रेजांगला युद्ध शौर्य दिवस के अवसर पर यादव समाज के लोगों ने शुक्रवार को पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च जिला खेल स्टेडियम के बाहर मैदान से बाईपास रोड होते हुए थाना चौक से समाहरणालय तक गया। वहीं मौके पर मुख्य रूप से जिला संयोजक सुशील कुमार यादव, राजधानी प्रसाद यादव, दिलेश्वर यादव समेत लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता


पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करतीं महिला नेत्री नीलम देवी।

**लातेहार/मनिका।** लातेहार के द कार्निवल होटल व मनिका प्रखंड के पचपेड़ी चौक के समीप भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का मेदनीनगर जाने के क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, महिला नेत्री सह प्रदेश मंत्री निलम देवी व जिप अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा नेता राजधानी प्रसाद यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, महामंत्री पंकज सिंह, बंशी यादव, विष्णुदेव गुप्ता, संतोष यादव, ध्रुव पांडेय, राकेश दुबे, गणेश प्रसाद, अमित नाथ गुप्ता, रामदेव प्रसाद, मो. महताब आलम, पवन गुप्ता समेत सैकड़ो लातेहार भाजपाई व मनिका मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भाजपा के पूर्व लातेहार जिला अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव के पोते भाजयुमो मनिका मंडल अध्यक्ष अंकित राज गोलू से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। वहीं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा किया। जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री मेदनीनगर के लिए प्रस्थान किए। वहीं इसके बाद लौटने के क्रम में भी लातेहार में पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ठहरे और अपने कार्यकर्ताओं से वार्ता की। मौके पर भाजपा नेता महेश सिंह, पंकज कुमार यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा, भाजपा महामंत्री मनदीप कुमार, भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष बबन पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यालय में लगा बाजार शेड हुआ जर्जर, दुर्घटना का दे रहा है आमंत्रण



**(संजय राम) बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय मे लगने वाली सप्ताहिक बाजार का बाजार सेड जर्जर होने से दुर्घटना का आमंत्रण दे रहा है। बारियातू प्रखंड स्थित बस स्टेंड के समीप बाजार टांड में सोमवार व शुक्रवार को सप्ताह मे दो दिन बाजार लगाता है। जहां विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से बाजार करने के लिए आते हैं। बारियातू प्रखंड से नौ पंचायत के लगभग 56 गांव के मुख्य बाजार है। जहां कई तरह के सब्जी, सहित अन्य उपयोगी सामग्री खरीद बिक्री करने के लिए बाजार लगता है। बाजार समिति द्वारा कई वर्ष पूर्व बाजार शेड का निर्माण करवाया था। पिछले तीन वर्ष से बाजार शेड काफी जर्जर हो गया है। शेड का कई पिलर अर्ध रूप से टूट गया है। कई पिलरों से रड बाहर हो गए हैं साथ ही ऊपरी हिस्सा मे लगे एलवेस्टर भी क्षतिग्रस्त होने की कगार पर है। यदि ससमय बाजार शेड का मरम्मत नहीं की जाती है तो आए दिन कभी भी दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ रही है। ज्ञात हो की बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे लगभग साठ हजार से भी अधिक आबादी है। साठ हजार आबादी वाले प्रखंड की मुख्य बाजार बारियातू है। तेज आंधी बारिश मे दूर दूर से आए बाजारहारों को भय बना रहता है। मुख्यालय के बाजार शेड जर्जर होने के बाद दुर्घटना का आमंत्रण दे रहा है।

## घटिया निर्माण की खबर प्रकाशित करने के बाद कार्यपालक अभियंता का एक्शन

# जमीन की सतह से नीचे लगाये गये सभी कलवर्ट को उखड़वाया, ठेकेदार से कहा : तत्काल बनाओ







खबर का असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** अक्सर हमे घटिया निर्माण की खबरें देखने और सुनने को मिलती है, इसके बाद सिर्फ ठेकेदार को नोटिस और दिखावे की कागजी कार्रवाई करके मामला रफा दफा कर दिया जाता है। लेकिन खबर मंत्र में मामला प्रकाशित हो और प्रशासन एक्शन में ना आए ऐसा कभी हुआ नहीं। सोमवार को जमीन की सतह से नीचे बनाया जा रहा है क्लवर्ट, नहीं हो पाएगी पानी की निकासी, शीर्षक से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और जिला कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार ने मामले में एक्शन लेते हुए सड़क के नीचे दबाई गई सभी क्लवर्ट उखड़वा दी और ठेकेदार को गुणवतापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। जिसके बाद ठिकेदार द्वारा बारी-बारी से सभी क्लवर्ट को उखाड़कर जमीन की सतह से ऊपर कराया गया।

### गुणवत्ता विहीन कार्य रहा तो होगी कारवाई : ईई

मामला बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत का है। जहां लाभर से नावाडीह होते हुए अमवाटीकर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने घटिया निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत खबर मंत्र बरवाडीह के पत्रकार दीपक राज से की थी। इस शिकायत पर पत्रकार द्वारा कार्य स्थल पर पहुंचकर देखा गया कि निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा खानापूर्ति की जा रही है। जिसके बाद खबर प्रकाशित की गई और कार्यपालक अभियंता द्वारा अविलंब उखाड़ने और गुणवत्ता में सुधार लाने की हिदायत दी गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी निर्माण एजेंसी का काम गुणवत्ता विहीन रहा तो संवेदक पर कारवाई की जाएगी।

## नपं की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**लातेहार।** नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की की अध्यक्षता मे नगर पंचायत समिति की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा व अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी शेखर कुमार समेंत सभी वार्ड पार्षद उपस्थित थे. बैठक में उपायुक्त, लातेहार के न्यायालय में वाद दायर वाद संख्या 01/ 2019 में पारित आदेश प्रति वर्ग तीन रुपए निर्धारित वार्षिक होल्डिंग टैक्स लागू कराने के लिए पुनः अनुरोध करने का निर्णय गया. इसके अलावा डुरूआ में वेंडिग मार्केट निर्माण में ग्रामीणों ने विरोध किया था, इसके लिए स्थल परिवर्तन करने सरकार को स्थल परिवर्तन हेतु अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। नगर पंचायत की योजनाओं के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण तथा राजस्व वसूली में वृद्धि के लिए सरकार के द्वारा निर्धारित दर पर वाहनों को किराये पर ले कर उपयोग करने की स्वीकृति दी गयी। बैठक में काली मंदिर के पास प्रकाश मल्लान के घर से सीरा सीता चौक तक निमार्णाधीन पथ की चौड़ाई एवं मजबूती हेतु आहर में गार्ड वाल निर्माण, बंद पड़े चापाकलों की मरम्मति एवं चबूतरा निर्माण, थाना चौक के पास खाली भूमि पर टैक्सी, टेंपू पड़ाव व सब्जी मार्केट का अधिष्ठापन व राजस्व वसूली, डा निराला के घर से बरगद पेड़ तक होते हुए जायत्री नदी तक आरसीसी नाली निर्माण, होटल ब्लिस पथ से सुधीर कुमार के घर तक आरसीसी नाली व पीसीसी सड़क निर्माण, मां वैष्णव मंदिर के सामने से प्रवीण कर्ण के घर तक आरसीसी नाली व पीसीसी पथ का निर्माण व धर्मपुर मे सब्जी मार्केट के पास जर्जर दुकानों को डिमोलिश करने की स्वीकृति प्रदान की गयी. बैठक में वार्ड पार्षद प्रियंका राज, विमला देवी, जीतेंद्र पाठक, प्रमिला देवी, सुनीता भास्कर, बेबी देवी, संयुक्ता कुंवर, संतोष रंजन, वीरेंद्र पासवान, गुड़िया देवी, तरसीला कुजूर, इंद्रदेव उरांव व मुश्तरी बीबी के अलावा सहायक संतोष सिंह, तहसीलदार राजू प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

## महिला के खाते से 5800 की निकासी



**चंदवा।** प्रखंड के बोदा पंचायत अंतर्गत बीयर जंघा गांव निवासी रामलगन गंझू की पत्नी बुधनी देवी के खाते से अज्ञात लोगों के द्वारा जालसाजी कर पैसे निकासी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी बुधनी देवी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर तीन लोग उसके घर के पास आए और उससे लॉटरी में बड़ी चीज निकलने का प्रलोभन देने लगे व बाइक गाड़ी बक्सा दिलाने का लालच दिया तथा उससे उसका आधार कार्ड मंगवाया। महिला ने बताया कि उन लोगों ने जबरजस्ती कर उसका अंगूठा एक छोटे मशीन में लगवा लिया, इसके बदले में एक छोटा सोलर लाइट व एक कागज का स्लीप देकर चले गए। महिला की माने तो उसके खाते में 6000 रुपये थे। शुक्रवार को महिला ने प्रज्ञा केंद्र में आकर खाते की जांच कराई अब खाता में महज 200 बचे हैं। उसने स्थानीय प्रशासन से ऐसे लोगो के खिलाफ कड़ी कारवाई की मांग किया है।

## एक नजर में

### खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत खेलकूद आयोजित



**लातेहार।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुंडरू लातेहार में खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पूरा उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय में 50 मीटर दौड़, जलेबी दौड, म्यूजिकल चेयर रेस, बोरा दौड़ खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ब्रांस मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मोंगर संकुल समन्वयक राजेश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सह समाजसेवी वीरेंद्र कुमार, विद्यार्थी परिषद के रमेश उरांव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, सहायक शिक्षक संजीव कुमार, चंद्र प्रमोद कुमार पांडे, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सुमंती देवी, प्रदीप पासवान, रेशमा खाखा, अली उरांव, मनोज मेहता सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

### बालूमाथ प्रखंड के बालू ग्राम में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के बालू पंचायत में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लातेहार विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ ने बालू ग्राम के बरटोला, चंपा टोला, बालू बाजार टांड, बहैरा टोला, भेलवाडीह, चट्टीटांड, चन्दाबधार सहित कई टोलों का पैदल भर्मण किया। मौके पर बोलते हुए लातेहार विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान ने बताया की भारत को एकजुट करने और राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे है। इसी अभियान के तहत लातेहार जिले में भी अलग-अलग पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष एजाज खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, प्रिंस खान पूर्व मुखिया केदार सिंह, अजय भुइयां, सीताराम उरांव, जलालुद्दीन अंसारी, एनामुल खान, आबिद खान, सीटू भुइयां, पप्पन कुरैशी बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बारियातू में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन शुक्रवार को किया गया। साप्ताहिक जनता दरबार मे प्रखंड कार्यालय के क्लर्क अजय मुंडा ने बताया कि अभी तक सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना को लेकर मात्र एक आवेदन प्राप्त हुआ। इधर जनता दरबार मे प्रखंड अंचल के कोई भी अधिकारी उपस्थित नही रहने से जनता दरबार का समुचित लाभ ग्रामीण नही उठा पा रहे है।

## किसानों के बीच उत्तम क्वालिटी का चना एवं गेहूं के बीज का 90 प्रतिशत वितरण


बीज लेने के लिए किसानों की उमड़ी भीड़।

**लातेहार।** जिला कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी फसल गेहूं व चना बीज का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान बीज देने के लिए किसानों के होड़ लगी हुई है। किसान घंटों लंबी कतार में लगकर अपने बारी का इंतजार कर रहे हैं। मालूम हो कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को निःशुल्क बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। रबी फसल लेने के लिए जिले में कुल 3800 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिले में एक हजार क्विंटल गेहूं बांटने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 17 50 किसानों के बीच 750 क्विंटल गेहूं का वितरण कर दिया गया है। वहीं जिले में 125 क्विंटल चना बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 750 किसानों के बीच 60 क्विंटल चना बीज का वितरण कर दिया गया है। किसानों का रजिस्ट्रेशन जारी है। निशुल्क बीज लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

## मनिका प्रखंड में कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

- कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक
- खिलाड़ी हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलें : सुरेंद्र पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित हाई स्कूल के खेल मैदान में दिन शुक्रवार को कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शामिल हुए।मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने बैटिंग कर शुरूआती मैच का शुभारंभ किया। शुरूआती मैच सतबरवा व कुमंडीह गांव के टीमों के बीच खेला गया जिसमें सतबरवा की टीम विजेता बनी। दूसरा मैच मनिका और सिंजो के बीच खेला गया जिसमें मनिका के टीम विजेता बनी। मौके पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की ही भावना से खेलें,खेल में हमेशा हार जीत लगा रहता है इसीलिए खिलाड़ियों को कभी भी घबराना नहीं चाहिए और जमकर मेहनत करनी चाहिए ताकि अगले मैच में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन से यहां के खिलाड़ियों का खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल में अच्छा प्रदर्शन करें और अपने क्षेत्र के साथ साथ पूरे राज्य का नाम रौशन करें। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, महेश सिंह, मीना तिवारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, उमेश यादव, विश्वनाथ राय, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, विश्वनाथ पासवान, छोटू राजा, संदीप उरांव, धर्मजीत राय, दिनेश प्रसाद, अंकित राज, मनीष सिंह, अमित राय, विकास कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## धनबाद एसीबी ने कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते पकड़ा

धनबाद। फुसरो स्थित वाणिज्य कर विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर श्रवण कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो(एसीबी) धनबाद जोन के टीम ने रंगो हाथों पकड़ा। गिरफ्तार करने के बाद उसे धनबाद के जाया गया है। खुटरी निवासी लखेंद्र कुमार महतो के द्वारा कंप्लेन के आधार पर श्रवण की गिरफ्तार किया गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में नवोदय प्रीमियम लीग मैच शुरू

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार 18 नवंबर से नवोदय प्रीमियर लीग मैच का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार के द्वारा किया गया। टॉस जीतकर पहले नीलगिरी की टीम ने फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरावली की टीम ने अमित के 34 रनों के बदोलत निर्धारित 7 ओवर में 66 रन बनाए। नीलगिरी की टीम ने किशन के 25 रन की पारी से मैच जीता। नीलगिरी के किशन को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मैच में अम्पायर की भूमिका विशाल कुमार और राजेन्द्र कुमारए स्कोरर की भूमिका ऋषि राज और कैमेंटेटर की भूमिका अभय कुमार ने निभाई।

## ट्रक हाइवा ओनर एसो. करेगा श्याम भक्तों का भव्य स्वागत

धनबाद। शुक्रवार को कोयलांचल ट्रक हाईवा ओनर एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण झा के नेतृत्व में खाटू श्याम जी के ज्योति में शामिल सभी श्याम भक्तों का कतरास मोड़ के भव्य स्वागत किया जाएगा। लगातार पिछले 1 हफ्ते से संघ के सभी पदाधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं जिसमें मुख्य रुप से एसोसिएशन के समीर अग्रवाल,उमेश यादव, बबलू रवानी,कपिल सिंह,टिंकू साहू,रंजीत सिन्हा,सुनील मोदी,रवि शंकर सिंह,ब्रह्मदेव यादव आदि है।

## पूर्व विधायक को किया सम्मानित

बेरमो। शुक्रवार 18 नवंबर को मुरुबंदा स्थित आवास में माननीय राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से पेटरवार एवं ललपनिया क्षेत्र के दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की और बुके भेंट कर झारखंड समन्वय समिति में सदस्य बनने और राज्यमंत्री का दर्जा मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। पेटरवार 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माननीय राज्य मंत्री श्री महतो से भेंट कर बधाई दी। ललपनिया से भी दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राज्य मंत्री बने श्री महतो को बधाइयां दीं। कार्यकर्ताओं ने माननीय लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार भी व्यक्त किया। माननीय राज्य मंत्री श्री महतो ने कहा कि बड़ी जिम्मेवारी मिली हैए जनता की समस्याओं के समाधान और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अब दोगुनी ताकत लगाया जाएगा। मौके पर रामकिशोर ठाकुरए वाहिद अंसारीए ताहिर अंसारीए जियाउल हकए सुभानी अंसारीए मो इफ्तेखार ;पप्पूद्धए रफीकए सच्चिदानंद महतो उपस्थित थे।

## निगम व परिषद चुनाव की तैयारियों की हुई समीक्षा

बोकारो । समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने प्रस्तावित नगर निगम चासध्नगर परिषद फुसरो निर्वाचन को लेकर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों एवं संबंधित क्षेत्र के बीडीओध्सीओ एवं थाना प्रभारियों के साथ डीडीसी व एसडीओ चास की उपस्थिति में बैठक कर विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से तैयारियों की समीक्षा कीए सभी 194 मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया एवं केंद्र पर मतदान कर्मियों के पहुंचने हेतु सुगम रूट चार्ट तैयार करने को कहा। एसपी चंदन झा ने नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो क्षेत्र में लंबित वारंट तामिल करने को कहा।

# भ्रष्टाचार समाज में ले चुका है कैंसर का रूप: सीबीआइ कोर्ट

## डीजीएमएस के सर्वेयर को 5 साल कैद की सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। आय से अधिक संपत्ति रखने के 14 वर्ष पुराने मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा के कोर्ट ने धनबाद डीजीएमएस (खान सुरक्षा महानिदेशालय) डायरेक्टर ऑफिस में सर्वेयर के पद पर तैनात सुबीर कुमार पालित को पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं 33 लाख रुपए जुमार्ने से दंडित किया। इस दौरान कोर्ट ने अपने फैसले में कड़ी टिप्पणी की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा ने अपने आदेश में कहा कि भ्रष्टाचार आज समाज में कैंसर का रूप ले चुका है। सरकारी सेवक के पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार करना समाज के विरुद्ध अपराध है। इसलिए आरोपी के विरुद्ध उदार रवैया नहीं अपनाया जा सकता।

### यह है मामला

धनबाद सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने सुबीर पर आरोप लगाया था कि एक अप्रैल 2005 से 31 अक्तूबर 2008 के दौरान डीजीएमएस डायरेक्टर ऑफिस में सर्वेयर के पद पर तैनात सुबीर कुमार ने आय से अधिक कुल 32 लाख 89 हजार 384 रुपए की अघोषित संपत्ति अर्जित की। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि सुबीर के पास कार, फ्लैट के अलावा कई अन्य अघोषित संपत्ति मिली थी। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अभियोजन का संचालन सीबीआई के विशेष अभियोजक चंदन कुमार सिंह ने करते हुए कुल 22 गवाहों का परीक्षण कराया था। सबूतों और गवाहों के बयान पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा के कोर्ट ने धनबाद डीजीएमएस (खान सुरक्षा महानिदेशालय) डायरेक्टर ऑफिस में सर्वेयर के पद पर तैनात सुबीर कुमार पालित को आय से अधिक कुल 32 लाख 89 हजार 384 रुपए की अघोषित संपत्ति अर्जित करने के मामले में दोषी पाया, और पांच वर्ष सश्रम कारावास का सजा सुनाया।

## युवा यादव महासभा ने मनाया शौर्य दिवस

कतरास। शुक्रवार कै कैलूडीह में युवा यादव महासभा के बैनर तले रेजांगला शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यादव समाज के लोगों ने शहीद वीरों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने कहा कि देश के लिए अपनी प्राणों की आहुति देने में यादव समाज सबसे आगे रहता है। रेजांगला का ऐतिहासिक युद्ध कारगिल का युद्ध इसका उदहारण है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की जल्द से जल्द अहीर रेजिमेंट बनाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी आनंदी यादव जी ने किया। कार्यक्रम को सचिदा यादव, आनंद यादव, विनोद यादव, मनोज यादव जी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंदन यादव, शेरा यादव,धर्मराज यादव, डीसी यादव, ओम प्रकाश यादव,अनीश यादव, चंदन यादव, सकलदेव यादव, मधु यादव, लालू यादव,शेखर यादव, सुरेश यादव, प्रकाशी यादव संदीप यादव, रघु यादव,किशोर यादव,प्रदीप यादव, राकेश कुमार,दिनेश यादव, दयालाल यादव, रामबृक्ष यादव,शोसिल यादव,कारू यादव, मानो यादव आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### धमन भट्ठी-2 में दो नये फोर्क लिफ्ट का उद्घाटन



बोकारो। धमन भट्ठी संख्या.2 में दो नये फोर्क लिफ्ट का उद्घाटन ईडी;वर्क्सद्ध बी के तिवारी द्वारा विभाग के सीजीएम एम पी सिंहए जीएम महेन्द्र प्रसादए प्रवीण कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मियों के उपस्थिति में किया ।इन फोर्क लिफ्ट के द्वारा टुयर एवं टुयर स्टॉक इत्यादि का मुवमेंट तथा स्थानांतरण द्रुतगति से किया जाता रहा है जिससे फर्नेस का डाउनटाइम कम करने में मदद मिलती हैएपूर्व के दोनों फोर्क लिफ्ट में अनुरक्षण संबंधी जटिलताएँ आने के कारण दो नये फोर्क लिफ्ट खरीदे गये। ज्ञातव्य हो कि दोनो नए फोर्क लिफ्ट का अधिग्रहण एएमआर योजना के तहत सीजीएम ;टेक्निकल सेलद्ध अजय कुमारए जीएम ;ब्लास्ट फर्नेसद्ध बिनय कुमारए एजीएम ए वडिवेल तथा वरीय प्रबंधक ;टेक्निकल सेलद्ध आभा कुमारी के देख रेख में किया गया।

### पोंडा पंचायत में पीएम आवास के लाभुकों का कराया गया गृह प्रवेश

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड प्रशासन की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों. मोचरो निवासी पिंकी मुखर्जीए सीमन्त मुखर्जीए किरण देवीए धरनी रजवार एवं जेहराटांड़ निवासी सुमित्रा देवी एवं प्रमिला देवी का का गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर कसमार बीडीओ विजय कुमारए जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराजए स्थानीय मुखिया हारू रजवारए पंचायत समिति सदस्य रवि कुमारए ब्लॉक कॉर्डिनेटर राजीव रंजन सोरेनए पंचायत सेवक कालीपद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि 15 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रधानमंत्री आवास योजना के गृह प्रवेश का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत पूरे प्रखंड में सभी 15 पंचायतों में अलग अलग तिथि निर्धारित कर गृह प्रवेश का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मलय मुखर्जीए अचलेन्दु मुखर्जी मौजूद थे।

### प्रमंडल के आयुक्त-सह-प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बोकारो। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम .2023 को लेकर आयुक्त .सह .प्रेक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल चन्द्र किशोर उरांव ने क्रमवार 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र एवं 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्रए तेनुघाट के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्र पर उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्राप्त फॉर्म 6ए7 एवं 8 की जानकारी ली ।उन्होंने मौके पर उपस्थित कई मतदाताओं से भी बात की और उन्हें छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया ।साथ ही सम्बद्ध पदाधिकारियों को मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटानेएअन्यत्र जा चुके को चिन्हित करते हुए उनका नाम मतदाता सूची से हटाने एवं आवासन करने वाले नये मतदाताओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया।

## एसीसी मेटेरियल गेट को 14 घंटे किया जाम

### सात पर केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता




सिन्दरी। एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के ट्रक चालकों ने एसीसी मेटेरियल गेट संख्या 3 को गुरुवार की रात लगभग आठ बजे से 14 घंटे जाम रखा। इसको लेकर एसीसी प्रबंधन की ओर से गए अधिकारियों के साथ ट्रक चालकों द्वारा धक्का मुक्की को लेकर सिन्दरी थाना में सात नामजद वाहन चालकों पर केस दर्ज किया गया है।

ट्रक चालकों ने बताया कि गुरुवार की शाम एसीसी मेटेरियल गेट के समीप सिमेंट लदे बीटीसी ट्रांसपोर्ट के ट्रक चालक जलील अंसारी को छाताटाँड़ के ग्रामीणों ने जमकर धुनाई की है। इससे जलील को चोटें आईं हैं। बीटीसी ट्रांसपोर्ट सहित कई अन्य ट्रांसपोर्ट के वाहन चालकों ने बताया कि सड़क किनारे सिमेंट लदे गाड़ियों के साथ आए दिन इस प्रकार की घटना हो रही है। उन्होने एसीसी प्रबंधन से माँग की है कि उनके ठहरने, ग्रामीणों द्वारा मारपीट व ट्रक पर लदे सामानों की लूटपाट से उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। शुक्रवार की सुबह एसीसी प्रबंधन के अधिकारियों के पहुँचने पर ट्रक चालकों ने अधिकारियों के साथ धक्का मुक्की की। इससे अधिकारियों को चोटें आईं हैं। इसको लेकर एसीसी डीएमसी एक्जीक्यूटिव हरपाल मौर्या ने सिन्दरी थाना में ट्रक संख्या जिक्र करते हुए ट्रक चालकों मिथिलेश यादव, दिनेश सिंह, रणवीर सिंह, वकील सिंह, रघुवंश सिंह, सोना यादव, सत्येंद्र पर लिखित शिकायत किया है।

सिन्दरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि एसीसी प्रबंधन के अधिकारी के लिखित शिकायत पर 143, 34 व 323 धारा के तहत केस संख्या 131/22 दर्ज कर लिया गया है। जाँचोपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अनुमंडल कार्यालय के चिह्नित भूमि का डीसी ने किया निरीक्षण

चास/बोकारो। राष्ट्रीय राजमार्ग आईटीआई चास के समीप प्रस्तावित अनुमंडल कार्यालय चास के लिए चिन्हित भूमि का डीसी कुलदीप चौधरी ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।उन्होंने कार्यालय एवं अनुमंडल पदाधिकारी के लिए आवासए कर्मियों के लिए आवास के लिए चिन्हित भूमि को देखा। डीसी ने कहा कि सामने की ओर अनुमंडल कार्यालय होगा और पिछले हिस्से में अनुमंडल पदाधिकारी और कर्मियों के लिए आवास का निर्माण होगा।निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता ने बताया कि चिन्हित भूमि के बीच में वन विभाग की कुछ भूमि है। इस पर डीसी ने कहा कि वन विभाग की भूमि को चिन्हित कर प्रतिवेदन समर्पित करेंए वन विभाग से संबंधित भूमि के लिए एनओसी एवं भूमि स्थानांतरण को लेकर कागजी कार्रवाई की जाएगी।डीसी ने वर्तमान समय में संचालित अनुमंडल कार्यालय के पिछले हिस्से का भी निरीक्षण किया और जरूरी दिशा.निर्देश दिया। मौके पर एसपी चंदन झाए एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतएमुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## व्यवहार आधारित सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र के एचआरडी सेंटर में कर्मियोंहेतु व्यवहार आधारित सुरक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीजीएम ;सेफ्टी एवं फायर सर्विसेजद्ध ए झाए जीएम ;एचआरडीद्ध डी आर टोप्पोए जीएम ;टीबीएसद्ध एस के सिंहए वरीय प्रबंधक;सुरक्षा अभियंत्रणद्ध आर पी गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे। आर पी गुप्ता ने मुख्य अतिथि तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। झा ने व्यवहार आधारित सुरक्षा की महता पर प्रकाश डाला। श्रीमती टोप्पो ने प्रतिभागियों को बीबीएस को अपनाते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ कार्य करने को कहा।

## बेरमो : लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

### एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा ने प्रेस वार्ता कर गोमिया थाना कांड संख्या 118 .22 का उद्भेदन कर बताया कि 26 अक्टूबर 2022 को दोपहर लगभग 2रू30 बजे एयरटेल कंपनी का बोलेरो गाड़ी लूटा गया था। आगे बताते चले कि 26 अक्टूबर 2022 को लगभग 2रू30 कथारा छिलका पुल से पहले काली मंदिर के पास गोमिया कथार रोड किनारे ग्रे एवं लाल रंग के बिना नंबर प्लेट के टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल से मुंह ढक कर तीन व्यक्ति आए और बंदूक निकाल कर डरा धमका कर बोलेरो वाहन संख्या री10 बी डब्ल्य .7370 गाड़ी पर लदा समान और काम कर रहे लोगों का रुपए और मोबाइल लूटकर बोलेरो गाड़ी सहित तीनों लोग गोमिया की तरफ भाग गए थे। उसके बाद गोमिया थाना में जाकर केस दर्ज कराया गया था । उक्त कांड में बोकारो पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो के निदेर्शानुसार छापेमारी के लिये टीम गठन किया गया था। छापेमारी दल के द्वारा अनुसंधान एवं छापामारी करते हुए 27 अक्टूबर 2022 को ही कांड में लूट की गई बोलेरो गाड़ी एवं उसमें रखे सामानों को जप्त किया गया तथा घटना कृत अपराध कर्मियों का कुछ पता नहीं चल पाया था। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी शाखा बोकारो के मदद से संदिग्ध अपराधी अनूप नाथ देव पिता राजवीर नाथ देव ग्राम चंदना बाद थाना दुग्ध जिला बोकारो का नाम प्रकाश में आया तथा उसके अन्य साथी भी बहुत जल्द गिरफ्त आ जयेगा।

### गोली और कट्टा बरामद

दुग्ध थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से छापामारी की जा रही है। संदिग्ध अपराधी भागने में सफल रहा तथा उसके घर से इस कांड में उपयोग किया गया एवं लाल रंग का अपाची मोटरसाइकिल दो नंबर प्लेट अभियुक्त द्वारा उपयोग में किए गए मोबाइल नंबर तथा एक देशी कट्टा एएक सिक्सर एवं इसका 10 जिंदा गोली, 12 जिंदा कट्टा का गोली एवं 7 खोखाए और 4 अन्य गोली बड़ा साइज का ।एक हौंडा डीओ पीला रंग का स्कूटी नंबर री09 ए क्यू 5651 बरामद किया।

## तेलमोच्चो पैक्स प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

### प्रदीप तिवारी बने पैक्स के अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



महुदा। स्थापना काल के लगभग 22 वर्षों बाद कुंजी बस्ती का सदस्य बने तेलमोच्चो पैक्स का अध्यक्ष इससे पूर्व कुंजी के हरिप्रसाद तिवारी व श्रीपति दुबे अध्यक्ष बने थे। तेलमच्चो पैक्स प्रबंध कार्यकारिणी समिति का चुनाव गहमा-गहमी के बीच सम्पन्न हो हुआ ।चुनावी मैदान में अध्यक्ष पद पर 111 मत लाकर कुंजी निवासी प्रदीप तिवारी विजयी घोषित हुए।उनके समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया, एवं गाजे-बाजे के साथ उन्हें बाजार घुमाया ।दूसरे नंबर पर 87 मतों के साथ निवर्तमान अध्यक्ष जगदम्बा सिंह रही ।जबकि तीसरे नंबर पर 75 मतों के साथ जितेन्द्र कुमार, चौथे नंबर पर 48 मतों के साथ शंकर मोदक तथा पांचवें नंबर पर 44 मत लाकर काशी महतो रहे। व्यापार मंडल में भागीरथ सिंह, झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक प्रतिनिधि में आशा देवी तथा धनबाद डिविजनल सेन्ट्रल को-ऑपरेटिब बैंक प्रतिनिधि में धनंजय महतो चुने गए। चुनाव में कुल 418 सदस्य मतदाताओं में से 379 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इस तरह कुल 91 प्रतिशत मतदाताओं ने शांतिपुर्ण ढंग से अपना मतदान किया।

## आकाश बायजूस छात्रवृत्ति परीक्षा में 16303 छात्रों ने लिया हिस्सा

धनबाद। परीक्षाओं की तैयारी कराने के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश बायजूस की वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा के 13वें संस्करण आकाश नेशनल टैलेंट हंट एक्जाम में धनबाद शहर के 16303 छात्रों ने हिस्स लिया। इस बार इस परीक्षा के लिए देशभर से 25 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जो 2010 में एएनटीएचई की शुरूआत से अब तक सर्वाधिक है। एएनटीएचई 2022 का आयोजन देश के 24 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में ऑनलाइन माध्यम से 5 से 13 नवंबर, 2022 तक और ऑफलाइन माध्यम से 6 से 13 नवंबर के बीच किया गया।

एएनटीएचई के पिछले संस्करणों की तरह ही इस बार भी सभी श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ पांच छात्रों को अपने एक अभिभावक के साथ नासा की ट्रिप का मौका मिलेगा। टॉप रैंक वाले छात्रों को 2 लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार भी मिलेगा। परीक्षा कुल 90 अंकों की थी, जिसमें छात्रों की कक्षा एवं स्ट्रीम के अनुरूप 35 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। 7वीं से 9वीं कक्षा के छात्रों के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ और मेंटल एबिलिटी से प्रश्न पूछे गए। मेडिकल की तैयारी के इच्छुक 10वीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं मेंटल एबिलिटी के प्रश्न थे।

# नगर निगम की दशा और दिशा बदलने आयी हूं

### डॉ शिवानी लड़ेंगी मेयर का चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता



कतरास। धनबाद नगर निगम महापौर पद महिला अनारक्षित होने के बाद से ही चुनावी चर्चा जोरों पर हैं। पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा ने भी पूरी तरह से कमर कस ली थी और सबसे अधिक सक्रियता उन्हीं की देखने को मिल रही थी, लेकिन राज्य निर्वाचन आयोजन के द्वारा अधिसूचना जारी करने के बाद विजय झा पूरी तरह से निराश हो चुके थे। कार्यकताओं में भी उदासी छाई। लेकिन डॉ शिवानी झा के नाम की चर्चा होने लगी और कार्यकताओं के जोर देने पर डॉ. शिवानी ने भी मेयर चुनाव को लेकर अपनी सहमति जताई। इसकी औपचारिक घोषणा अपने आवासीय कार्यलय में डॉ. शिवानी झा ने प्रेस वार्ता के माध्यम से की। उन्होंने कहा कि धनबाद नगर निगम में एक सच्चे अच्छे और शिक्षित मेयर की जरूरत हैं और जनता की मांग पर वे चुनावी मैदान में धनबाद नगर निगम की दशा और दिशा बदलने आ रहीं हैं। वर्ष 2010 के चुनाव के बाद पूरी तरह से राजनीति से दूरी बनाते हुए केवल सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहीं। जनता के सम्मान में और उनकी आशाओं को पूरा करने के लिए यह चुनाव लड़ेंगी। अध्यक्षता केबी सहाय व संचालन बिनोद सिंह ने की।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर गौतम मंडल, शंकर चौहान, नम्रता सिंह,अनुज कुमार सिन्हा, विनय पासवान,आशुतोष पांडे, विनय सिंह, देवेंद्र सिन्हा,पप्पू केसरी, सुदाम गिरी, विठ्ठल सिंह, राजेश सिंह,विनोद चौहान, रंजन सिंह, मंगल चौहान, अरविंद सिन्हा, प्रदीप पांडे, रंजन मिश्रा, एनुअल हक, परवेज आलम, बलराम हरिजन, अनंत श्रीकृष्ण, नेहा प्रियदर्शनी, भरत सिन्हा, दीपक झा,मनोज साव, ज्ञान रंजन सिंह, राहुल सिंह, विवेक सिंह आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### एकतरफा कार्रवाई हुई ...

इसे जीतने का एक मात्र तरीका है सबका सहयोग। उन्होंने कहा कि आप सभी का आभार कि आप यहां पहुंचे। सीएम ने कहा कि गुरुवार को वह जांच एजंसी के पास गये थे। 9 घंटे तक सवाल-जवाब किया गया। हमने पूछा कि दो साल में यह घोटाला हो सकता है क्या, उन्होंने कहा कि हमने दो साल नहीं कहा।

**भाजपा अपने पापों को ठीकरा हम पर फोड़ रही है :** सीएम ने कहा कि भाजपा अपने पुराने पापों का ठीकरा वर्तमान सरकार पर फोड़ रही हैं। जांच एजेंसियों को इसे भी ध्यान में रखना चाहिए। डबल इंजन की सरकार का एक इंजन छत्तीसगढ़ की तरफ फेंक दिया गया। झारखंड की जनता भी षड्यंत्रकारियों को उठा कर बाहर फेंक देगी। सीएम ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। यहां के आदिवासी को आप दबाना चाहते हैं, पर वे दबनेवाले नहीं हैं। नेता देश छोड़कर नहीं भागते व्यापारी भागते हैं। इनके षड्यंत्र को बेनकाब करना पड़ेगा। शिबू सोरेन पर कई आरोप लगाये गये थे लेकिन वे बेदाग निकले। उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल को विभाग संभालने की जिम्मेदारी दी गयी थी, उगाही करने का अधिकार नहीं दिया गया था।

### अगर-मगर नहीं...

कुछ देश अच्छे और बुरे आतंकवाद की बात करके परोक्ष रूप से इसका समर्थन करते हैं जो पूरी तरह अनुचित है।

आतंकवाद पूरी मानवता पर खतरा

पीएम मोदी ने कहा कि इस सम्मेलन का भारत में होने का अपना महत्व है क्योंकि भारत लंबे समय से आतंकवाद को झेल रहा है। अधिकतर देशों ने इसको नजरअंदाज कर रखा था। आतंकवाद को समूची मानवता के लिए खतरा करार देते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका गरीब लोगों और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और लोगों की आजीविका समाप्त हो जाती है। आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए इसकी धन आपूर्ति के स्त्रोतों का पता लगाकर उन पर अंकुश लगाया जाना जरूरी है। इसके लिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। भारत में आतंकवाद के कारण हजारों जानें गयीं हैं, लेकिन देश ने इस चुनौती का बड़ी बहादुरी के साथ सामना किया है।

**चुनौती काफी बड़ी :** पीएम ने कहा कि बदलते समय के साथ आतंकवाद के आयाम भी बदल रहे हैं और अब यह चुनौती काफी बड़ी हो गयी है। आतंकवादी संगठन अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी वैश्विक सहयोग और एकजुटता दिखाते हुए प्रौद्योगिकी के बल पर ही इससे निपटना होगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से आतंकवादी संगठनों को की जा रही धन आपूर्ति पर अंकुश लगाने के लिए प्रौद्योगिकी का बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा, यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय एकजुट होकर आतंकवाद को होने वाली धन की आपूर्ति पर अंकुश के लिए ट्रैक, ट्रेस एंड टैकल की नीति अपनाता है तो इस पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

### धनबाद में भू-धंसान...

हावड़ा- दिल्ली मुख्य मार्ग से मात्र 300 मीटर की दूरी पर कापासारा आउटसोर्सिंग में अवैध खनन होता है। सैकड़ों की संख्या में बाहरी मजदूरों से कोयला काटवा कर आसपास के भट्ठे में भेजा जाता है। इधर ईसीएल को सूचना मिलते ही भू धसान स्थल की भरायी शुरू कर दी है।

### झारखंड के विवि...

पांच दिन कार्य दिवस को लेकर जमशेदपुर को-आपरेटिव कालेज के शिक्षकों एवं कर्मियों की बैठक प्राचार्य डा अमर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इसमें 70 प्रतिशत लोगों ने पांच दिन कार्य के प्रस्ताव के पक्ष में हस्ताक्षर किया तो 30 प्रतिशत लोगों ने इसका विरोध किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य डा. अमर सिंह ने कहा कि इसकी सूचना विश्वविद्यालय को लिखित रूप से दे दी गयी है। कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. पीके पाणि ने कहा कि सभी कालेजों से प्रतिवेदन आने के बाद इसे समेकित किया जायेगा। उसके बाद इसे लेकर सिंडिकेट बुलायी जायेगी। सिंडिकेट से प्रस्ताव पारित करा कर इसे उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### फारूक अब्दुल्ला ने नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया



**जम्मू।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अपनी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी ने दो सप्ताह में नए अध्यक्ष का चुनाव कराने का निर्णय लिया है। सूत्रों ने दावा किया है कि सर्वसम्मति से उमर अब्दुल्ला को अध्यक्ष बना दिया जाएगा।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले की सुनवाई टली

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन कुमुद लता त्रिपाठी की अदालत में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से दाखिल वाद की सुनवाई शुक्रवार को भी पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण एक बार फिर टल गई। अब इस मामले में 23 नवंबर को सुनवाई होगी। वादी के अधिवक्ता रमेश उपाध्याय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया है कि ज्ञानवापी से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई एक ही कोर्ट में हो।

### गाजा पट्टी के एक इमारत में आग से 21 की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी में देर रात एक इमारत में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में सबसे ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का नवलखा पर अपना आदेश वापस लेने से इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में मानवाधिकार कार्यकर्ता गौतम नवलखा की नजरबंदी के अपने आदेश को वापस लेने की एनआइए की गुहार शुक्रवार को ठुकरा दी। कोर्ट ने दलील ठुकराते हुए अगले 24 घंटे के भीतर कुछ अतिरिक्त सुरक्षा के साथ 10 नवंबर के आदेश पर अमल करते हुए नवलखा को जेल से स्थानांतरित कर निर्धारित स्थल पर नजरबंद करने को कहा।

### चेतन शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति बर्खास्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी20 विश्व कप 2022 की हार के बाद अध्यक्ष चेतन शर्मा सहित पूरी वरिष्ठ चयन समिति को बर्खास्त कर दिया है। टीम इंडिया को खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे माना जाता था, लेकिन सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद भारत का 15 साल बाद खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया।

## सीजेआइ बोले- कोर्ट में 13 हजार ट्रांसफर पिटीशन पेंडिंग

# सुप्रीम कोर्ट रोजाना 130 केसों का निपटारा करेंगी

### सप्लिमेंट्री बोर्ड का लोड कम करने की कोशिश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को फुल कोर्ट मीटिंग में लिए गए बड़े फैसले को सबसे साझा किया। उन्होंने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट की हर बेंच रोज 10 जमानत याचिकाओं और 10 ट्रांसफर याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। सीजेआइ चंद्रचूड़ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन के 13 हजार मामले पेंडिंग हैं।



जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि मीटिंग में मौजूद जजों ने उनसे सप्लिमेंट्री बोर्ड यानी एक्स्ट्रा वर्क लोड नहीं देने की अपील की थी। क्योंकि ये जज सुबह से 12 बजे तक लिस्टेड मामलों को निपटा रहे हैं। इसके बाद भी उनके पास 10 केस और भेजे जाते हैं। इसलिए वे पूरक बोर्ड को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

**विंटर वेकेशन से पहले सभी ट्रांसफर पिटीशन खत्म करने की कवायद**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'फुल कोर्ट मीटिंग के बाद हमने फैसला किया है कि हम हर दिन 10 ट्रांसफर पिटीशन की सुनवाई करेंगे। मौजूदा वक्त में हमारे पास 13 बेंच चल रही हैं। यानी हम रोजाना 130 मामलों और हर हफ्ते करीब 650 मामलों का निपटारा करेंगे। इस तरह विंटर वेकेशन से पहले यानी 5 हफ्तों के बाद सभी ट्रांसफर पिटीशन खत्म हो जाएंगी।'

**हर दिन जमानत के 10 केस भी निपटाए जायेंगे**

सीजेआइ ने कहा कि मैंने यह भी निर्देश दिया है कि हम जमानत के मामलों को भी प्राथमिकता देंगे। इसलिए 10 ट्रांसफर पिटीशन के बाद हर दिन 10 बेल पिटीशन भी सुनी जाएंगी। क्योंकि यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला है। फिर हम नियमित काम शुरू करेंगे।

**मास्टर ऑफ रोस्टर हैं सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़**

सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश ही कोर्ट में सुनवाई के लिए आने वाले मामलों की लिस्टिंग करते हैं। इसलिए उन्हें मास्टर ऑफ रोस्टर कहा जाता है। चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के 50वें सीजेआइ हैं।

उन्होंने पूर्व सीजेआइ यूयू ललित के रिटायरमेंट के बाद 9 नवंबर से चीफ जस्टिस का पद संभाला है। उनका कार्यकाल 10 नवंबर 2024 तक होगा।

## आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा : अमित शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आतंकवाद के वित्तपोषण को आतंकवाद से कहीं अधिक खतरनाक करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होकर इसे रोकने का आह्वान किया। शाह ने आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला विषय पर तीसरे 'नो मनी फॉर टेरर' मंत्रीस्तरीय सम्मेलन के 'आतंकवाद और आतंकवादियों को वित्त उपलब्ध कराने की वैश्विक प्रवृत्ति' विषय पर प्रथम सत्र की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने



कहा कि आंतकवाद निस्संदेह, वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा है, लेकिन उनका मानना है, टेररिज्म का वित्तपोषण, टेररिज्म से कहीं अधिक खतरनाक है, क्योंकि टेररिज्म के 'मीन्स एंड मेथड' को, इसी फण्ड से पोषित किया जाता है, इसके साथ-साथ दुनिया के सभी देशों के अर्थतंत्र को कमजोर करने का भी काम टेररिज्म के वित्तपोषण से होता है।

आतंकवाद के सभी रूपों और प्रकारों की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की जान लेने जैसे कृत्य को, उचित ठहराने का, कोई भी कारण, स्वीकार नहीं किया जा सकता है। दुनियाभर में आतंकवादी हमलों के पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमें इस बुराई से कभी समझौता नहीं करना चाहिए।

### इडी निदेशक का कार्यकाल मामले में जज कौल ने खुद को सुनवाई से किया अलग

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस के कौल ने शुक्रवार को इडी निदेशक के लिए पांच साल तक के विस्तार की अनुमति देने वाले संशोधित कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। हालांकि न्यायाधीश ने अदालत में घोषित अपने फैसले के लिए कोई कारण नहीं बताया।

### विदेश मंत्रालय का ड्राइवर गिरफ्तार पाकिस्तान भेजता था गुप्त सूचनाएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश मंत्रालय में तैनात एक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ को गोपनीय और संवेदनशील जानकारी भेज रहा था। ड्राइवर को आइएसआइ ने हनीट्रैप में फंसाया था। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर को जवाहरलाल नेहरू भवन से गिरफ्तार किया गया है। वह पाक को भारतीय विदेश मंत्रालय की खूफिया जानकारियां भेजता है, इसके बदले में उसे पैसे मिलते थे। ड्राइवर पाकिस्तान की एक महिला जासूस के संपर्क में था, उसे विदेश मंत्रालय से जुड़ी जानकारियां भेजता था। महिला बताती थी कि वह कोलकाता में रहती है। महिला का नाम पूनम शर्मा या पूजा बताया जा रहा है।

## इंदौर : भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल को जान से मारने की धमकी



**इंदौर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 23 नवंबर को मध्यप्रदेश में शुरू होगी। इससे पहले ही यात्रा के दौरान बम के धमाके करने की धमकी मिली है। इस धमकी भरे पत्र को जिस लिफाफे में भेजा गया है, उस पर भेजने वाले के तौर पर भाजपा विधायक चेतन कश्यप का नाम लिखा है। अब एक पत्र सामने आया है। उसमें लिखा है कि यदि राहुल गांधी मध्यप्रदेश में आते हैं तो उनकी यात्रा में कई जगह धमाके होंगे। इसके साथ ही सिख दंगों के लिए जिम्मेदार रहे कमलनाथ को भी गोली मार दी जाएगी।

### जनसंख्या नियंत्रण : दो बच्चों की नीति लागू कराने की मांग वाली याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए दो-बच्चे के नियम को लागू करने के लिए कदम उठाने की मांग करने वाली दलीलों पर विचार करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस मुद्दे को देखना सरकार का काम है। जन्मदर में वृद्धि के बावजूद भारत की जनसंख्या स्थिर होने के बारे में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ये ऐसा मुद्दा नहीं है जिसमें अदालत को हस्तक्षेप करना चाहिए। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि जनसंख्या कोई ऐसी चीज नहीं है जो एक दिन में रुक जाए।

## आफताब का पांच दिन में करायें नार्को टेस्ट, थर्ड डिग्री न करें : कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड में साकेत कोर्ट ने रोहिणी फॉरेंसिक साइंस लैब को पांच दिनों के भीतर आरोपी आफताब का नार्को टेस्ट कराने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर बल प्रयोग यानी थर्ड डिग्री के इस्तेमाल से परहेज करने को भी कहा है। दरअसल, आफताब मामले की छानबीन में पुलिस को लगातार गुमराह कर रहा है। यही कारण है कि पुलिस उसके हर बयान की तस्दीक कर लेना चाहती है। पुलिस ने आफताब से सच उगलवाने के लिए नार्को टेस्ट कराने की अपील



की थी। पुलिस सूत्रों का दावा है कि श्रद्धा वाकर हत्याकांड में आरोपी आफताब ने कहा है कि उसने हत्या के दिन गांजे का सेवन किया था। इस बीच जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की टीमें मुंबई, गुड़गांव, हिमाचल और उत्तराखंड का दौरा कर चुकी हैं।

## स्पोर्ट्स

### टी20 : बारिश की वजह से भारत-न्यूजीलैंड मैच रद्द



**वेलिंग्टन।** वेलिंग्टन में भारी बारिश की वजह से भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टी20 को रद्द कर दिया गया है। बारिश की वजह से टॉस भी नहीं हो सका था ऐसे में अंपायर्स ने मैच को रद्द करने का फैसला लिया। स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार-पांच घंटे तक बारिश रुकने की कोई संभावना नहीं थी। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाकर मैच को रद्द करने के फैसले पर सहमति जताई। अब भारत और न्यूजीलैंड की टीम 20 नवंबर को सीरीज के दूसरे टी20 में आमने-सामने आएंगी। यह मैच माउंट माउंगानूई में खेला जाएगा। वहीं, तीसरा टी20 नेपियर में 22 नवंबर को खेला जाएगा।

### लीग स्टेज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना जरूरी : रोनाल्डो

**दोहा।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर और छह बार के बैलन डिओर पुरस्कार विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा है कि फीफा विश्व कप 2022 का हर मैच एक संघर्ष है और उन्हें फाइनल में पहुंचने के लिये शुरूआती छह मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होगा। रोनाल्डो ने कहा, 'अगर हमें फाइनल में पहुंचना है तो हमें शुरूआती छह मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सबसे पहले हम नॉकआउट में पहुंचने का प्रयास करेंगे। हम कतर में संघर्ष करने के लिये तैयार हैं।'

### विश्व मुक्केबाजी : क्वार्टरफाइनल में पहुंचे रिदम

**ला नूसिया (स्पेन)।** भारत के युवा मुक्केबाज रिदम ने दमदार प्रदर्शन की बदौलत आईबीए यूथ विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है, जबकि यूथ एशियाई चैंपियन वंशज सहित चार मुक्केबाज प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये। रिदम ने गुरुवार को 92प्लस किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में लातविया के मिक्स बर्जिन्स के खिलाफ आक्रामक शुरूआत की।

### चमोली में गहरी खाई में गिरी बोलेरो, 12 की मौत

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। खबर आ रही है कि जोशीमठ ब्लॉक की उर्गम-पल्ला जखोला मोटर मार्ग पर बोलेरो मैक्स वाहन अचानक दुर्घटनाग्रस्त हुआ। करीब 600 मीटर गहरी खाई में गाड़ी जा गिरी। सूचना पर मौके पर जिला प्रशासन एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में गाड़ी में सवार करीब 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बोलेरो मैक्स वाहन यूके (076453) गाड़ी में करीब 16 लोग सवार थे। इस दौरान टीम ने 2 महिलाओं और 10 पुरुषों के शव को बरामद किए हैं। खाई से शवों को निकाला जा रहा है। वाहन के अंदर व आसपास भी सर्चिंग कर ली गई है।

### यूएनएससी में सुधार के लिए भारत की कोशिशें तेज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अस्थाई सदस्य के तौर पर भारत का कार्यकाल अगले महीने खत्म हो जाएगा, लेकिन इस बीच परिषद में बदलाव की कोशिशें तेज कर दी है। गुरुवार को यूएनएससी में भारत ने एक बार सुरक्षा परिषद को नये वैश्विक माहौल के मुताबिक बदलने की अपनी मांग को जोरदार तरीके से रखा। भारत ने जोर देकर कहा कि यूएनएससी में सुधार की प्रक्रिया को जितना लटकाया जाएगा, इसके प्रतिनिधित्व के प्रति लोगों का



भरोसा उतना ही कम होगा। यह बात भारत की यूएन में प्रतिनिधि रूचिरा काम्बोज ने अपने भाषण में कही।

**एक दूसरे की दावेदारी के समर्थन में चारों देश**

एक महत्वपूर्ण बात यह रही है कि भारत की तरफ से यह उद्बोधन उन चार देशों की तरफ से दिया गया जो संयुक्त राष्ट्र में सुधार के लिए एक साथ कोशिश कर रहे हैं। ये देश हैं भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील। इन्हें समूह-4 का नाम दिया गया है और सितंबर, 2022 में न्यूयार्क में ही इनके विदेश मंत्रियों की बैठक भी हुई थी। ये चारों देश एक दूसरे की दावेदारी की समर्थन करते हैं। गुरूवार को हुई इस बैठक में ब्रिटेन की यूएन में राजदूत बारबरा वूडवार्ड ने भारत समेत इन चारों देशों की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनने की दावेदारी का समर्थन किया।

### जगदानंद सिंह की जगह अब्दुल बारी सिद्दीकी बनेंगे राजद प्रदेश अध्यक्ष !

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) व उसके सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से जुड़ी बड़ी खबर है। बताया जा रहा है कि पार्टी में नाराज चल रहे बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह अंततः नहीं माने। अब उनका पद से हटना तय माना जा रहा है। सवाल यह भी है कि कौन होगा अगला प्रदेश अध्यक्ष? माना जा रहा है कि इस रेस में अब्दुल बारी सिद्दीकी सबसे आगे हैं। लालू के हनुमान माने जाने वाले भोला यादव को प्रधान महासचिव बनाए जाने की भी चर्चा है। इस बीच मीडिया के सवाल पर लालू के बेटे व बिहार सरकार में मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नए अध्यक्ष का नाम तय करेंगे। सूत्र बताते हैं कि हाल ही में जगदानंद सिंह ने दिल्ली में लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। जगदानंद सिंह की लालू यादव से लंबी बातचीत हुई।

## अनन्या पांडे के नये लुक ने फैंस को किया इंप्रेस

अनन्या पांडे बॉलीवुड की ऐसी एक्ट्रेस है जिनकी खूबसूरती के चर्चे ऐक्टिंग करियर शुरू होने से पहले ही होने लगे थी। सिर्फ ऑन स्क्रीन ही नहीं अनन्या पांडे ऑफ स्क्रीन भी बेहद खूबसूरत हैं और यह हम उनकी तस्वीरों में देख चुके हैं। उनकी खास बात यह है कि वह अपने स्टाइल से किसी को भी इंप्रेस कर सकती हैं। हाल ही में उनका ऐसा लुक सामने आया है जिसे लोग देखते ही रह गए। दरअसल बॉलीवुड एक्ट्रेस इन दिनों न्यूयॉर्क में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें कर उन्होंने सोशल मीडिया पर आग लगा दी। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा- एनवाइसी में सरावोस्की ओपन द थंडर डिनर में ऐसे भव्य, अद्भुत लोगों के साथ भाग लेने का ऐसा सम्मान मिला है। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं। तस्वीरों में देख सकते हैं कि अनन्या ब्लैक कलर के कट-आउट जंपसूट में बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। इस आउटफिट में वह अपनी परफेक्ट फिगर को जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने जहां मेकअप सिंपल रखा वहीं जूलरी हैवी कैरी की। खुलेबाल और ब्लैक पेंसिल हील्स उनके स्टाइल को और आर्कषक बना रहे हैं। उनके कॉन्फिडेंस को देख फैंस काफी इंप्रेस हो रहे हैं। इससे पहले अनन्या ने न्यूयॉर्क में बिताए अपने 48 घंटों की झलक भी शेयर की थी, जिसमें वह काफी खुश नजर आ रही थी। अनन्या का ये लुक फैशन इंस्पिरेशन की तरह है तभी तो लोग उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। फैंस के साथ-साथ स्टार्स भी उनके पोस्ट पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं।



### रविकिशन का गाना गुजरात मा मोदी छे रिलीज

भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार और गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन का गाना गुजरात मा मोदी छे रिलीज हो गया है। रवि किशन ने गुजरात चुनाव के लिए पहली बार गुजराती भोजपुरी का मिक्स रैप सांन्ग गाया है रवि किशन ने यह गाना अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया है। रवि किशन का यह गाना गुजरात में रहने वाले यूपी -बिहार के साथ गुजराती वोटर्स को ध्यान में रख कर बनाया गया। इस गाने को लेकर रवि किशन ने कहा कि गाना 'गुजरात मा मोदी छै', विकसित गुजरात की अभिव्यक्ति है। गुजरात को विकास की रफ्तार से जोड़ने में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी का योगदान की सराहना दुनिया भर में होती है। देश की जनता ने एक नहीं दो बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा को चुना और प्रधानसेवक के रूप में आम जन मानस के दिलों में बसने वाले श्री नरेंद्र भाई मोदी को चुना है। आज गुजरात में चुनाव है और जनता जानती है कि भाजपा ने गुजरात के विकास को सदैव आगे रखा है। इस म्यूजिक वीडियो में समृद्ध गुजरात की मुखर झलक है। इसके लिए मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं। गौरतलब है कि 'गुजरात मा मोदी छै' रवि किशन प्रोडक्शन से बना है, जिसे खुद रवि किशन ने गाया है। लिरिक्स मृत्युंजय का है और म्यूजिक मुन्ना मिश्रा ने दिया है।

## भारत को परिवार नियोजन के नेतृत्व में उत्कृष्टता पुरस्कार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को अंतरराष्ट्रीय परिवार नियोजन सम्मेलन में परिवार नियोजन की ह्यराष्ट्रह्न श्रेणी उत्कृष्टता पुरस्कार 2022 से नवाजा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि थाईलैंड के पटाया में आयोजित एक समारोह में भारत को आधुनिक परिवार नियोजन विधियों तक पहुंच में सुधार लाने के लिए 'परिवार नियोजन में नेतृत्व पुरस्कार -2022' प्रदान किया गया है। इसकी सराहना करते हुए मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'भारत ने परिवार नियोजन में प्रतिष्ठित उत्कृष्टता पुरस्कार



जीता। यह पुरस्कार सही जानकारी और विश्वसनीय सेवाओं के आधार पर गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन विकल्पों तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रयासों की पहचान है।'

### फुटबॉल विश्व कप के लिए जा रही पोलैंड की टीम को एफ16 लड़ाकू विमानों ने किया एस्कॉर्ट

**दोहा।** कतर में 20 नवंबर से फुटबॉल का विश्व कप शुरू होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट में दुनिया की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों का कतर पहुंचना जारी है। इसी बीच एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पोलैंड की टीम ने जब विश्व कप के लिए कतर के लिए उड़ान भरा तो एफ16 लड़ाकू विमानों ने उसे एस्कार्ट किया। मौजूदा स्थिति को देखते हुए पोलैंड ने टीम को एफ16 विमानों से सुरक्षा दी।

### यूपीएससी एनडीए रिजल्ट में बेटियों का जलवा, टॉप 3 में शामिल दो लड़कियां

**नयी दिल्ली।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने शुक्रवार को नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) और नेवल एकेडमी एग्जामिनेशन (I), 2022 के रिजल्ट का ऐलान कर दिया। इस साल एनडीए एग्जाम में रुबिन सिंह टॉपर बने हैं। वहीं, टॉप 3 में दो लड़कियां शामिल हैं। अनुष्का अनिल बोर्डे को दूसरा स्थान मिला है, जबकि वैष्णवी गोर्डे को तीसरा स्थान मिला है। कुल मिलाकर इस साल 519 उम्मीदवारों ने एनडीए एग्जाम पास किया है।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 3430175
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL
Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.
Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar- I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 | | |
| English Grammar- I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# जेपीएससी में कांडी के दो युवकों ने प्राप्त की सफलता, किया क्षेत्र का नाम रोशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यहां के दो युवाओं ने कांडी प्रखंड का नाम रौशन किया है। इन्होंने तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सहायक अभियंता सिविल का पद हासिल किया है। इनमें राजेश कुमार सिंह व जावेद आलम का नाम शामिल है। कांडी प्रखंड अंतर्गत बलियारी पंचायत के पखनाहा गांव के मूल निवासी व वर्तमान में कांडी बस्ती के निवासी सेवानिवृत फौजी मिथिलेश कुमार सिंह व गृहिणी माता संजू देवी के पुत्र राजेश कुमार सिंह ने मैट्रिक की परीक्षा राजकीयत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी से पास की थी। जबकि गोस्सनर कालेज रांची से आईएससी किया था। वहीं बंगाल कॉलेज औफ इंजीनियरिंग दुर्गापुर से बी टेक किया था। इसके बाद झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की। उन्हें झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को मोराबादी में आयोजित समारोह के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वे एक महीना के प्रशिक्षण के बाद झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में बतौर अवर प्रमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) किसी जिला में योगदान देंगे। राजेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, गुरुजन एवं हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करनेवाले परिजन व मित्रों को दिया है। इार कांडी प्रखंड अंतर्गत पतिला पंचायत के पतिला गांव के मूल निवासी संप्रति कांडी खास के रहनेवाले मो मेजाज खलीफा के पुत्र जावेद आलम भी झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर सहायक अभियंता सिविल के रुप में चयनित हुए हैं। इन्होंने भी राजकीयत प्लस टू उवि कांडी से ही 2012 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जबकि 2016 में राजकीय पोलीटेक्नीक लातेहार से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया था। वहीं बीआईटी सिंदरी से 2019 में बी टेक किया था। वर्तमान में वे जिला के बरडीहा प्रखंड में 15वें वित्त आयोग से बतौर जूनियर इंजीनियर पदस्थापित हैं। जावेद आलम का झारखंड सरकार के जल संसाान विभाग में बतौर सहायक अभियंता चयन हुआ है। इन्हें भी राज्य के स्थापना दिवस समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता व शिक्षकों को दिया है।



सफल युवक

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाडीलौंग में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** खेलो झारखंड 2022 के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाडीलौंग में खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदीश दास ने छात्र-छात्राओं द्वारा तरह-तरह के खेल जैसे दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक एवं चक्का फेंक समेत अन्य प्रकार की खेल कार्यक्रम कराया गया। जिसमें कई बच्चों ने अपने टैलेंट को दिखाते हुए विजेता बने। इस दौरान एक सौ मीटर के दौड़ में विजेता बने सलमान अंसारी संदीप कुमार पवन भुइयाँ पीयूष दास अंकित दास, पुष्पांजलि कुमारी अंजली कुमारी प्रिया कुमारी लक्ष्मी कुमारी, भाला फेक प्रतियोगिता में निरंजन कुमार पवन कुमार चंदन दास, चक्का फेक प्रतियोगिता में सोहेल अंसारी आफताब अंसारी अनिल साव समेत अन्य प्रकार के खेलों में छात्र छात्राओं ने जीत हासिल की है। सभी विजेता छात्र छात्राओं को विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं द्वारा पुरूष्कार देकर उत्साहवर्धन एवं हौसला का अफजाई किया गया। इस मौके पर शिक्षक बालकृष्ण राम राजेश राम मीनू कुमार किरण देवी मंजू देवी एवं अनिल कुमार साव समेत अन्य उपस्थित थें।




## लेपो +2 विद्यालय में खेलो प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**सिमरिया।** प्रखण्ड के लेपो प्लस 2 हाई स्कूल में खेलो प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्रबन्धन द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के छात्र छात्राएं खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा, जिला परिषद सदस्य रोहिणीदेवी, डीएसपी अशोक प्रियदर्शी,पुंडरा पंचायत के मुखिया विनोद महतो मुख्य रूप से शामिल थे। जहां बच्चों द्वारा खेल प्रतियोगिता में भाग लिया गया और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सुरेश महतो, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका के अलावे सैकड़ों की संख्या में बच्चे बच्चियां शामिल थे।



## एक नजर में

### जेई पर लगा एमबी बुक करने के नाम पर पैसा मांगने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के बुका निवासी रामशंकर मेहता ने डीडीसी को आवेदन देकर जेई प्रेमचंद गुप्ता के द्वारा एमबी बुक करने के नाम पर पैसा मांगने, अभद्र व्यवहार करने एवं एमबी बुक नहीं करने को लेकर कार्रवाई की मांग किया है। दिए आवेदन में कहा गया है कि जेई प्रेमचंद गुप्ता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण कार्य के प्रारंभ में ही एमबी बुक करने के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग किया था। जिसके बाद मैंने देने से इनकार करते हुए बीडीओ से मौखित शिकायत किया था। जिसके बाद बीडीओ ने स्थल पर जाकर जांच किए और जेई को एमबी बुक करने का आदेश दिया। बीडीओ के आदेश के बाद जेई के द्वारा एमबी बुक किया गया। अभी आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य छत ढलाई पर है लेकिन जेई के द्वारा एमबी बुक नहीं किया जा रहा है। बोलने के बाद अभद्र शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि जहां जाना है जाओ तुम्हारा एमबी बुक नहीं करेंगे।

## जिले के सभी प्रखंडों में एक साथ प्रखंड समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# समन्वय स्थापित कर क्षेत्रों में विकास को गति दें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड में किसी भी पर्यवेक्षक पदाधिकारियों का और लाइन डिपार्टमेंट के कर्मियों का प्रखंड स्तर पर उपस्थिति नहीं होने के कारण सरकार की सभी योजनाओं का पर्यवेक्षण नहीं हो पाता है की जानकारी दी गई। जिसे लेकर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे अपने अपने क्षेत्र में विकास के लिए प्रखण्ड समन्वय समिति की बैठक नियमित अंतराल पर करें। इसी के आलोक में आज एक साथ जिले के सभी प्रखण्डों में संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ प्रगति एवं उनको गति देने के लिए सभी विकास पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। विदित हो कि उपायुक्त चतरा अबु इमरान का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा संचालित सभी विकास योजनाएं ग्राम एवं पंचायत स्तर पर धरातल पर उतारी जाय। अतः इनकी समीक्षा प्रखण्ड स्तर पर भी विकास अधिकारियों की निगरानी में होनी चाहिए। उपायुक्त ने सभी जिला स्तरीय सभी विभागों को निदेश दिया है कि वे आवश्यक रूप से स्वयं या अपने प्रतिनिधि प्रखण्ड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में आवश्यक रूप से भेजे जिससे कि उनके योजनाओं का धरातल स्तर पर भी समीक्षा कर उनमें गुणात्मक सुधार किया जा सके। प्रखंड स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा के तहत संचालित योजनाएं, सरकार आपके द्वार में आये आवेदन, पेंशन,राशन, सड़क, भवन जैसे आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, सावित्री बाई फुले योजना, पशुधन योजना, रोजगार समृद्धि योजना, पेयजल, शिक्षा विभाग की योजना,स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं,समाज कल्याण आदि अनेक विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनको गति देने के लिए निर्देश दिया गया।



## ब्राउन शुगर खरीद-बिक्री के आरोप में तीन गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद ब्रिकी के आरोप में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो तस्कर और एक अन्य शामिल हैं। आरोपी सदर और वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चतरा-डोभी मुख्यमार्ग एनएच 22 पर स्थित यादव होटल के समीप से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से 27 पुड़िया में बंद 5.32 ग्राम ब्राउन सुगर, 2530 रुपया नकद, मोबाइल और तस्करी में प्रयुक्त बाईक बरामद किया गया है। डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की है। फिलहाल पुलिस आरोपी के पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले को लेकर जल्द खुलासा कर सकती है।

## वृद्धा की मौत


मृत महिला।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** अचानक बढ़ी ठंढ से कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला निवासी प्रसाद राम की 75 वर्षीया पत्नी फुलवा कुंवर की मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह की है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि ठंढ का समय चल रहा है। अत्याकि गरीबी में जीवन गुजर-बसर करने वाली फुलवा कुंवर के पास कोई गर्म कपड़ा नहीं होने के कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनििा अरुण राम ने दुखित परिजनों सांत्वना देते हुए आर्थिक मदद के रूप में एक हजार रुपया नगद प्रदान किया। मृतका अपने पीछे दो पुत्र व चार पुत्री को छोड़ गईं। मौके पर अशर्फी राम, सत्येंद्र गुप्ता, सखिचन्द राम, गुड्डू बैठा, ब्रह्मदेव राम, कर्मदेव राम, शंकर राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने स्कूल का किया निरीक्षण

## पठन-पाठन की ली जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने चंदवारा प्रखण्ड अंतर्गत हाई स्कूल गझंडी, मध्य विद्यालय बेंदी और हाई स्कूल बेंदी-2 का निरीक्षण किया। वहीं उपायुक्त श्री रंजन ने स्कूल के बच्चियों से बात-चीत कर उनके पठन-पाठन की जानकारी ली। उन्होंने सभी बच्चियों के सरकार की महत्वकांक्षी योजना सवित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बारे में बताया। वहीं उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत कक्षा 8वीं और 9वीं के बच्चियों को 2500 रूपये, कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के बच्चियों को 5000 रूपये और 18 से 19 वर्ष की आयु की किशोरी को एक मुश्त 20 हजार रूपये का अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी बच्ची इस योजना का लाभ लें।

उन्होंने शिक्षकों को कहा कि पात्रता रखने वाले सभी बच्चियों का आवेदन करते हुए क्षेत्र अंतर्गत सीधे अथवा आंगनवाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करेंगे। इसके अतिरिक्त गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट-इंपैक्ट और प्रोजेक्ट-रेल का जायजा लिया गया एवं स्कूल के प्रभारी व शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये।

# अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर पैदल मार्च का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रांतीय यादव महासभा गढ़वा के तत्वावधान में अहीर रेजिमेंट का गठन की मांग को लेकर शुक्रवर को रेजांगला शौर्य यात्रा सह श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। रामासाहू उच्च विद्यालय के मैदान से पैदल मार्च निकाल कर मझिआंव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़ होते हुए टाउन हल के मैदान में पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई।

मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, श्याम दास यादव, मुख्य संरक्षक रामवृक्ष यादव, कृष्णा कुमार यादव, त्रिपुरारी यादव, प्रांतीय यादव महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि भारत-चीन की लड़ाई में 1962 में रेजांगला में अहिरों का विशेष योगदान रहा है। इस सभा के माध्यम से हम अहीर रेजिमेंट का गठन करने की मांग करते हैं। ताकि हमारे समाज को भी देश सेवा करने का मौका मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक के रुप में प्रांतीय यादव महासभा झारखंड के प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव सहित महासचिव बालमुकुंद यादव, युवा रेजिमेंट के जिला अयक्ष ओमप्रकाश यादव, जिला युवा अध्यक्ष सोनू कुमार यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रिंकी यादव, विजय यादव, त्रिपुरारी यादव, योगेंद्र यादव, शशि यादव, सतवंत यादव, मिंटू यादव, हरिओम यादव, प्रताप यादव, लक्ष्मण यादव, योगेंद्र यादव, रामगति यादव, संतोष यादव, श्यामदेव यादव, गोपाल यादव, शंकर यादव, विमलेश यादव, मनोज यादव, जगदीश यादव, विनय यादव, अशोक यादव सहित काफी संख्या में यदुवंशी परिवार के लोग उपस्थित थे।


मार्च में शामिल यदुवंशी समाज के लोग।

## महिला घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्थित दुलहर होटल के समीप शुक्रवार की दोपहर बाईक के धक्के से केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह निवासी स्व. महेंद्र पासवान की पत्नी किसमती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीरावस्था में महिला को समाजसेवी धर्मेंद्र चौबे और नित्यानंद पाठक ने टेंपों से भवनाथपुर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर तैनात महिला चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। महिला को माथे तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आयी है।

# गरीब परिवार क्षतिग्रस्त मकान में रहने को मजबूर

## पीएम आवास का लाभ पाने से वंचित

**भवनाथपुर।** प्रदेश सरकार भले ही गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिलाकर लाभांवित कराने का दावा कर रही है, परंतु अभी भी काफी संख्या में गरीब परिवार पुराने मकानों में जान हथेली पर रखकर रहने को मजबूर हैं। भवनाथपुर क्षेत्र के बुका गांव में एक गरीब परिवार क्षतिग्रस्त कच्चे मकान में रहने को मजबूर है। भवनाथपुर प्रखंड में काफी संख्या में गरीब परिवारों के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने से वंचित हैं। पुराने कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। आवासों का लाभ पाने के लिए अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटते काटते थक चुके हैं। बुका गांव निवासी हरिवंश विश्वकर्मा की पत्नी कलावती कुंवर एवं दिमागी हालत से कमजोर अर्जुन विश्वकर्मा पुराने कच्चे मकान में परिवार के साथ गुजारा कर रहा है। मकान की दीवारों में दरारे पड़ गई है। पूर्व हुई बारिश से मकान का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।


जर्जर मकान दिखाती महिला।

# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक की गई। अध्यक्ष, जिला वन अधिकार समिति-सह-उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में यह बैठक की गई। बैठक में मुख्यतः चतरा जिला अन्तर्गत संलग्न भू -विवरणी अनुसार संबंधित ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा दिए गये वन भूमि के उपयोग हेतु अनुमण्डल वन अधिकार समिति के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा के आधार पर जिला वनाधिकार समिति चतरा द्वारा वन एवं जंगल-झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण - पत्र निर्गत करने के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक में 2 मुख्य आधारभूत संरचना को लेकर आए प्रस्तावों में से 01 प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। दो प्रस्ताव में से एक प्रस्ताव पर अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी को भू-विवरणी स्त्यापित हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। वहीं सामुदायिक वन पट्टा के मामलों को सुलझाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी आर थांगा पांडियन, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी एसपी सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास समेत रामेटाना भगत (सदस्य) सिदपा, टण्डवा, सरयु उरॉव, (सदस्य) सिंदरीवार, सिमरिया, शोभा कुजूर, (सदस्य) कल्याणपुर, टण्डवा समेत अन्य उपस्थित थे।

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए कराया गया चौथा दीप यज्ञ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के चंद्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर आगामी एक मार्च से पांच मार्च तक आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए संकल्पित 108 दीप यज्ञ की कड़ी में बकोइया गांव में सुदेश्वर पाठक के आवास पर चौथा दीप यज्ञ कराया गया। कार्यक्रम के प्रभारी कोर कमेटी के अध्यक्ष सह टोली नायक अच्युतानंद तिवारी के देखरेख में आयोजित इस दीप यज्ञ में अशोक विश्वकर्मा द्वारा कर्मकांड संपन्न कराया गया। जबकि गायत्री परिवार के युवा मंडल के जिला समन्वयक बिरेंद्र सोनी द्वारा प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नाल वादक अविनाश कुमार द्वारा सहयोग किया गया। जबकि सेवा निवृत अवर निरीक्षक बेचन राम तथा घनश्याम प्रसाद द्वारा स्वयं सेवक की भूमिका निभाई गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान अखिलेश पाठक एवं उनकी पत्नी सुजांती पाठक द्वारा पूजा अर्चना की गई। इसके पूर्व गहिड़ी गांव के वार्ड नंबर चार के वार्ड पार्षद वीना देवी, बकोईया गांव में पुष्पा कुंवर एवं बृंदा कुंवर के आवास पर दीप यज्ञ कराया गया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं द्वारा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस संबंध में टोली नायक अच्युतानंद तिवारी ने बताया कि महायज्ञ को सफल बनाने हेतु दीप यज्ञ कराने के लिए गायत्री परिवार द्वारा कई टोलियां बनाई गई है। मौके पर प्रकाश पाठक, अविनाश दुबे, रेणु पाठक, शांति देवी, निशांत मिश्र, मुनेश्वर पाठक, वीना देवी, मानसी पाठक आदित्य मिश्रा, निशु पाठक, शशि भूषण मिश्रा, रूबी देवी, सुजांति देवी उषा देवी प्रीती देवी ललिता देवी माया देवी, आर्यन पाठक सुशीला देवी, उर्मिला देवी रवि कुमार पाठक, एवं विनीत पाठक सहित अन्य कई श्रद्धालु उपस्थित थे।


दीप यज्ञ।